आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

आज
* रूप चतुर्दशी
* दक्षिणी दीपावली

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 295 | उज्जैन, शनिवार 07 नवम्बर, 2026 | कार्तिक कृष्ण 13 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

धनतेरस पर सोना-चांदी सस्ता, सोना 3 हजार घटकर 1.41 लाख पर आया

नई दिल्ली। धनतेरस पर आज सोना-चांदी दोनों की कीमतों में गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 3,106 रुपए घटकर करीब 1.41 लाख रुपए पर आ गए हैं। एक किलो चांदी 5,437 रुपए सस्ती होकर 1.81 लाख रुपए पर आ गई है। इससे एक दिन पहले सोना 1.44 लाख और चांदी 1.87 लाख रुपए पर थी। चांदी इस साल चांदी 49 हजार रुपए सस्ती हुई है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 8 हजार रुपए महंगा हुआ है। वहीं, चांदी 49 हजार रुपए सस्ती हुई है।

नेशनल कॉन्फ्रेंस ने नाराज विधायकों की ज्यादातर मांगें ठुकराई

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 25 विधायकों की ज्यादातर मांगें मानने से इनकार कर दिया है। शुक्रवार को श्रीनगर में पार्टी अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला के घर हुई बैठक में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी मौजूद थे। विधायकों ने डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी को पद से हटाने या उनसे सड़क एवं भवन निर्माण विभाग वापस लेने की मांग की थी। सूत्रों के मुताबिक, डिप्टी सीएम से आर एंड बी विभाग वापस लिए जाने की संभावना है। हालांकि, उन्हें पद से हटाने पर सहमति नहीं बनी है।

भारत में पाकिस्तान-बांग्लादेश के गैरमुस्लिमों पर सख्ती, वीजा लेना होगा

नई दिल्ली। पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न के कारण भारत आए 6 गैर-मुस्लिम समुदायों के लोगों को यहां रहने के लिए अब वीजा लेना होगा। इनमें हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई शामिल हैं। पहले इन लोगों को पासपोर्ट और वीजा, दोनों की अनिवार्यता से छूट मिली हुई थी। यह बदलाव उन लोगों पर लागू होगा, जो 31 दिसंबर 2024 या उससे पहले भारत आए थे। इनमें बिना वैध यात्रा दस्तावेजों के आए लोग और जिनके दस्तावेजों की अवधि खत्म हो चुकी है, वे भी शामिल हैं।

अभिनेता राजपाल यादव की गिरफ्तारी के निर्देश



महू कोर्ट ने मुंबई पुलिस को सौंपी जिम्मेदारी 25 लाख रुपए के चेक बाउंस का मामला

इंदौर। बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव की एक बार फिर मुश्किलें बढ़ गई हैं। 25 लाख रुपए के चेक बाउंस मामले में महू की अदालत ने उनके खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। राजपाल यादव कई बार सुनवाई के दौरान कोर्ट में पेश नहीं हुए। इससे पहले उनके खिलाफ जमानती वारंट भी जारी किया गया था, लेकिन इसके बावजूद वे अदालत में पेश नहीं हुए। इसके बाद कोर्ट ने मुंबई पुलिस को अभिनेता के खिलाफ वारंट जारी कर गिरफ्तार करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अगली सुनवाई से पहले महू कोर्ट में पेश करने के आदेश दिए हैं। यह मामला महू निवासी फिल्म फाइनेंसर प्रकाश जाजू की शिकायत से जुड़ा है। शिकायत के मुताबिक, राजपाल यादव और प्रकाश जाजू के बीच 25 लाख रुपए का लेनदेन हुआ था। इस रकम को लौटाने के लिए राजपाल यादव की ओर से बाद की तारीख के चेक दिए गए थे, जो बाउंस हो गए। प्रकाश जाजू ने जब ये चेक बैंक में जमा किए, तो खाते में पर्याप्त पैसे नहीं होने के कारण चेक बाउंस हो गए।

नैनो न्यूज

- **वाशिंगटन :** रिपोर्ट- ट्रम्प का साथ छोड़ सकते हैं विदेश मंत्री रूबियो:उपराष्ट्रपति वेंस भी दूरी बना रहे, मिडटर्म में हार के बाद रिपब्लिकन पार्टी में फूट।
- **तेहरान :** ईरान ने अमेरिका को 7 शर्तों वाला नया प्रस्ताव भेजा, कहा- ये पूरी हुई तभी बातचीत करेंगे, होर्मुज खोलने से भी इनकार।
- **नई दिल्ली :** चीन बांग्लादेश को 22 हजार करोड़ के फाइटर जेट देगा, पाकिस्तान पायलट्स को उड़ाना सिखाएगा, भारत की सीमा से 40 किमी दूर होगी ट्रेनिंग।
- **अमेरिका :** रिपब्लिकन की 50 साल में सबसे बड़ी हार, सरकार अपनी थी, चुनाव के लिए रिकॉर्ड पैसा, ट्रम्प को रोक नहीं पाए इसलिए हारे।
- **नई दिल्ली :** एसआईआर में छूटे मतदाताओं को एक और मौका, दिल्ली, महाराष्ट्र समेत 7 राज्यों के वोटर फिर नाम जुड़वा सकेंगे।
- **मुंबई:** अमिताभ बच्चन का बंगला उड़ाने की धमकी, 15 दिन में दूसरा ईमेल, स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे हाईकोर्ट में भी ब्लास्ट की बात लिखी।

फ्यूचर रिटेल के किशोर बियानी, उनके भाई राकेश बियानी और अन्य के खिलाफ सीबीआई ने कसा शिकंजा

904 करोड़ की बैंक धोखाधड़ी, कर्ज का दूसरी जगह इस्तेमाल करने का आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

सीबीआई ने 904.32 करोड़ रुपये की कथित बैंक धोखाधड़ी के मामले में फ्यूचर रिटेल के किशोर बियानी, उनके भाई राकेश बियानी और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि बैंक से मिले कर्ज का इस्तेमाल तय उद्देश्यों के बजाय दूसरी जगह किया गया।

सीबीआई ने 904.32 करोड़ रुपये की कथित बैंक धोखाधड़ी के मामले में फ्यूचर रिटेल लिमिटेड और जाने-माने कारोबारी किशोर बियानी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। साथ ही, शुक्रवार को मुंबई में उनसे जुड़े ठिकानों पर छापेमारी भी की गई। यह जानकारी एक अधिकारियों ने दी। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने इस मामले में उनके भाई राकेश बियानी के खिलाफ भी केस दर्ज किया है। यह मामला धोखाधड़ी के लिए आपराधिक साजिश रचने और 'भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम' के तहत अपराधों से जुड़ा है।

सीबीआई ने क्या बताया?

सीबीआई के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, 'सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की शिकायत पर किशोर बियानी और राकेश बियानी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इसके अलावा, इसमें अज्ञात सरकारी कर्मचारियों और अन्य अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया है। इन पर धोखाधड़ी के लिए आपराधिक साजिश रचने और 'प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट' (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) के तहत अपराध करने का आरोप है। इस वजह से शिकायतकर्ता बैंक को कथित तौर पर 904.32 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।'

किशोर बियानी पर क्या आरोप हैं?



- हालांकि कंपनी की ओर से इस पर कोई तत्काल प्रतिक्रिया नहीं मिली है। सीबीआई का आरोप है कि एसबीआई की शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और नौ बैंकों के एक कंसोर्टियम (समूह) से क्रेडिट सुविधाएं (लोन) हासिल करने के लिए आपराधिक साजिश रची थी।
- बयान में कहा गया है कि फ्यूचर रिटेल कई तरह के रिटेल फॉर्मेट चलाती थी, जिनमें बिग बाजार, फैशन बिग बाजार और फूडहॉल जैसे हाइपरमार्केट और सुपरमार्केट शामिल थे। इसके अलावा, कंपनी अपने स्टोर के जरिए एफएमसीजी और फैशन के सामानों की जनरल ट्रेडिंग भी करती थी। सीबीआई का आरोप है कि कंपनी ने बैंक से मिले फंड का इस्तेमाल उन उद्देश्यों के लिए नहीं किया, जिनके लिए इसे मंजूर किया गया था।

एफआईआर कब दर्ज हुई?

- बयान में कहा गया है, 'यह भी आरोप है कि कंपनी ने अपनी सहयोगी कंपनियों या उससे जुड़ी अन्य इकाइयों के जरिए फंड को दूसरी जगह भेज दिया (डायवर्ट कर दिया), जिससे बैंक को नुकसान हुआ।' एजेंसी ने 4 नवंबर को एफआईआर दर्ज की और मुंबई में कई जगहों पर तलाशी अभियान चलाया।'
- सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया, 'तलाशी के दौरान जांच से जुड़े अहम दस्तावेज बरामद किए गए और उन्हें जब्त कर लिया गया।' उन्होंने कहा कि इस कथित साजिश की पूरी गहराई तक जाने, इसमें शामिल सभी लोगों (सरकारी कर्मचारियों और निजी व्यक्तियों सहित) की भूमिका का पता लगाने और लोन के फंड का आखिर में कहां इस्तेमाल हुआ, इसका पता लगाने के लिए जांच चल रही है।

दिल्ली के साकेत कोर्ट के पास कार शोरूम में भीषण आग

कई कार जलकर राख, सात लोग घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली के सैदुलाजाब इलाके में शुक्रवार को किआ कार के एक शोरूम में भीषण आग लगने से कई वाहन जलकर खाक हो गए और सात लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि इमारत में फंसे करीब 12 से 15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

उप जिलाधिकारी (एसडीएम) लक्ष्य सिंघल ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है और इमारत के अंदर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि वहां कोई अन्य व्यक्ति फंसा तो नहीं है या किसी की मौत तो नहीं हुई है।

सिंघल ने कहा कि दोपहर करीब 3.45 बजे हमें सूचना मिली कि मेट्रो स्टेशन के सामने स्थित किआ शोरूम में आग लग गई है। अग्निशमन विभाग, पुलिस और अन्य एजेंसियों को तत्काल मौके पर भेजा गया। एसडीएम और थाना प्रभारी (एसएचओ) भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि हादसे में सात लोग घायल हुए हैं। इनमें से चार को मैक्स अस्पताल और तीन को मदन मोहन मालवीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



सीढ़ियों के सहारे बचाए गए 12 से 15 लोग

सिंघल के अनुसार, इमारत से करीब 12 से 15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। ऊपरी मंजिलों पर फंसे लोगों को निकालने के लिए आसपास की इमारतों के सहारे सीढ़ियां लगाई गईं। बचाव अभियान में स्थानीय लोगों ने भी मदद की। उन्होंने कहा कि फिलहाल किसी की मौत की सूचना नहीं है। किसी के हताहत होने की आशंका को खारिज करने के लिए इमारत की तलाशी ली जा रही है।

मौके पर पहुंची थीं 10 दमकल की गाड़ियां

उन्होंने बताया कि बचाव अभियान में अग्निशमन विभाग, पुलिस, राजस्व विभाग, दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए), एंबुलेंस सेवाओं और कैट्स की टीमें शामिल हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा को दोपहर करीब 3.47 बजे आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद शुरूआत में दमकल की 10 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। आग पर काबू पाने के लिए दिल्ली पुलिस और अग्निशमन विभाग की कई टीमों को तैनात किया गया।

ओडिशा में भूस्खलन से 7 की मौत, 6 लोग लापता

यूपी के 20 शहरों में कोहरा, 5 ट्रेन कैंसिल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

यूपी में ठंड बढ़ने लगी है। शुक्रवार सुबह लखनऊ, बाराबंकी, महराजगंज, श्रावस्ती और संभल समेत 20 शहरों में कोहरा छाया रहा। मिर्जापुर में कोहरे के चलते 5 ट्रेनें अगले 3 महीने के लिए कैंसिल कर दी गईं।

ओडिशा के गंजाम जिले के पहाड़ी गांव में गुरुवार को भूस्खलन के बाद 5 और शव मिले। इसके साथ ही मरने वालों की संख्या 7 हो गई। हादसे के बाद से 6 लोग अब भी लापता हैं। ये लोग 28 अक्टूबर को आए चक्रवात अर्नब के बाद हुए भूस्खलन में दब गए थे। मौसम विभाग ने तमिलनाडु के कांचीपुरम, तिरुवन्नामलाई समेत



10 जिलों में हल्की से मध्यम बारिश का अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक, 6 नवंबर रात 1 बजे तक इन जिलों में कुछ जगहों पर बारिश हो सकती है। इधर, दीवाली से पहले हवा की गुणवत्ता खराब होने पर दिल्ली-एनसीआर में ग्रेप-।।। लागू किया गया है। यानी नया कंस्ट्रक्शन, तोड़फोड़, खुदाई, प्लास्टर, टाइल्स का काम - सब बंद रहेगा। इसके अलावा, बाहर से आने वाले पुराने ट्रक और डीजल गाड़ियों की दिल्ली में एंट्री बैन रहेगी।

सांवरिया सेठ के दर्शन कर लौट रहे परिवार की कार खाई में गिरने से 3 की मौत, 6 घायल

एजेंसी ▸▸ भीलवाड़ा

राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में शुक्रवार को चित्तौड़गढ़-कोटा नेशनल हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हो गई। मांडलगढ़ क्षेत्र के मेनाल के पास पानी के टैंकर से टकराने के बाद एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी। हादसे में महिला श्रमिक समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य लोग घायल हो गए। जानकारी के



अनुसार, कार में सवार लोग सांवरिया सेठ के दर्शन करने के बाद कोटा की ओर लौट रहे थे। मेनाल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर ओवरब्रिज निर्माण का काम चल रहा है। इसी दौरान सड़क के एक तरफ पानी का टैंकर खड़ा था।

शरद पवार और प्रफुल्ल पटेल की अस्पताल में मुलाकात

एजेंसी ▸▸ मुंबई

एनसीपी प्रमुख शरद पवार और अजित पवार गुट के नेता प्रफुल्ल पटेल के बीच गुरुवार को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में करीब डेढ़ घंटे तक बातचीत हुई। शरद पवार और प्रफुल्ल पटेल 10 नवंबर के बाद मुंबई में फिर मुलाकात कर चर्चा करेंगे।

पटना में पुलिस मुठभेड़ में 3 कथित शूटरों की मौत

20 मिनट तक चली गोलीबारी, एसएचओ भी घायल, अस्पताल में परिजनों का हंगामा

एजेंसी ▸▸ पटना

बिहार की राजधानी पटना में शुक्रवार तड़के पुलिस और कथित अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई। शेरपुर गंगा घाट के पास हुई इस घटना में तीन आरोपी गोली लगने से घायल हो गए। अस्पताल ले जाने के दौरान तीनों की मौत हो गई। मुठभेड़ के दौरान मनेर थाना प्रभारी रजनीश कुमार भी गोली लगने से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए



अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पटना के एसएसपी कार्तिकेय शर्मा के अनुसार, मुठभेड़ शुक्रवार सुबह करीब 4.30 बजे शुरू हुई और लगभग 20 मिनट तक दोनों तरफ से गोलीबारी होती रही। पुलिस का दावा है कि आरोपियों ने टीम पर 24 राउंड गोलियां चलाईं, जिसके जवाब में पुलिस ने 18 राउंड फायरिंग की। पुलिस के मुताबिक, मुठभेड़ में राजा शर्मा, बबलू कुमार यादव और जेपी यादव घायल हुए थे। तीनों को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। पुलिस का दावा है कि तीनों पेशेवर शूटर थे और सुपारी लेकर हत्या की वारदातों को अंजाम देते थे।

सेंसेक्स 80 हजार पार, 1718 अंक चढ़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

दुनियाभर के बाजारों में गिरावट के बीच शुक्रवार को सेंसेक्स 1718 अंक या 2.17% चढ़कर 81,028 के स्तर पर बंद हुआ। 8 महीने बाद ये 80 हजार के पार पहुंचा है। वहीं निफ्टी में 494 अंक या 2.01% की तेजी रही, ये 25,030 के स्तर पर बंद हुआ है। कल



बाजार में साल की दूसरी बड़ी बढ़त रही थी। सेंसेक्स 2009 अंक चढ़कर 79310 पर बंद हुआ था। इससे पहले 8 अप्रैल को सेंसेक्स 2,946 अंक चढ़ा था। विदेशी निवेशकों ने पिछले 7 दिनों में 32,210 करोड़ रुपये का बड़ा निवेश किया है, जिससे घरेलू शेयर बाजार को जबरदस्त सपोर्ट मिला है।

बलूच आर्मी ने कमांडर इन चीफ को निकाला

एजेंसी ▸▸ क्वेटा

बलूच लिबरेशन आर्मी के कमांडर-इन-चीफ बशीर जेब को पद से हटा दिया गया है। बशीर जेब ने पाकिस्तान में कई बड़े हमलों की साजिश रचकर पहचान बनाई थी।

बलूचिस्तान में हथियारबंद लड़ाकों के साथ बशीर जेब के वीडियो वायरल हुए तो उनकी तुलना फिल्म 'धुरंधर' के किरदार हमजा अली मजारी से होने लगी। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि पाकिस्तानी सेना के खिलाफ नाकाम ऑपरेशन और महिला आत्मघाती हमलावरों के इस्तेमाल को लेकर संगठन में



उनके खिलाफ नाराजगी बढ़ रही थी। बीएलए ने 3 नवंबर को प्रेस रिलीज जारी कर बताया कि बशीर जेब अब संगठन के कमांडर-इन-चीफ नहीं रहेंगे। यह बयान बलूचिस्तान पोस्ट में प्रकाशित हुआ था।


अमेरिकी शेयर बाजार में 18 महीने की सबसे बड़ी गिरावट

नैस्डैक 5.5% टूटा, मार्केट वैल्यू 236 लाख करोड़ घटी

एजेंसी ▸▸ न्यूयॉर्क

अमेरिकी शेयर बाजार में 18 महीने की सबसे बड़ी गिरावट आई है। गुरुवार को नैस्डैक 5.5%, डाउ जोन्स 3.4% और एस एंड पी 500 इंडेक्स 4.3% तक टूट गए।

इस गिरावट की वजह से एक दिन में अमेरिकी बाजार की मार्केट वैल्यू 2.5 ट्रिलियन डॉलर यानी करीब 236 लाख करोड़ रुपए घट गई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस गिरावट के लिए मिडटर्म इलेक्शन और डेमोक्रैट्स को जिम्मेदार ठहराया है। एआई सेक्टर में सख्त नियमों की चर्चा और भारी बिकवाली के कारण निवेशकों को यह नुकसान हुआ है। नैस्डैक इंडेक्स में पिछले 18 महीने और एस एंड पी 500 इंडेक्स में अप्रैल 2025 के बाद से एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट आई है।



एनवीडिया का शेयर करीब 10% गिरा

टेक शेयरों वाले नैस्डैक कंपोजिट में इस करेक्शन यानी गिरावट में दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी एनवीडिया का शेयर करीब 10% गिरा है। इसके साथ ही नैस्डैक अपने हाल ही में बनाए ऑल-टाइम हाई से 10% नीचे आ गया है, जिससे यह ऑफिशियली 'करेक्शन टेरिटरी' में पहुंच चुका है।

ट्रम्प ने मिडटर्म इलेक्शन और डेमोक्रैट्स को जिम्मेदार ठहराया

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बाजार में इस गिरावट के लिए मिडटर्म इलेक्शन और 'डेमोक्रैट्स' को जिम्मेदार ठहराया है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा कि इलेक्शन के नतीजों की वजह से स्टॉक मार्केट ने इतिहास के सबसे बुरे दिनों में से एक का सामना किया है। ऐसा देखना बेहद दुखद है, हमें उस स्तर तक पहुंचने में बहुत मेहनत लगी थी जो पहले किसी ने नहीं देखा था, और फिर यह हुआ। इसलिए आपके रिटायरमेंट फंड घट गए हैं। याद रखें, यह रिपब्लिकन की वजह से नहीं, बल्कि डेमोक्रैट्स की वजह से हुआ है। हालांकि डरें नहीं, हम जल्द ही किसी न किसी तरह से पहले से भी बड़े और मजबूत होंगे।



महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

आधुनिकता के समावेश का श्रवणकुमार

देश में एक और जेन-जी का प्रचलन चल पडा है। जिस युवा को देखो जेन-जी बनने कहलाने और उसी सोच को व्यक्त करने में आगे बढ़ रहा है। इस दौर में आकस्मिक रूप से इंदौर रोड के सहारे एक आधुनिकता के समावेश का श्रवणकुमार शहर में दौड़ता हुआ आता है और अपनी मां के लिए ईश्वर के समक्ष की गई मन्नत की पूर्ति के लिए अवंतिकानाथ के समक्ष हाजरी देकर उनके प्रति श्रद्धा आस्था जताता है। समाज में जहां रिश्तों में शुन्यता की स्थिति एवं जिम्मेदारियों में नैतिकता का अभाव युवा पीढ़ी में एक नहीं अनेक जगह देखा जा रहा है वहां यह प्रकरण अपने आप में ही ध्यान खिंचता है।
आधुनिकता के समावेश वाले श्रवणकुमार ने जो बताया वह अपने आप में ही दिल ही नहीं दिमाग तक असर करता है। मां के मांसाहारी होने की स्थिति में सालों पहले उसके गले में मछली का कांटा फंस गया और वह बिमार हो गई। उसकी स्वस्थता के लिए श्रवणकुमार ने आशुतोष भगवान से प्रार्थना करते हुए मन्नत मांगी। मां के ठीक होने पर श्रवणकुमार मन्नत पूर्ति करने के लिए निकला तो अर्थ अभाव में पिता ने रोका लेकिन फिर भी वह मन्नत पूर्ति के लिए दौड़ते हुए 4 धाम एवं 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन को निकल पड़ा। पिछले 236 दिनों में आधुनिक श्रवणकुमार ने 2 धाम एवं 8 ज्योर्तिलिंग के दर्शन कर भगवान के प्रति मां के स्वस्थ होने का धन्यवाद अदा करते हुए आस्था एवं विश्वास के साथ श्रद्धा प्रकट की है। आधुनिकता में सिमटे हुए जेन-जी ने उसे श्याम वर्ण होने पर ब्लेक पैंथर का नाम दे दिया जो कि कदापि ऐसे कार्यों में संलिप्त युवाओं के लिए नहीं उचित नहीं कहा जा सकता है। एक जानवर के काम और आचरण से एक धर्मधारी की तुलना ठीक नहीं कही जा सकती है। इस श्रवणकुमार की सोच देखों बकौल आधुनिक श्रवणकुमार- युवाओं को संदेश देते हुए कहा - नशा छोड़ो। अगर नशा करना है तो माता-पिता को खुश करने का, देश और धर्म के लिए कुछ करने का नशा रखो। खुसूर-फुसूर है कि धर्म की बात करने वाले एवं सत्य सनातन की स्थापना का ज्ञान पेलने वाले समाज के लिए सनातन की सोच से ओतप्रोत ऐसे युवाओं को प्रेरक माना जाना और इन्हें आइडियल के रूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। आधुनिकता का श्रवणकुमार कुछ नहीं तो युवाओं को अपने माता-पिता के सम्मान एवं उनके प्रति कर्त्तव्य का पाठ तो पढ़ा ही रहा है।

नैनो न्यूज

- **चामुंडा माता** मंदिर में स्वर्गीय बाबूलाल जी राठौर की स्मृति में होगा भोजन प्रसादी का आयोजन
- **उत्तराध्ययन** सूत्र के जरिए समझा संयम, त्याग और वैराग्य का संदेश
- **चौदस व दीपावली** की रात चक्रतीर्थ श्मशान में सजेगी तांत्रिक वेदी, मध्यरात्रि 12 बजे से प्रारंभ होगी अघोर-कापालिक साधना
- **स्टेट बैंक** की मनमानी से परेशान पेंशनर्स ने रिजर्व बैंक को लिखा पत्र
- **कंठाल** पर निजी दीवार व नाली से मूर्ति हटाने की मांग, अतिक्रमणकारियों पर अवैध वसूली और सट्टा चलाने के आरोप, निगम कर चुका है दीवार का स्वामित्व सत्यापन, फिर भी लकड़ी का तख्ता रखकर किया कब्जा, बुद्धिजीवी वर्ग ने जताया विरोध
- **लगातार** आठवें वर्ष बस्तियों में बांटी खुशियां, महिलाओं को साड़ियां और बच्चों को दिए पटाखे, समाजसेवी जयसिंह यादव ने विक्रम नगर सहित अन्य क्षेत्रों में जरूरतमंदों को बांटे अनाज और मिठाई के पैकेट
- **दीपावली** से पहले सड़कों से हटे धूल व सीवरेज मलबा, वायु प्रदूषण मापने के लिए लगें यंत्र, पटाखों के कंपन से उड़ेगी धूल, शहर में छाएगा अंधकार व बढ़ेगा प्रदूषण
- **धनतेरस** पर महाकाल का विशेष पूजन, देश और प्रदेश के कल्याण की प्रार्थना, पुरोहित समिति के निर्देशन में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ अभिषेक, अधिकारियों ने सपरिवार की सुख-समृद्धि की कामना

ऋषि सांदीपनि आश्रम परिसर स्थित कुण्डेश्वर महादेव के गर्भगृह में धनकुबेर मंदिर में विशेष पूजन

वर्ष में एक दिन गर्भगृह में आम श्रद्धालुओं को दर्शन की सुविधा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ऋषि सांदीपनि आश्रम परिसर स्थित कुण्डेश्वर महादेव के गर्भगृह में धन के देवता कुबेर की अतिप्राचीन मूर्ति है। वर्ष में एक दिन धनतेरस को आमजन इस मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश कर धन के देवता की विधिपूर्वक पूजन कर पाते हैं।

दिनभर श्रद्धालु धन के देवता को करते रहे प्रसन्न- वर्ष में एक दिन ही धनकुबेर की पूजन करने का सौभाग्य आम श्रद्धालु को मिलता है इसलिए धनतेरस की प्रातः से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। मंदिर के पुजारी पं. शिवांग व्यास ने दैनिक अवंतिका को बताया कि धनतेरस को सुबह धनकुबेर की प्रतिमा को पंचामृत स्नान कराया गया इसके पश्चात षणोपचार पूजन धार्मिक विधि से संपन्न हुई। कुबेर देव को इस अवसर पर विशेष वस्त्र पहनाकर आकर्षक श्रृंगार किया गया। भगवान की नाभि को ढंकने का विधान नहीं है क्योंकि मान्यता है कि कुबेरदेव की नाभि में यदि धनतेरस पर इत्र और देशी घी का लेपन कर कामना की जाती है तो वह अवश्य पूरी होती है। इस अवसर पर भक्त कुबेरदेव के दर्शन करके घी व इत्र का दान भी करते हैं। दूर-दूर से श्रद्धालु कुबेरदेव के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचे और रात्रि तक भक्तों का तांता लगा रहा। धनकुबेर का ये मंदिर बहुत ही अद्भुत व अनोखा है।







लगभग एक हजार वर्ष पुरानी है प्रतिमा

कुण्डेश्वर महादेव मंदिर के अंदर धनकुबेर की मूर्ति बहुत ही सुन्दर है। मूर्ति में धनकुबेर के चार हाथ हैं जिसमे दो हाथों में धन की पोटली है और एक हाथ में सोमपात्र व एक हाथ अभय मुद्रा में है। मूर्ति मे नाभि स्पष्ट नजर आती है। मंदिर में धनकुबेर के अलावा श्रीबालाजी, वामनदेव, श्रीनारायण व भगवान श्रीकृष्ण की गुरूमाता सुमुखी देवी की भी मूर्तियां हैं।

मालवा में पाए जानेवाले बेसाल्ट से निर्मित है मूर्ति

कुबेरदेव की प्रस्तर प्रतिमा अतिप्राचीन है और अनुमानतः एक हजार वर्ष पुरानी है। मूर्ति मालवा में पाए जानेवाले बेसाल्ट प्रस्तर से बनी हुई है। बेसाल्ट को ही भूरा बलुआ पत्थर भी कहा जाता है। कुबेरजी की मूर्ति परमारकालीन है। उस समय के शिल्पी ने इसे बहुत ही शिद्दत से गढ़ा है।

डॉ. रमण सोलंकी, पुरातत्व वेत्ता।

नाभि में इत्र लगाने का विधान

धनकुबेर का ये मंदिर अतिप्राचीन है। धार्मिक मान्यतानुसार धनतेरस पर धनकुबेर की पूजा की जाती है। धनतेरस के एक दिन पूर्व कुबेरदेव का अभिषेक पूजन होता है। धनतेरस के पावन दिन विशेष पूजनोपरांत श्रद्धालु कुबेरदेव की नाभि में इत्र व घी के लेपन कर प्रार्थना करते हैं। सुख समृद्धि की कामना हेतु भक्त दूर-दूर से कुण्डेश्वर महादेव मंदिर आते हैं।

पं. शिवांग व्यास, कुण्डेश्वर महादेव मंदिर।

ब्यूटी पार्लरों में मेकअप कराने के लिए महिलाओं की रहेगी भीड़

आज नरक चतुर्दशी, महिलाएं सोलह श्रंगार करेगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धनतेरस के बाद दूसरा त्योहार रूप चतुर्दशी होगा। इसे नरक चतुर्दशी और काली चौदस भी कहते है। रूप चतुर्दशी का हर महिला को बेसब्री से इंतजार रहता हैं। आज महिलाएं सोलह श्रंगार करेंगी। जिसके चलते आज सुबह से ही ब्यूटी पार्लर में मेकअप कराने के लिए महिलाओं की भीड़ लगेगी। रूप चतुर्दशी एक ऐसा दिन होता है, जब महिलाएं खुद की केयर करने के साथ आराम करती हैं। इस दिन महिलाएं अपनी खूबसूरती में चार चांद लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ती हैं। श्रृंगार के लिए आठ से 10 दिन पहले ही ब्यूटी पार्लर पर बुकिंग शुरू हो गई थी। धनतेरस के बाद दूसरा त्योहार रूप चतुर्दशी आता है। इसे नरक चतुर्दशी और काली चौदस भी कहते है। इस वर्ष इस पर्व पर किए जाने वाला अकाल मृत्यु के भय से मुक्ति के लिए दीपदान, कालरात्रि पूजन और रूप सौंदर्य के लिए अभ्यंग स्नान अलग-अलग दिन होगा।



ज्योतिर्विदों के अनुसार इस पर्व पर यमराज के साथ भगवान कृष्ण और मां काली का भी पूजन किया जाता है। ज्योतिर्विद पंडित चंदन श्याम नारायण व्यास गुमानदेव हनुमानगढ़ी के गादीपति ने बताया की कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि आज 7 नवंबर को सुबह 10.33 मिनट से शुरू होगी जो कि 8 नम्बर को सुबह 10.49 बजे तक रहेगी। ज्योतिर्विद पंडित चंदन श्यामनारायण व्यास ने आगे बताया कि शनिवार की पूरी रात्रि चतुर्दशी तिथि रहने से यह दिन और भी विशेष बन रहा है।



रूप चतुर्दशी का है पौराणिक महत्व

पौराणिक मान्यता के अनुसार नरकासुर नाम के राक्षस ने अपनी शक्ति से देवताओं, ऋषि मुनियों और 16 हजार 100 कन्याओं को बंधक बना लिया था।नरकासुर के अत्याचारों से दुखी होकर साधु और देवता श्रीकृष्ण के पास पहुंचे। तब भगवान कृष्ण ने सत्यभामा की मदद से नरकासुर राक्षस का वध कर कन्याओं को मुक्त कराया।
इसी खुशी में कार्तिक मास कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को नरक ह्यचतुर्दशी मनाने की परंपरा शुरू हुई। इस दिन शाम के समय घर के मुख्यद्वार पर यम के नाम का दीपक जलाया जाएगा। रूप चतुर्दशी को छोटी दिवाली भीं कहते हैं क्यो की इस दिन से घर के बाहर दीपक लगना शुरू हो जाते हैं।

आज के दिन दीपदान करने से यम की यातना नहीं देखना पड़ती है

उज्जैन में रामघाट पर स्थित यमराज धर्मराज के मंदिर पर जाकर दीपदान करना चाहिए अन्यथा दक्षिण दिशा में तिल के तेल के दिये लगाकर भी यमराज को प्रसन्न किया जा सकता है। इस दिन दीपदान करने से यम यातना नहीं देखना पड़ती है।

ब्यूटी पार्लर पर लगेगी महिलाओं की भीड़

शहर के फ्रीगंज स्थित मोनालिसा ब्यूटी पार्लर की संचालिका सोनिया सहगल ने बताया कि धनतेरस के बाद और दिवाली के ठीक पहले रूप चतुर्दशी का त्योहार आता है। इस दिन महिलाएं अपनी खूबसूरती को बढ़ाने के लिए बदलते परिवेश के साथ अपने आप को सुंदर बनाने के लिए ब्यूटी पार्लर आती हैं और अलग-अलग प्रकार के मेकअप करवाती है। इस दिन ब्यूटी पार्लर पर महिलाओं की अच्छी खासी भीड़ लगेगी।


शहरवासियों को मिले दो रास्तों के विकल्प से आवागमन होगा सुगम



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पुराने शहर को फ्रीगंज से जोड़ने वाले ब्रिज के फ्रीगंज छोर पर अब वाहन चालकों को आवागमन के लिए दो रास्तों का विकल्प मिलेगा। प्रशासन ने पूर्व उपप्रधानमंत्री बाबू जगजीवनराम की प्रतिमा वाले कॉर्नर को चौड़ा कर यहां यातायात के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध कराई है।

ब्रिज से उतरने के बाद एक रास्ता सीधे ग्रांड होटल के सामने से टावर की ओर जाएगा, जबकि दूसरा रास्ता बाबू जगजीवनराम की प्रतिमा की तरफ मुड़कर लक्ष्मी बेकरी के सामने से इंदिरा गांधी चौराहे तक पहुंचेगा। इसी मार्ग से रंभा भवन होते हुए माधव क्लब रोड की ओर भी जाया जा सकेगा। कॉर्नर के चौड़ा होने से अब वाहन चालकों को अलग-अलग दिशाओं में जाने के लिए बेहतर विकल्प मिलेंगे। इससे इस क्षेत्र में यातायात का दबाव कम होने और आवागमन अधिक सुगम होने की उम्मीद है।



धनतेरस पर 40 लाख रुपए के नोटों से सजा गजलक्ष्मी माता का दरबार

भक्तों द्वारा दिए गए 500, 200 और 100 रुपए के कड़क नोटों से किया गया अनूठा श्रृंगार, 501 लीटर दूध से हुआ माता का अभिषेक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धनतेरस के अवसर पर शहर के प्राचीन एवं प्रसिद्ध गजलक्ष्मी मंदिर में माताजी के गर्भगृह का अनूठा श्रृंगार किया गया। इस बार गज लक्ष्मी मंदिर के गर्भगृह को करीब 40 लाख रुपए के नोटों से आकर्षक रूप से सजाया गया, जिसे देखने के लिए धनतेरस की सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी।

मंदिर में 500, 200 और 100 रुपए के नए एवं कड़क नोटों का इस्तेमाल कर आकर्षक सजावट की गई। नोटों से फूल, गुलदस्ते और वंदनवार तैयार किए गए। भक्तों द्वारा दिए गए इन नोटों से माता का दरबार सजाया गया। इस अनूठे श्रृंगार को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। शुक्रवार सुबह से शुरू हुआ दर्शन का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा।

श्रद्धालुओं को बरकत के प्रतीक के रूप में पीले चावल और कौड़ियों का वितरण किया। गजलक्ष्मी मंदिर के मुख्य पुजारी अवधेश शर्मा ने बताया कि धनतेरस पर सुबह 8 बजे गज लक्ष्मी माता जी का 501 लीटर दूध से अभिषेक किया गया। इसके बाद माता जी का विशेष श्रृंगार कर आरती की गई। दिनभर श्रद्धालुओं को बरकत के प्रतीक के रूप में पीले चावल और कौड़ियों का वितरण किया गया।

पुजारी अवधेश शर्मा के अनुसार, मंदिर की सजावट में इस्तेमाल किए गए 40 लाख रुपए के नोट भक्तों द्वारा दिए गए हैं। विशेष बात यह है कि श्रृंगार में उपयोग किए गए नोट बिल्कुल नए और कड़क हैं। श्रृंगार के बाद इन नोटों को वापस श्रद्धालुओं को लौटा दिया जाएगा। धनतेरस पर माता के इस विशेष श्रृंगार के दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया।



जिला स्तरीय बैठक

उज्जैन। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के अंतर्गत जिला स्तरीय मातृ एवं शिशु मृत्यु समीक्षा बैठक का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विक्रम रघुवंशी के निर्देशन में कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला उज्जैन में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जितेन्द्र सिंह राजपूत की अध्यक्षता में किया गया।











दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

न्यूज ब्रीफ

पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों से छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

इंदौर। मध्यप्रदेश शासन के पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा पिछड़ा वर्ग के पात्र विद्यार्थियों को विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2026-27 के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक पात्र विद्यार्थी विभागीय पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थियों को योजना की पात्रता, शैक्षणिक योग्यता, आवश्यक दस्तावेज एवं अन्य निर्धारित शर्तों का विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध विज्ञप्ति के माध्यम से भली-भांति अवलोकन करने की सलाह दी गई है।

जिले के 12 गो पालकों का हुआ पुरस्कार के लिये चयन

इंदौर। प्रदेश में आयोजित गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार प्रतियोगिता के परिणाम घोषित कर दिये गये है। इसके अनुसार इंदौर जिले के 4 वृंदावन ग्रामों के 12 गो पालकों का चयन पुरस्कार के लिये किया गया है। चयनित गो पालकों को प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपए,द्वितीय पुरस्कार 50 हजार रुपए तथा तृतीय पुरस्कार 25 हजार रुपए का दिया जायेगा। जिले के चयनित वृंदावन ग्राम बनेड़िया के बालाराम रामचंद्र, को प्रथम, अमित सुरेश पटले को द्वितीय तथा राहुल हरिराम चौधरी को तृतीय पुरस्कार के लिये चयनित किया गया है। इसी तरह वृंदावन गांव दतोदा के अलकेश छोटे लाल पटेल को प्रथम, नारायण भीमा उज्जीवाल को द्वितीय तथा धर्मेन्द्र लक्ष्मीनाराण गौड़ को तृतीय, रंगवासा के दिनेश नंदकिशोर को प्रथम, धर्मेन्द्र बद्रीलाल को द्वितीय तथा राहुल छगनलाल को तृतीय पुरस्कार के लिये चयनित किया गया है।

साइलेज निर्माण के लिये दी जायेगी आर्थिक मदद

इंदौर। एल-नीनो एक जलवायु संबंधी घटना है, जिसके प्रभाव से मानसून की स्थिति प्रभावित होने तथा कुछ क्षेत्रों में सूखे एवं अत्यधिक गर्मी की परिस्थितियां निर्मित होने की आशंका रहती है। ऐसी परिस्थितियों में पशुओं के लिए हरे चारे की उपलब्धता में कमी की आशंका है। दुग्ध उत्पादन एवं पशुपालन की आर्थिक स्थिति प्रभावित नहीं हो इस संभावित चुनौती से निपटने के लिए साइलेज निर्माण एवं भंडारण एक प्रभावी वैज्ञानिक तकनीक है। संयुक्त संचालक पशुपालन एवं डेयरी इंदौर संभाग डॉ. मनीष इंगोले ने पशुपालकों से अपील की है कि वे हरे चारे की उपलब्धता के समय पर्याप्त मात्रा में साइलेज तैयार कर सुरक्षित भंडारण करें। उन्होंने बताया कि साइलेज हरे चारे को वायु रहित अवस्था में किण्वन प्रक्रिया द्वारा संरक्षित करने की विधि है।

शीतकाल में बीमारी बचाव के लिए बरतें सावधानियां



इंदौर। शीतकाल में वायु के घनत्व में वृद्धि के कारण वायु प्रदूषण का प्रभाव बढ़ने तथा इससे संबंधित स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होने की आशंका रहती है। इसे ध्यान में रखते हुए भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी हेल्थ एडवाइजरी के अनुसार आमजन को शीतकाल में विशेष सावधानियां बरतने की सलाह दी गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि थोड़ी सी सतर्कता और सावधानी अपनाकर शीतकाल में वायु एवं ध्वनि प्रदूषण से होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं से बचा जा सकता है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निदेशों का पालन करें। उन्होंने बताया कि शीतकाल में बहुत सुबह एवं देर रात को खुले वातावरण में दौड़ना, जॉगिंग करना एवं अन्य शारीरिक व्यायाम करने से बचना चाहिए। घरों में भोजन पकाने के लिए लकड़ी, कोयला, गोबर के कंडे, उपले एवं केरोसिन का उपयोग नहीं करना चाहिए। इसके स्थान पर प्रदूषण रहित गैस अथवा विद्युत चालित स्टोव का उपयोग करना बेहतर है। इसी प्रकार घरों को गर्म रखने के लिए लकड़ी एवं कोयले वाली अंगीठियों का उपयोग नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे कार्बन मोनोऑक्साइड गैस का निर्माण हो सकता है, जो जानलेवा साबित हो सकती है।

नैनो न्यूज

- **मिठाई कारोबार पर खाद्य विभाग की कार्रवाई-** देवास में न्यू स्वदेशी स्वीट्स पर कार्रवाई करते हुए 10.5 क्विंटल मावा और मिठाइयां नष्ट कराई गईं। खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई से मिठाई कारोबारियों में हड़कंप मचा।
- **सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग उठाई-** आगर जिले को सूखाग्रस्त घोषित नहीं करने पर विधायक विपिन वानखेड़े ने स्थानीय विधायक और जिला प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए किसानों की परेशानी उठाई।
- **स्मैक तस्करी में दो आरोपी गिरफ्तार-** सुसनेर में पुलिस ने 30.07 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई में बाइक और नकदी सहित लगभग 3.80 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की गई।
- **कृष्णमृग संरक्षण अभियान बना चर्चा का विषय-** शाजापुर में कृष्णमृग और नीलगायों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के अभियान में 1200 से अधिक वन्यजीवों का रेस्क्यू किया गया।
- **एक्सप्रेसवे हादसे में नकदी जेवर बरामद-** रतलाम में एक्सप्रेसवे पर जीएसटी अधिकारी की कार पुल से नीचे गिरकर पलट गई। हादसे में पत्नी और दो बच्चे घायल हुए, कार से 54.50 लाख नकदी और जेवर मिले।

भीड़ की निगरानी के लिए रेलवे स्टेशन पर फेस रिकग्निशन सिस्टम वाले स्मार्ट कैमरे लगाए जा रहे हैं

सिंहस्थ 2028: उज्जैन स्टेशन पर एआई से होगी निगरानी

दूसरे जिले या राज्यों से फरारी काटने के लिए आने वाले फरार बदमाशों की पहचान करके तुरंत अलर्ट भेजा जा सकेगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन शहर में सिंहस्थ की तेजी से तैयारियां चल रही है। सिंहस्थ 2028 के दौरान रेलवे स्टेशन पर लाखों श्रद्धालुओं और यात्रियों की आवाजाही बढ़ने की संभावना है। ऐसे में स्टेशन पर बदमाशों पर नजर रखने, भीड़ के दबाव, धक्का-मुक्की और भगदड़ जैसी स्थिति से निपटने के लिए रेलवे तकनीक का सहारा ले रहा है।

अब स्मार्ट कैमरों की मदद से कंट्रोल रूम में बैठे सुरक्षाकर्मी यह देख सकेंगे कि स्टेशन के किस हिस्से में भीड़ बढ़ रही है और कहां यात्री फंसे हुए हैं। किसी प्लेटफॉर्म, प्रवेश द्वार या रास्ते पर यात्रियों का दबाव बढ़ते ही वहां अतिरिक्त जवान भेजकर व्यवस्था संभाली जा सकेगी। इस व्यवस्था का फायदा उन परिवारों को भी मिल सकेगा, जिनके बच्चे या परिजन भीड़ में बिछड़ जाते हैं। कैमरों में लगी फेस रिकग्निशन सिस्टम तकनीक से गुमशुदा बच्चों और परिजनों को तलाशा जा सकेगा। इसके अलावा पुलिस के रिकॉर्ड में दर्ज वांछित अपराधियों का चेहरा कैमरे में कैद होने पर सिस्टम कंट्रोल रूम को अलर्ट भेजेगा। इससे स्टेशन पर संदिग्ध गतिविधियों पर भी नजर रखी जा सकेगी। रेलवे ने स्टेशन के इंटीग्रेटेड सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम के तहत फेस रिकग्निशन सिस्टम सक्रिय कर दिया है। प्रमुख स्थानों पर एफआरएस तकनीक वाले बुलेट कैमरे लगाए जा रहे हैं। इन कैमरों को मुख्य सुरक्षा कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है, जहां सुरक्षाकर्मी 24 घंटे निगरानी करेंगे। सिंहस्थ को देखते हुए इंदौर और उज्जैन स्टेशन पर मिलाकर 800 से ज्यादा कैमरे लगाए जा रहे

भगदड़ होते ही पहुंचेगी सुरक्षा टीम

सिंहस्थ के दौरान स्टेशन पर श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ने से प्लेटफॉर्म और प्रवेश-निकास द्वारों पर दबाव बढ़ सकता है। इसलिए कैमरों से मिलने वाली लाइव तस्वीरों के आधार पर कंट्रोल रूम तत्काल स्थिति का आंकलन कर सकेगा। जहां यात्रियों की भीड़ ज्यादा होगी या आवागमन बाधित होगा, वहां आरपीएफ, जीआरपी और रेलवे कर्मचारियों को भेजा जाएगा। इससे यात्रियों को परेशानी से बचाने और आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही दूसरे जिले या राज्यों से फरारी काटने के लिए आने वाले फरार बदमाशों की पहचान करके तुरंत अलर्ट भेजा जा सकेगा।



सिंहस्थ के बाद ही होगा उज्जैन स्टेशन का कायाकल्प

उज्जैन रेलवे स्टेशन का कायाकल्प किया जाना है, मगर सिंहस्थ पूर्व इसका काम खत्म नहीं हो पाता, इस कारण इसे सिंहस्थ 2028 के बाद ही किया जाएगा। सिंहस्थ को लेकर उज्जैन में सभी व्यवस्थाएं जुटाई जा रही हैं। खासतौर पर होल्डिंग एरिया बनाए जा रहे हैं। जहां एक साथ करीब 40 हजार से ज्यादा लोगों को रखा जा सकेगा। यह होल्डिंग एरिया प्रयागराज से भी बड़ा रहेगा।

110 स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी- सिंहस्थ के दौरान अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग रेलवे की ओर से किया जाएगा। सिंहस्थ 2016 में प्रतिदिन 20 लाख से अधिक यात्रियों का उज्जैन स्टेशन पर आवागमन हुआ था। जबकि अन्य संसाधनों से करीब पांच करोड़ लोग आए थे। सिंहस्थ 2028 में पांच गुना श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। जिसको लेकर पूरी तैयारी की जा रही है। रेलवे इसके लिए 110 सिंहस्थ स्पेशल ट्रेनों को चलाएगा।

व्यापारियो ने कहा- दीपावली पर धंधा बिगाड़ा

मेट्रो स्टेशन के लिए छोटा गणपति क्षेत्र में रोक दिया रास्ता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के छोटा गणपति क्षेत्र में मेट्रो के अंडरग्राउंड स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए मेट्रो प्रोजेक्ट के अधिकारियों ने सड़क बंद कर खुदाई शुरू करवा दी। स्थानीय व्यापारियों ने इसका विरोध करते हुए दीपावली के त्योहार का हवाला दिया। जिस मार्ग को बंद किया गया है, वहां सड़क किनारे फुटपाथ पर महिलाएं दीपावली के दीये और पूजन सामग्री की दुकानें लगाती हैं। इन महिलाओं ने भी एकत्र होकर रास्ता बंद करने का विरोध किया, लेकिन मेट्रो प्रोजेक्ट के अधिकारियों ने उनकी मांग पर ध्यान नहीं दिया।

व्यापारी शेखर गिरी ने कहा कि मल्हारगंज और छोटा गणपति शहर के पुराने व्यापारिक क्षेत्र हैं। दीपावली जैसे बड़े त्योहार पर मार्ग बंद करना समझ से परे है। निर्माण कार्य करने वाली ठेकेदार एजेंसियां दूसरे शहरों की हैं।

उनके कर्मचारी शहर की तासीर और यहां के व्यापारिक माहौल को नहीं समझते। यही वजह है कि दीपावली के समय ही सड़क बंद कर दी गई। इससे त्योहार के दौरान कारोबार प्रभावित होगा। गुरुवार को ही कई ग्राहकों को रास्ता बंद होने के कारण वापस लौटना पड़ा। व्यापारियों का कहना है कि सड़क की खुदाई का काम त्योहार के बाद भी किया जा सकता था।

90 मीटर तक बन चुकी टनल

इंदौर के एयरपोर्ट क्षेत्र में अंडरग्राउंड मेट्रो का काम करीब डेढ़ महीने पहले शुरू हुआ था। इसके लिए जमीन से लगभग 20 मीटर नीचे खुदाई करने वाली टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस मशीन का नाम नर्मदा रखा गया है। अब तक करीब 90 मीटर लंबी टनल बनाई जा चुकी है। अंडरग्राउंड मेट्रो के तहत अगले दो वर्षों में करीब आठ किलोमीटर लंबा भूमिगत रूट तैयार किया जाना है। इसके लिए शहर में तीन स्थानों पर अंडरग्राउंड स्टेशन का निर्माण कार्य भी शुरू हो चुका है।

2024 से शुरू हुआ विरोध का यह सिलसिला

मेट्रो का विरोध पहली बार तब सामने आया, जब विधानसभा चुनाव के समय कनाड़िया रोड पर व्यवसायी संगठनों ने एलिवेटेड ट्रैक के खिलाफ प्रदर्शन करना शुरू किया। मामले ने तूल पकड़ा तो जनप्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि यहां ऊंचाई वाला कॉरिडोर नहीं बनने दिया जाएगा। जून 2024 में विरोध बढ़ने पर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने काम रोकने और वैकल्पिक रूट तलाशने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कनाड़िया रोड पर मेट्रो का काम धीमा पड़ गया।



मध्य क्षेत्र में दुकानदार भी उतरे विरोध में कनाड़िया रोड के बाद विरोध की आंच शहर के बाजारों तक पहुंची। 56 दुकान क्षेत्र में व्यापारियों ने एलिवेटेड ट्रैक और स्टेशन लोकेशन को लेकर खुला मोर्चा बनाया। सबसे पहले इसका विरोध कोठारी मार्केट एसोसिएशन ने किया था। व्यावसायिक संपत्तियों के अधिग्रहण के विरोध में ज्ञापन सौंपे।

बालाघाट को 9 दिन बाद मिला एसपी...मलय जैन की पोस्टिंग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

बालाघाट में नए पुलिस अधीक्षक की पदस्थापना कर दी गई है। राज्य सरकार ने 2017 बैच के आईपीएस अधिकारी मलय जैन को बालाघाट का नया एसपी बनाया है। वे अभी पुलिस मुख्यालय भोपाल में सहायक पुलिस महानिरीक्षक (एआईजी) के पद पर पदस्थ हैं। उन्हें एसपी के साथ सेनानी, हॉक फोर्स बालाघाट का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। दरअसल, नौ दिन पहले राज्य सरकार ने बालाघाट के तत्कालीन एसपी आदित्य मिश्रा का तबादला कर उन्हें देवास पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी थी। उनके स्थानांतरण के बाद से बालाघाट में नए एसपी की नियुक्ति का इंतजार था। अब सरकार ने मलय जैन की पदस्थापना के आदेश जारी कर इस पद को भर दिया है।

मलय जैन पुलिस मुख्यालय भोपाल में सहायक पुलिस महानिरीक्षक के रूप में काम कर रहे थे। नई पदस्थापना के तहत उन्हें बालाघाट जिले की पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही सेनानी, हॉक फोर्स बालाघाट का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। गृह विभाग ने आईपीएस अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंपने के आदेश जारी किए हैं। इसके तहत 2007 बैच के आईपीएस अधिकारी सचिन कुमार अतुलकर, पुलिस महानिरीक्षक चंबल जोन मुरैना को वर्तमान जिम्मेदारी के साथ पुलिस महानिरीक्षक, एसएएफ ग्वालियर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

धार्मिक मान्यता है कि तामसिक भोज्य पदार्थों से दीपावली के तीन चार दिन दूरी बनाकर रखना चाहिए

दीपावली विशेष.... खाने में प्याज व लहसुन से बनाएं दूरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दीपावली का त्योहार केवल एक दिन का नहीं है अपितु पूरे पांच दिवस तक उल्लास व उमंग से मनाया जाता है। धनतेरस से भाई दूज तक मनाया जानेवाला ये महापर्व धन व संपदा की देवी लक्ष्मी को समर्पित त्योहार है। मां लक्ष्मी को भला कौन प्रसन्न करना नहीं चाहेगा। धनतेरस से लेकर अमावस्या तक तीन दिन काफी महत्वपूर्ण होते हैं। धार्मिक मान्यतानुसार इन तीन दिन मां लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं और जिस घर मे स्वच्छता व शांति होती है लक्ष्मी वहां वर्षपर्यत निवास करती हैं।

तीन दिन तक हमें अपने खान-पान का भी विशेष ध्यान रखना होता है। धनत्रयोदशी के दिन से लेकर दीपावली तक घर के रसोईघर मे तामसिक सब्जियां वर्जित होती हैं। धनतेरस, रूपचौदस व दीपावली इन तीनों मे ये सब्जियां हमे नहीं खाना चाहिए। धर्म के अनुसार ये तीन तामसिक सब्जियां हैं लहसुन, प्याज व मूली। तीव्र गंध वाले लहसुन व प्याज का छौंक रसोईघर मे भूलकर भी न लगाएं। इनकी गंध मां लक्ष्मी को पसंद नहीं और जिस घर से इस तरह की गंध आती है ,मां लक्ष्मी उससे दूर चली जाती हैं।



पौराणिक मान्यतानुसार समुद्रमंथन के दौरान जब अमृतकलश को लपकने देव व दानवों मे संघर्ष हो रहा था तब राक्षस ने देवताओं का मायावी रूप धारण करके अमृत की बूंद चख ली तब विष्णु भगवान ने सुदर्शन चक्र से राक्षस का वध किया जिससे उसके शीश से राहु व धड से केतु की उत्पत्ति हुई। इस समय रक्त की कुछ बूंदे पृथ्वी पर गिर गई जिससे तीव्र गंध वाले प्याज व लहसुन की उत्पत्ति हुई। चूंकि दोनो सब्जी ही दानव के रक्त से पैदा हुई इसलिए उनकी प्रकृति तामसिक है। तीसरी सब्जी मूली भी तामसिक मानी गई है जो जमीन के अंदर अंधकार के बीच रहकर वृद्धि करती है और सात्विक नहीं है। ऐसी धार्मिक मान्यता है कि तामसिक भोज्य पदार्थों से दीपावली के तीन चार दिन दूरी बनाकर रखना चाहिए। पूजन पाठ मे तामसिक पदार्थ निषेध हैं। धनतेरस का दिन लक्ष्मीजी को खुश करने का है अतः घर मे सात्विक खाद्यान्न बनाएं और देवी को अर्पित करके स्वयं खाएं।

देवी लक्ष्मी की उत्पत्ति जल से हुई है अतः जल मे उत्पन्न होनेवाले मखाने उन्हें विशेष प्रिय हैं। धनतेरस पर मखाना की खीर अवश्य बनाएं और देवी लक्ष्मी को अर्पित करके खाई जाए तो लक्ष्मीजी प्रसन्न होती हैं और घर मे सुख समृद्धि बनी रहती है।

लीजधारकों से लीजरेंट एवं कम्पाउंडिंग फीस वसूली के निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

संभागायुक्त एवं इंदौर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष भास्कर लाक्षाकार की अध्यक्षता में आज इंदौर विकास प्राधिकरण कार्यालय में विकास कार्यों एवं विभिन्न शाखाओं के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में संभागायुक्त श्री लाक्षाकार ने प्राधिकरण की योजनाओं के अंतर्गत बकाया लीजरेंट एवं कम्पाउंडिंग फीस की वसूली सहित संपत्तियों के व्ययन और लंबित न्यायालयीन प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की। संभागायुक्त श्री लाक्षाकार ने निर्देश दिए कि प्राधिकरण की समस्त योजनाओं में जिन लीजधारकों पर लीजरेंट एवं कम्पाउंडिंग फीस की राशि बकाया है, उन्हें तत्काल नोटिस जारी कर सूचित किया जाए। साथ ही, लीज की शर्तों के उल्लंघन एवं नियमानुसार लीज निरस्तीकरण की कार्रवाई के संबंध में संबंधित लीजधारकों को सूचना पत्र जारी किए जाएं, ताकि निर्धारित समय-सीमा में बकाया राशि की वसूली सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने प्राधिकरण की सभी योजनाओं में व्ययन योग्य रिक्त संपत्तियों की जानकारी संकलित करने तथा उनके व्ययन की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने कहा कि प्राधिकरण की संपत्तियों के विक्रय को गति देने के उद्देश्य से शीघ्र ही प्रॉपर्टी मेला आयोजित किया जाए, जिससे इच्छुक लोगों को उपलब्ध संपत्तियों की जानकारी मिल सके।

युवाओं को साधने निकली भाजपा में युवा नेतृत्व पर ही पेच

जेन-जी को लुभाने वाला चेहरा तलाश रही कांग्रेस पार्टी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कांग्रेस के छात्र और युवा अभियानों की बढ़ती र सक्रियता ने प्रदेश भाजपा संगठन को भी नई रणनीति बनाने के लिए मजबूर कर दिया है। पार्टी अब जेन-जी और कॉलेजों के युवाओं के नबीच अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती है, लेकिन इस मुहिम के सामने सबसे बड़ी चुनौती एक ऐसे युवा चेहरे की तलाश है, जो छात्रों को केवल संगठन से जोडने के बजाय उन्हें पार्टी की विचारधारा से भी प्रभावित कर सके।

दिलचस्प यह है कि युवाओं को जोडने की तैयारी कर रही भाजपा अपने संगठन में है। ही युवा नेतृत्व को लेकर अब तक किसी एक नाम पर सहमति नहीं बना पाई है।

पार्टी ने इसके लिए लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान को माध्यम बनाने की तैयारी की है। इसके जरिए युवाओं और विद्यार्थियों के बीच कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें पार्टी की विचारधारा से जोडने की योजना है। दिल्ली में जेन-जी आंदोलन और राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम में युवाओं की भागीदारी को देखते हुए भाजपा इसे राजनीतिक चुनौती के रूप में देख रही संगठन चाहता है कि अभियान के लिए ऐसा चेहरा सामने आए, जिसकी अपनी पहचान हो और जिसके नाम पर युवा स्वत-कार्यक्रमों से जुड़ें। युवा चेहरे की तलाश को लेकर पिछले दिनों भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के बीच चर्चा भी हुई। इसमें कुछ विधायक वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। बैठक में कुछ नामों के सुझाव आए, लेकिन वरिष्ठ नेताओं के बीच किसी एक नाम पर सहमति नहीं बन सकी। नेताओं का मानना है कि केवल संगठनात्मक पद या राजनीतिक पहचान के आधार पर युवाओं को आकर्षित नहीं किया जा सकता।

नियुक्तियों में खींचतान से अटकी संगठन की रफ्तार

युवाओं को जोडने की रणनीति के बीच भाजपा की दूसरी परेशानी संगठनात्मक नियुक्तियां हैं। प्रदेश से लेकर जिला और मंडल स्तर तक कई पद लंबे समय से खाली हैं। पार्टी के नए प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देव ने अपने पहले भोपाल दौरे में 30 अक्टूबर तक नियुक्तियां पूरी करने का लक्ष्य दिया था, लेकिन तय समयसीमा के बाद भी स्थिति में खास बदलाव नहीं आया। सूत्रों के मुताबिक, नियुक्तियों में देरी की बड़ी वजह स्थानीय नेताओं के बीच तालमेल की कमी और अपने समर्थकों को पद दिलाने की कोशिशें हैं। वरिष्ठ नेताओं, कुछ मंत्रियों और सांसदों के बीच भी कई नियुक्तियों को लेकर एकराय नहीं बन पा रही है। युवा मोर्चा की स्थिति भी चुनौतीपूर्ण है। प्रदेश के 13 जिलों में अब तक अध्यक्षों की नियुक्ति नहीं हो सकी है। वहीं, कुछ जिलों में विवादित कार्यकताओं को जिम्मेदारी दिए जाने के बाद विरोध के स्वर भी उठ रहे हैं।

दीपावली बाद संगठन की बड़ी बैठक पर नजर

इन लंबित मामलों को सुलझाने के लिए दीपावली के बाद भोपाल में संगठन की बड़ी बैठक प्रस्तावित है। इसमें प्रदेश, जिला और मंडल स्तर पर रिक्त पदों के साथ मोर्चा-प्रकोष्ठों की नियुक्तियों पर विचार होगा। इसके बाद कोर ग्रुप की बैठक में अंतिम निर्णय लिए जाने की संभावना है।

निगम-मंडलों में भी राजनीतिक नियुक्तियों की तैयारी - संगठनात्मक नियुक्तियों के साथ निगम, मंडल, प्राधिकरण और आयोगों में खाली पदों को भरने का मुद्दा भी बैठक के एजेंडे में रहेगा। माना जा रहा है कि संगठन की सहमति के बाद राज्य सरकार राजनीतिक नियुक्तियों की प्रक्रिया आगे बढ़ाएगी।

इसके लिए संभावित नामों की सूची नए सिरे से तैयार किए जाने की चर्चा है। कुल मिलाकर भाजपा के सामने दोहरी चुनौती है। एक तरफ कांग्रेस के युवा अभियानों का राजनीतिक जवाब देने के लिए जेन-जी में लोकप्रिय चेहरा चाहिए, तो दूसरी तरफ संगठन के भीतर पदों को लेकर चल रही खींचतान खत्म करनी है।

चेक बाउंस पीड़ितों को बड़ी राहत

आरोपी बरी हुआ तोहाई कोर्ट के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

चेक बाउंस के मामलों में शिकायतकर्ता के लिए महत्वपूर्ण कानूनी राहत सामने आई है। अब चेक बाउंस के मामले में आरोपित के बरी होने पर शिकायतकर्ता पीड़ित पक्षकार के रूप में सीधे सेशन कोर्ट में अपील कर सकेगा। इसके लिए उसे पहले की तरह हाई कोर्ट से विशेष अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं होगी।

मप्र हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने उज्जैन के एक मामले में यह व्यवस्था स्पष्ट की है। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के न्याय दृष्टांत का हवाला देते हुए याचिकाकर्ता को 60 दिन के भीतर संबंधित सेशन कोर्ट में अपील करने की स्वतंत्रता दी है। मामला उज्जैन के न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की कोर्ट से जुड़ा है। वर्ष 2019 में चेक बाउंस का एक मामला दर्ज हुआ था। नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट की धारा 138 के तहत दर्ज इस मामले में कोर्ट ने 12 अगस्त 2024 को परिवाद निरस्त करते हुए आरोपित को बरी कर दिया था। इस फैसले को चुनौती देते हुए परिवादी ने हाई कोर्ट का रुख किया था।

सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट में सुप्रीम कोर्ट के सेलिस्टियम फाइनेंशियल बनाम ए. ज्ञानसेकरन मामले में दिए गए फैसले का उल्लेख किया। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि चेक बाउंस होने से आर्थिक नुकसान उठाने वाला शिकायतकर्ता भी कानून की नजर में पीड़ित है। इसलिए उसे आरोपित के बरी होने के विरुद्ध अपील का अधिकार है। इसके लिए धारा 378(4) के तहत हाई कोर्ट से विशेष अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है। न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी ने शिकायतकर्ता को आदेश की प्रति मिलने से 60 दिन के भीतर संबंधित सेशन कोर्ट में अपील की स्वतंत्रता दी है।

न्यूज कालम



लियो क्लब खंडवा ने दीपावली पर बच्चों के साथ बाँटी खुशियाँ, गौशाला में की गौसेवा

खंडवा। दीपावली के पावन पर्व के अवसर पर लियो क्लब खंडवा द्वारा केशव धाम में सेवा एवं सहयोग का सराहनीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत क्लब के सदस्यों ने केशव धाम में निवासरत बच्चों के साथ दीपावली की खुशियाँ साझा करते हुए उन्हें मिठाई, नमकीन एवं चॉकलेट वितरित कीं। उपहार पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी और मुस्कान देखने को मिली। इस अवसर पर लियो सदस्यों ने केशव धाम स्थित गौशाला में भी गौसेवा करते हुए गायों को सब्जी-भाजी एवं गुड़ वितरित किया। क्लब सदस्यों ने सेवा कार्य के माध्यम से दीपावली के पर्व को जरूरतमंदों एवं बेजुबान जीवों के साथ खुशियाँ बाँटकर मनाया। इस सेवा एवं सहयोग कार्यक्रम में लियो क्लब अध्यक्ष अभिषु शर्मा, सचिव शिवम जायसवाल, कोषाध्यक्ष पवन जायसवाल, पास्ट लियो अध्यक्ष सुमित परिहार, लियो अक्षय भंडारी, विनायक सोनी, अपूर्व पाध्याय, अविनाश सोने, रजत सहित अन्य लियो साथी उपस्थित रहे।

स्थानीय दुकानदारों से खरीदी करने की सदभावना मंच ने की अपील



खंडवा। ऑनलाइन खरीददारी से दूरी बनाते हुए स्थानीय व्यापारियों एवं दुकानदारों से खरीदी करने की सद्भावना मंच ने अपील की है । सद्भावना मंच के सदस्य कमल नागपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस संबंध में मंच की बैठक में निर्णय लिया गया।मंच के संस्थापक प्रमोद जैन ने कहा कि छोटे-छोटे व्यापारी दीपावली एवं अन्य बड़े त्योहारों पर अच्छे कारोबार की उम्मीद लगाए रहते हैं। इन्हीं त्योहारों की कमाई से उनका और उनके परिवारों का भरण-पोषण होता है। उन्होंने कहा कि यह हम सभी का दायित्व है कि अधिक से अधिक खरीदारी स्थानीय दुकानदारों से ही करें, ताकि वे भी त्योहारों की खुशियों का आनंद ले सकें। हमारी छोटी-सी पहल स्थानीय व्यापारियों के परिवारों में खुशियां ला सकती है।बैठक में सद्भावना मंच के संस्थापक प्रमोद जैन, डॉक्टर जगदीशचंद्र चौरे,देवेंद्र जैन,सुरेंद्र गीते,पंडित के.के.व्यास,गणेश भावसार,कमल नागपाल,अनूप शर्मा,सुभाष मीणा,प्रकाश कनाड़े,अर्जुन बुंदेला,त्रिलोक चौधरी राधेश्याम शाक्य आदि उपस्थित रहे।

खेत के कुएं में गिरा तेंदुआ, सुबह खुद ही बाहर निकलकर जंगल की ओर भागा

बुरहानपुर। बुरहानपुर के धुलकोट क्षेत्र के सराय गांव के नावनिया फालिया में बुधवार रात एक तेंदुआ खेत के कुएं में गिर गया। गुरुवार सुबह करीब 10.30 बजे वह कुएं से बाहर निकला और जंगल की ओर भाग गया। खेत मालिक जगदीश तरोले रात में मोटर पंप चालू करने कुएं पर पहुंचे थे। टॉर्च की रोशनी डालने पर उन्हें कुएं में तेंदुआ दिखा। वे गांव वालों और वन विभाग को सूचना देकर वहां से चले गए। खबर फैलने पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने कुएं के आसपास घेराबंदी कर लोगों को दूर किया, ताकि तेंदुआ घबराकर हमला न करे। रात में खटिया डालकर उसे बाहर निकालने की कोशिश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। सुबह कुएं में सीढ़ी भी लगाई गई।धुलकोट रेंजर लखनलाल वास्कले ने बताया कि तेंदुआ जगदीश तरोले के खेत के कुएं में गिरा था। इंदौर से रेस्क्यू टीम बुलाई जा रही थी, लेकिन तेंदुए के बाहर निकलने के बाद टीम नहीं बुलाई गई। ग्रामीणों के मुताबिक, पिछले कुछ दिनों से इलाके में तेंदुए की आवाजाही दिख रही थी। किसानों ने वन विभाग से इलाके में गश्त बढ़ाने की मांग की है।

पटाखों के निर्माण, उपयोग, विक्रय, वितरण व प्रस्फोटन के सम्बंध में हुए निर्देश जारी

बड़वानी। मध्यप्रदेश शासन के गृह विभाग के सदस्य सचिव श्री एए मिश्रा ने समस्त जिला दण्डाधिकारी एवं समस्त पुलिस अधीक्षक को परिपत्र भेजकर सर्वोच्च न्यायालय एवं हरित अधिकरण द्वारा पारित आदेश के अंतर्गत दीपावली पर्व के दौरान पटाखों के निर्माण, उपयोग, विक्रय, वितरण एवं प्रस्फोटन के संबंध में मानक संचालक प्रक्रिया निर्धारित की है। जारी प्रक्रिया में उल्लेखित किया गया है कि:-दीपावली पर्व के समय रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक ग्रीन पटाखों का उपयोग सिर्फ उन शहरों में किया जा सकता है, जहां नवंबर 2021 की स्थिति में वायु गुणवत्ता सूचकांक मध्यम अथवा उससे कम श्रेणी की है। माह नवंबर 2021 के दौरान यदि वायु गुणवत्ता सूचकांक खराब श्रेणी में होने वाले सभी शहरों में फटाखें पर पूर्णतः प्रतिबंध लागू रहेगा। फटाखों का प्रस्फोटन संवेदनशील क्षेत्रों जैसे अस्पताल, नर्सिंग होम्स, हेल्थ केयर सेंटर, शैक्षणिक संस्थानों, धार्मिक स्थलो इत्यादि से 100 मीटर की दूरी तक प्रतिबंधित है। अतः जिला प्रशासन एवं जिला पुलिस यह सुनिश्चित करेगा कि संवेदनशील क्षेत्रों के 100 मीटर की दूरी में फटाखों का प्रस्फोटन न हो। फटाखों में बैरियम साल्ट इत्यादि विषैले रसायनों का उपयोग प्रतिबंधित है।

धनतेरस पर बाजार में उमड़ी खरीदारों की भीड़, सराफा कारोबार ४ करोड़ के पार



सनावद। दीपावली पर्व की शुरूआत धनतेरस के साथ ही शुक्रवार को शहर के बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिली। शुभ मुहूर्त में खरीदारी के लिए सुबह से ही बाजारों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ने लगी, जो देर रात तक जारी रही। सराफा, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़ा, बर्तन और किराना सहित लगभग सभी बाजारों में अच्छी ग्राहकी रही। व्यापारियों के अनुसार इस बार धनतेरस पर बाजार में उत्साहजनक कारोबार हुआ।धनतेरस पर सबसे ज्यादा चमक सराफा बाजार में देखने को मिली। सोने-चांदी के आभूषणों और सिक्कों की खरीदारी के लिए दिनभर ग्राहकों का आना-जाना लगा रहा। सराफा व्यापारियों के अनुसार इस बार करीब 4 करोड़ रुपए तक का कारोबार होने का अनुमान है। लोगों ने शुभ मुहूर्त में सोने-चांदी के आभूषण खरीदकर परंपरा निभाई। ऑटोमोबाइल क्षेत्र में भी धनतेरस का उत्साह साफ नजर आया। दोपहिया वाहन खरीदने के लिए शोरूम पर ग्राहकों की भीड़ रही। वाहन कारोबारियों के अनुसार शहर में करीब 600 दोपहिया वाहनों की बिक्री हुई। कई ग्राहकों ने पहले से बुकिंग कर रखी थी।

नवागत पुलिस अधीक्षक ने ली जिले के राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ अलीराजपुर



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अलीराजपुर श्रीमती ज्योति उमठ बघेल ने बताया कि नवागत पुलिस अधीक्षक अलीराजपुर श्री समर वर्मा, भापुसे द्वारा आज पुलिस नियंत्रण कक्ष अलीराजपुर में जिले के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जिले में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के संबंध में विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

बैठक के प्रारंभ में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों से परिचय प्राप्त किया गया तथा उनके संबंधित थाना क्षेत्रों की भौगोलिक एवं सामाजिक परिस्थितियों, अपराध की प्रकृति, स्थानीय गतिविधियों एवं कानून व्यवस्था से संबंधित संवेदनशील विषयों की जानकारी प्राप्त की गई। इसके पश्चात जिले में घटित अपराधों की अनुभाग एवं थाना स्तर पर सांख्यिकीय समीक्षा करते हुए अपराधों की प्रवृत्ति, उनकी रोकथाम तथा प्रभावी नियंत्रण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। अपराध समीक्षा के दौरान लंबित अपराधों, लंबित चालानों, मर्ग प्रकरणों, समन एवं वारंट की तामीली, गुमशुदगी के प्रकरणों, सीएम हेल्पलाइन शिकायतों, चिन्हित अपराधों की न्यायालयीन प्रगति, महिला संबंधी अपराधों तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई।

पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रत्येक लंबित प्रकरण में विवेचना की प्रगति का नियमित पर्यवेक्षण किया जाए तथा प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में विधिसम्मत एवं गुणवत्ता पूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाए। विवेचना में आ रही कठिनाइयों का वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त कर निराकरण करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण एवं परिवहन, नकली शराब एवं अवैध ताड़ी के कारोबार तथा अवैध मादक पदार्थ गांजे के विरुद्ध प्रभावी एवं कठोर वैधानिक कार्रवाई करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही अपराधों की रोकथाम के लिए प्रतिबंधात्मक धाराओं के अंतर्गत बाउंड ओवर की कार्रवाई प्रभावी रूप से करने तथा जिन अपराध शीर्षों में वृद्धि परिलक्षित हो रही है, उनका सूक्ष्म विश्लेषण कर अपराध नियंत्रण हेतु ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए।

लो-वोल्टेज और बार-बार बिजली ट्रिपिंग से किसान परेशान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

रबी सीजन में सिंचाई का कार्य प्रभावित होने से किसानों की परेशानी बढ़ती जा रही है। गुड़ीखेड़ा ग्रिड से संचालित 33 केवी सिंचाई लाइन की व्यवस्था खराब होने और बार-बार लाइन फाल्ट एवं ट्रिपिंग की समस्या को लेकर संयुक्त कृषक संगठन (म.प्र.) ने पश्चिम विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य कार्यपालन यंत्री को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में किसानों की बिजली संबंधी समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने की मांग की गई है।

संगठन ने बताया कि गुड़ीखेड़ा ग्रिड से सिंचाई के लिए होने वाली बिजली सप्लाई व्यवस्था ठीक नहीं है। वहीं, सांडलपुर से आने वाली 33 केवी लाइन में बार-बार फाल्ट होने से बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। इसके समाधान के लिए अतिरिक्त विद्युत पोल लगाने की मांग की गई है। साथ ही सिंचाई कनेक्शनों की संख्या बढ़ने के बावजूद सबस्टेशन की क्षमता नहीं बढ़ाए जाने से लो-वोल्टेज और ट्रिपिंग की समस्या लगातार बढ़ रही है।

ज्ञापन में सबस्टेशन की क्षमता बढ़ाने, विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने तथा रबी सीजन को देखते हुए किसानों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की गई। संगठन ने विद्युत वितरण कंपनी से किसान संगठनों, जनप्रतिनिधियों और उन्नत किसानों के साथ बैठक कर समस्याओं का अधिक से अधिक समाधान करने की पहल करने का आग्रह किया है।

संयुक्त कृषक संगठन ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि सिंचाई के महत्वपूर्ण समय में बिजली की अव्यवस्था से किसानों की फसल प्रभावित हो सकती है। इसलिए सभी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई कर समस्या का स्थायी समाधान किया जाए।

मक्का, मिर्ची और तुवर की फसल के बीच छिपाकर उगा रहा था गांजा, पुलिस ने खेत में दी दबिश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ धुलकोट



खेत में मक्का, मिर्ची और तुवर की फसल लगाकर उसकी आड़ में गांजे की खेती की जा रही थी। बाहर से देखने पर खेत में सामान्य फसल नजर आती थी, लेकिन इनके बीच कतारों में गांजे के पौधे लगाए गए थे। इसकी भनक लगते ही पुलिस ने खेत में दबिश दी और मौके से गांजे के 23 हरे पौधे जब्त किए। जब्त पौधों की अनुमानित कीमत करीब 25 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने खेत मालिक को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

मामला निंबोला थाना क्षेत्र की धुलकोट पुलिस चौकी अंतर्गत सैलानी बाबा फालिया का है। पुलिस अधीक्षक बुरहानपुर आशुतोष बागरी के निर्देशन में जिले में मादक पदार्थों की अवैध खेती, खरीदी-बिक्री और परिवहन के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सैलानी बाबा फालिया में रहने वाला एक व्यक्ति अपने खेत में अन्य फसलों के बीच गांजे के पौधे लगाकर अवैध खेती कर रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने मामले की तस्दीक की और खेत पर कार्रवाई की योजना बनाई।सूचना की पुष्टि के बाद निंबोला थाना प्रभारी के मार्गदर्शन में धुलकोट चौकी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने खेत की घेराबंदी कर तलाशी शुरू की। इस दौरान मक्का, मिर्ची और तुवर की फसल के बीच गांजे के पौधे दिखाई दिए।

लोकतंत्र पर प्रहार करने वाली भाजपा निकाल रही लोकतंत्र बचाओ यात्रा : उत्तमपाल सिंह

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

बुधवार को भाजपा द्वारा खंडवा में निकाली गई 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' यात्रा को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह ने तीखा तंज कसा है। उन्होंने भाजपा की इस यात्रा को राजनीतिक विरोधाभास बताते हुए कहा कि देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के बावजूद भाजपा लोकतंत्र बचाने की बात कर रही है। यह अपने आप में हास्यास्पद और शर्मनाक है कि लोकतंत्र पर प्रहार करने के आरोपों से घिरी पार्टी आज लोकतंत्र बचाने के नारे लगा रही है।

उत्तमपाल सिंह ने कहा कि भाजपा को लोकतंत्र की चिंता करने से पहले अपने राजनीतिक आचरण पर विचार करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने प्रदेशों में विपक्ष की चलती हुई सरकारों को गिराने का काम किया है। देश की संवैधानिक संस्थाओं पर दबाव बनाकर अपनी मर्जी के फैसले करवाए जा रहे हैं। लोकतंत्र को मजबूत करने वाली संस्थाओं की स्वतंत्रता और निष्पक्षता पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि चुनाव आयोग स्वतंत्र रूप से अपने निर्णय नहीं ले पा रहा है। भाजपा के दबाव के चलते चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि जब संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हों, विपक्ष की आवाज को दबाने के प्रयास हो रहे हों और राजनीतिक विरोधियों को कमजोर करने की कोशिश की जा रही हो, तब लोकतंत्र बचाने की बात करना भाजपा की दोहरी राजनीति को उजागर करता है।

उत्तमपाल सिंह ने कहा कि राहुल गांधी जी लगातार लोकतंत्र, चुनावी पारदर्शिता और संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता को लेकर सवाल उठा रहे हैं, लेकिन उनके सवालों का जवाब देने के बजाय विपक्ष को ही निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में विपक्ष को कमजोर और समाप्त करने की कोशिशें की जा रही हैं, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

उन्होंने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि लोकतंत्र को कमजोर करने के आरोप जिन पर लग रहे हैं, वही आज लोकतंत्र बचाने की यात्रा निकाल रहे हैं। भाजपा पहले विपक्ष की आवाज का सम्मान करना, संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता बनाए रखना और लोकतांत्रिक परंपराओं का पालन करना सीखे, उसके बाद लोकतंत्र बचाने के नारे लगा।

मांजरोद के पास कार ने बाइक को मारी टक्कर, न.पा. के दो अस्थायी कर्मचारी और एक महिला की मौत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

बुरहानपुर जिले के मांजरोद गांव के पास गुरुवार को कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में नेपानगर नगर पालिका के दो अस्थायी कर्मचारियों और एक महिला की मौत हो गई। महिला, मृत कर्मचारी मिलीन की मां थीं। खकनार थाना प्रभारी अभिषेक जाधव ने बताया कि गुरुवार दोपहर 1 बजे कार (एमपी 68 झेडबी 4581) ने सामने से बाइक (एमपी 68 झेडडी 0350) को टक्कर मारी। पुलिस के मुताबिक, कार तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाई जा रही थी।बाइक पर मिलीन पिता भारत गाढ़े (25), उनकी मां बिजला बाई पति भारत गाढ़े (60), निवासी वार्ड नंबर 24, नेपानगर और भीम पिता देवा केनिया कहार, निवासी संजय नगर, नेपानगर सवार थे। तीनों को गंभीर चोटें आईं और खकनार सरकारी अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में मिलीन और बिजला बाई की मौत हो गई। भीम को बुरहानपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां देर शाम उनकी भी मौत हो गई। भीम और मिलीन नेपानगर नगर पालिका में अस्थायी कर्मचारी थे और झाड़ी कटाई का काम करते थे।बताया गया कि तीनों किसी काम से खकनार गए थे और लौटते समय हादसा हुआ। टक्कर में बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। शंकर पिता बहु ठाकरे, निवासी गोपालपुरा फाल्या, ग्राम सिंधखेड़ा की शिकायत पर पुलिस ने कार ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज किया है। हादसे के बाद से ड्राइवर फरार है।

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के महाप्रबंधक विवेक खरे ने किया कामाख्या-न्यूबंगाईगांव सेक्शन का निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मालीगांव



पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के महाप्रबंधक का कार्यभार संभालने के बाद श्री विवेक खरे ने 5 नवंबर को कामाख्या-न्यूबंगाईगांव सेक्शन का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यात्री संरक्षा, परिचालन दक्षता और रेलवे के बुनियादी ढांचे की बारीकी से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक (रंगिया) सहित जोन के अन्य वरिष्ठ रेलवे अधिकारी भी उनके साथ मौजूद रहे।

महाप्रबंधक ने ऐतिहासिक सराईघाट पुल का अवलोकन करने के साथ ही कामाख्या से न्यू बंगाईगांव तक 'विंडो-ट्रेलिंग' निरीक्षण किया। इसके माध्यम से रेल पटरियों, परिसंपत्तियों और मार्ग के अन्य बुनियादी ढांचे की स्थिति का जायजा लिया गया। इस दौरान संरक्षा मानकों, रखरखाव प्रक्रियाओं और परिचालन संबंधी तत्परता पर विशेष जोर दिया गया।

इसके अलावा, श्री खरे ने सेक्शन पर स्थित लेवल क्रॉसिंग गेट संख्या स्य-12, स्य-22 और बेकी नदी पर बने पुल संख्या 467 का भी सघन निरीक्षण किया। उन्होंने इनके रखरखाव, संरक्षा प्रावधानों और परिचालन तैयारियों की जांच की, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि ये महत्वपूर्ण रेलवे परिसंपत्तियां सुरक्षित, कुशल और निर्बाध ट्रेन परिचालन के लिए पूरी तरह विश्वसनीय बनी रहें।

नलबाड़ी में स्टेशन पुनर्विकास कार्यों की समीक्षा नलबाड़ी रेलवे स्टेशन पर महाप्रबंधक ने परिचालन सुरक्षा परखने के लिए 'पॉइंट्स और क्रॉसिंग' का निरीक्षण किया। साथ ही 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत चल रहे स्टेशन पुनर्विकास कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। इस योजना का मुख्य उद्देश्य यात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाएं बढ़ाना और उनके यात्रा अनुभव को और बेहतर बनाना है।

दीपावली पर्व का भव्य वं आध्यात्मिक आयोजन

खंडवा। सेंट जोसेफ कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, सिविल लाइंस, खंडवा में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास एवं आध्यात्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति, पौराणिक परंपराओं एवं जीवन मूल्यों का सुंदर समन्वय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ समुद्र मंथन पर आधारित भावपूर्ण प्रार्थना सभा से हुआ। इसमें समुद्र मंथन, माँ लक्ष्मी के प्राकट्य एवं अमृत प्राप्ति के दृश्यों का प्रभावशाली मंचन किया गया। इसके माध्यम से विद्यार्थियों ने प्रेम, सत्य, करुणा, त्याग एवं सद्भावना जैसे जीवन मूल्यों के अमृत को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया।कार्यक्रम का विशेष आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत भगवान श्रीराम की जीवन यात्रा रही, जिसमें श्रीराम के जीवन के प्रमुख प्रसंगों का सुंदर नाट्य रूपांतरण किया गया।

दीवाली त्यौहार के पहले खाद्य सुरक्षा प्रशासन की सतत कार्रवाई

खेतिया, बोरलाई में मावा, मिठाई, नमकीन आदि के खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी



आगामी दीवाली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए आम नागरिकों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने तथा खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम के उद्देश्य से जिला कलेक्टर के निर्देशन में राजस्व विभाग एवं खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा जिले में लगातार निरीक्षण एवं जांच की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 5 नवंबर को खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अधिकारियों द्वारा विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया।खेतिया में कार्रवाई के दौरान आई एकवीरा होटल से बेसन, मैदा, संजय रेस्टोरेंट से सेव, बेसन, कोमल रेस्टोरेंट से सोयाबीन तेल, बालूशाही, कृष्णा दूध डेयरी दूध, मावा, पनीर, कोमल स्वीट्स से रसगुल्ला, नमकीन, राजेंद्र टी स्टॉल से शक्करपारा, मैसूर पाक, सचिन टी स्टॉल से कलाकंद, सेव, नागनाथ उपहार गृह से जलेबी, पपड़ी, नाकोड़ा एजेंसी से गरम मसाला , वनस्पति और रामजी नमकीन से बेसन सहित कुल 19 नमूने जाँच में लिए गए। साथ ही आठ प्रतिष्ठानों में पर्याप्त स्वच्छता न पाए जाने पर कुल 1500 का स्पॉट फाइन नगर परिषद द्वारा किया गया।इसी प्रकार धनोरा बसाहट, बोरलाई स्थित कामधेनू दूध डेरी का निरीक्षण कर मिलावट की शंका में मावा और मावा बर्फी के नमूने जांच हेतु लिये गये।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा खाद्य कारोबारकताओं को निर्देशित किया गया कि वे खाद्य पदार्थों का निर्माण एवं विक्रय निर्धारित खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों एवं विनियमों के अनुरूप ही करें। साथ ही प्रतिष्ठानों में स्वच्छता बनाए रखने एवं उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

एलआईसी के मुनाफे में 21.52 प्रतिशत का शानदार उछाल, छमाही शुद्ध लाभ 25,568 करोड़ पहुंचा

मुंबई। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने चालू वित्त वर्ष (2926-27) की पहली छमाही (30 सितंबर को समाप्त) में शानदार वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है। एलआईसी के निदेशक मंडल द्वारा 5 नवंबर को स्वीकृत परिणामों के अनुसार, निगम का कर पश्चात लाभ 21.52 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 25,568 करोड़ हो गया है। पिछले वर्ष की समान छमाही में यह मुनाफा 21,040 करोड़ रहा था। छमाही के दौरान एलआईसी की कुल प्रीमियम आय 11.64 प्रतिशत बढ़कर 2,74,269 करोड़ के स्तर पर पहुंच गई, जो कि पिछले वर्ष इसी अवधि में 2,45,680 करोड़ थी। नव व्यवसाय का मूल्य 33.95 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 6,846 करोड़ हो गया है। इसके अतिरिक्त, वीएनबी मार्जिन (शुद्ध) में 470 आधार अंकों की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे यह 22.3 प्रतिशत पर पहुंच गया है। बाजार में कायम है दबदबा प्रथम वर्ष प्रीमियम आय के आधार पर एलआईसी भारतीय जीवन बीमा उद्योग में अपना नेतृत्व कायम रखे हुए है। सितंबर 2026 को समाप्त छ माही में निगम की कुल बाजार हिस्सेदारी 58.77 प्रतिशत रही। इसके अंतर्गत व्यक्तिगत व्यवसाय में 37.51 प्रतिशत और समूह व्यवसाय में 70.45 प्रतिशत की बाजार हिस्सेदारी रही। रणनीति सफलः सीईओ एलआईसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक आर. दुरैस्वामी ने परिणामों पर कहा, "हम सितंबर 2026 के दौरान इरडा द्वारा घोषित प्रस्तावित कमीशन विनियमों के सकारात्मक प्रभावों को लेकर अत्यंत आशान्वित हैं।

पेंशनरों ने ऑनलाइन जमा किए जीवन प्रमाण-पत्र

खंडवा। पेंशनर्स समस्या निवारण एसोसिएशन मध्यप्रदेश, मुख्यालय खंडवा द्वारा 3 नवंबर को पेंशनरों की सुविधा के लिए निःशुल्क ऑन लाइन जीवन प्रमाण-पत्र शिविर आयोजित किया। मेन हॉस्पिटल के सामने गली में सुबह 10.30 से शाम 5.30 बजे तक चले इस शिविर में बड़ी संख्या में पेंशनरों ने पहुंचकर सुविधा का लाभ लिया।

पश्चिम रेलवे - रतलाम

"ई-निविदा सूचना"

निविदा संख्या : SnT_RTM_26_19_SIGNAL दिनांक : 04/11/2026, निम्न कार्य के लिए मंडल रेल प्रबंधक (एस एण्ड टी) पश्चिम रेलवे, रतलाम की ओर से व उनके लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम** : 58 इंटरलॉक्ड एलसी गेटों पर स्वचालित आग का पता लगाने और अलार्म प्रणाली प्रदान करने के संबंध में एस एंड टी सामग्री की आपूर्ति स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। **कार्य की अनुमानित लागत** : ₹2,40,48,961.60/-, **बयाना राशि** : ₹4,81,000.00/-, **निविदा बंद करने का समय एवं दिनांक** : दिनांक 30/11/2026 समय 15:00 बजे तक। **निविदा खुलने का समय एवं दिनांक** : दिनांक 30/11/2026 समय 15:30 बजे के बाद। **कार्य पूरा करने की अवधि** : 09 माह। **निविदा अनुभाग कार्यालय प्रभारी और बोली खोलने का स्थान** : सीनियर डीएसटीई रतलाम, डीआरएम कार्यालय रतलाम म.प्र.। निविदा सिर्फ ऑनलाइन ई-निविदा पोर्टल www.ireps.gov.in पर देखा व जमा किया जा सकता है। SNP-324

हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

न्यूज -कॉलम

खड़ी कार में लगी आग, फायर बिग्रेड ने पाया काबू

उज्जैन। गीता कालोनी में शुक्रवार दोपहर को खड़ी कार में अचानक धुआं उठने लगा। आसपास के लोग कुछ समझ पाते कार से लपटे उठने लगी। लोगों ने बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग तेजी से फैली और कार को पूरी तरह से चपेट में ले लिया। कार में आग लगने की सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की दमकल गीता कालोनी पहुंच गई थी। कुछ देर में आग पर काबू पा लिया। आगजनी की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। कार क्षेत्र में रहने वाली व्यक्ति की होना सामने आई है। जिसके द्वारा मामले की शिकायत दर्ज नहीं कराई गई। आगजनी का कारण कार के बोनट की वायरिंग में शार्ट सर्किट होना माना जा रहा है।

मादक पदार्थ ड्रग्स के साथ हिरासत में आया युवक

उज्जैन। मादक पदार्थ को लेकर चलाये जा रहे पुलिस अभियान में महाकाल थाना पुलिस ने नृसिंहघाट क्षेत्र से रात में जूना सोमवारिया के रहने वाले इकरार पठान को गिरफ्तार किया। उसके पास से 10 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि बरामद ड्रग्स 1 लाख कीमत है। मामले में मादक पदार्थ तस्करी का प्रकरण दर्ज किया और न्यायालय में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है। आरोपी नशा करने का आदी है, उससे काफी पूछताछ के बाद भी ड्रग्स उपलब्ध कराने वाले की पुख्ता जानकारी सामने नहीं आ पाई।

युवक ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या का प्रयास

उज्जैन। इलेक्ट्रानिक उपकरणों की रिपेरिंग करने वाले धर्मेन्द्र पिता जगदीश मालवीय 30 साल ने गुरूवार-शुक्रवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। मामा और उसका पुत्र फंदा काटकर धर्मेन्द्र को उज्जैन अस्पताल लेकर आये। डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर आईसीयू में उपचार के लिये भर्ती किया। मामा ने बताया कि धर्मेन्द्र के माता-पिता नहीं है। वह गुरूवार को धार्मिक यात्रा से लौटा था और उसके घर ग्राम बमनई झारड़ा आया था। देर शाम खेत पर पहुंचकर शराब पी और रस्सी का फंदा पेड़ पर बांधने के बाद लटक गया था। उसे भाई सचिन ने देखा तो दराते से रस्सी काटकर नीचे उतार लिया। मामले की सूचना झारड़ा पुलिस को मिली तो मामले की जांच शुरू की है। धर्मेन्द्र के बयान दर्ज कर आत्मघाती कदम उठाने की वजह का पता लगाया जायेगा।

खेत में युवक को लगा करंट रास्ते में हुई मौत



उज्जैन। माकडोन में रहने वाला ईश्वर पिता किशन शुक्रवार दोपहर खेत पर काम कर रहा था। उसी दौरान कुएं पर लगे होल की मोटर के खुले तारों की चपेट में आ गया। करंट लगने पर वह बेसुध हो गया था। उसे उपचार के लिये परिजन उज्जैन लेकर आये। लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो चुकी थी। परिवार ईश्वर को वापस माकडोन लेकर लौट गया। माकडोन पुलिस ने सूचना मिलने पर शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजा और मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। दीपावली से पहले हुई घटना के बाद परिवार में मातम छा गया था। ईश्वर खेती किसानी का काम करता था।

बहादुरगंज में कार के फोड़े कांच, पडोसियों पर आरोप

उज्जैन। बहादूरगंज चौराहा पर गुरूवार-शुक्रवार रात कुसुम राठौर के परिवार की कार घर के बाहर खड़ी थी। पड़ोसियों ने विवाद करते हुये कार के कांच फोड़ दिये। मामले में कोतवाली थाना पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। बताया जा रहा है कि कुसुम राठौर और कृष्ण राठौर के परिवार में पुराना विवाद चला आ रहा है। उसकी के चलते विवाद कर कांच फोड़े गये है। कुसुम राठौर पक्ष का आरोप था कि कुछ माह पहले भी विवाद हुआ था। मामले की शिकायत पुलिस से की गई थी। उस वक्त पड़ोसी युवक ने माफी मांग ली थी लेकिन युवक कुछ माह पहले अपराधिक मामले में जेल चला गया था। रिहा होने के बाद से वह लगातार धमकी दे रहा था। रात में विवाद होने पर उसने परिवार के साथ मिलकर कार के कांच फोडे और मासूम बेटे को उठाकर ले जाने की धमकी दी। मामले में कोतवाली थाना पुलिस द्वारा जांच शुरू की गई है।

मामी से बात पर युवक को जान से मारने की धमकी

उज्जैन। ग्राम जफरपुर माकडोन में ईश्वर पिता शंकरलाल सूर्यवंशी निवासी पिपलोनकला हाल मुकाम चंदेसरी देवासरोड के साथ बालू और उसके साथियों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ईश्वर ने मामले की शिकायत माकडोन थाना पुलिस को दर्ज करते हुये बताया कि बालू का आरोप था कि वह उसकी मामी सीमाबाई से बात करता है। वह जफरपुर रिश्तेदार के यहां आया था उसी दौरान रास्ता रोक बालू और उसके साथियों ने मारपीट की। पुलिस बालू और उसके साथियों की तलाश कर रही है।

जमानत पर रिहा पति-पत्नी पर दर्ज हुआ प्रकरण.....

लोन दिलाने के नाम पर 3 लोगों से ठगे लाखों

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



लोन दिलाने के नाम धोखाधड़ी करने वाले पति-पत्नी के खिलाफ एक बार फिर 3 लोगों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया है। पति-पत्नी कुछ माह पहले ही जमानत पर रिहा हुये थे। दोनों करीब 10 से ज्यादा लोगों को झांसा देकर धोखाधड़ी कर चुके है।

नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि कानीपुरा में रहने वाले सचिन पिता जगदीश डोडिया की शिकायत पर विद्यापति नगर में रहने वाली वैदिका दुबे और उसके पति उपेन्द्र दुबे के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा 318 (4),धमकी देने की धारा 296 (बी) और 3 (5) भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण दर्ज किया गया है। सचिन द्वारा शिकायती आवेदन देकर बताया गया था। उसे लोन की जरूरत थी दोस्त सुनील द्वारा बताया गया कि एएसएस फायनेंस कंपनी चलाने वाली वैदिका और उसके पति उपेन्द्र द्वारा उसका लोन पास कराया गया है। दोस्त के माध्यम से 5 लाख का लोन लेने पहुंचा। पति-पत्नी ने उसे बातों में उलझा कर लोन की प्रोसेस पूरी करने के नाम पर 2 लाख 68 हजार रूपये ले लिये। कई महिनों बात भी लोन नहीं दिलाया, पैसे मांगने पर धमकी देने लगे। पुलिस के अनुसार सचिन द्वारा मामले की शिकायत आवेदन के माध्यम से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में की गई थी। जहां से जांच के लिये मामला थाने आने पर जांच पूरी होने के बाद दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

सचिन की मां और दोस्त को भी ठगा

पुलिस जांच में सामने आया कि सचिन का वैदिका और उपेन्द्र से परिचय करने वाले दोस्त सुनील और उसकी मां रेखा डोडिया से भी दोनों धोखाधड़ी कर चुके है। सुनील के बयान दर्ज करने पर सामने आया कि उसे लोन दिलाया गया था, लेकिन पांच साल की एफडी करने पर डबल देने की बात कहीं थी।

दिलाई गई लोन की राशि 2 लाख 30 हजार रूपये ले लिये गये थे। लेकिन कुछ दिन बाद दोनों धोखाधड़ी के मामले में जेल चले गये थे। सचिन की मां रेखा डोडिया राजेन्द्र नगर में रहती है। उससे उधार के रूप में 2 लाख 60 हजार रूपये लिये थे और वापस नहीं दिये। पुलिस ने सुनील और रेखा डोडिया के बयान दर्ज कर उनकी शिकायत पर भी प्रकरण दर्ज किया है।

सालभर पहले दर्ज हुआ था प्रकरण

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि पति-पत्नी के खिलाफ सालभर पहले भी कुछ लोगों ने लोन दिलाने के पर धोखाधड़ी करने की शिकायत दर्ज कराई थी। करीब 8 माह पहले वैदिका और उपेन्द्र के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उन्हे जेल भेजा गया था। करीब चार माह जेल में रहने के बाद दोनों जमानत पर छूटे है, लेकिन उनके खिलाफ धोखाधड़ी करने वालों की संख्या लगातार ब? रही है। अब तक करीब 10 लोग सामने आ चुके है।

दीपावली की खरीददारी से पहले जाम में फंसे शहरवासी

चामुंडा चौराहा पर बिगडे हालात, बायपास मार्गो पर रेंगते रहे वाहन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



दीपावली की खरीददारी का शुक्रवार को धनतेरस के साथ आगाज हो गया। शहरवासियों ने बाजार का रूख किया तो जाम में फंस गये। सबसे ज्यादा हालत पुराने शहर को नये शहर से जोड़ने वाले मुख्य मार्ग चामुंडा चौराहा पर दिखाई दिये।

पुलिस प्रशासन द्वारा दीपावली पर खरीददारी के लिये बाजारों तक पहुंचे वाले शहरवासियों के लिये धनतेरस से दीपावली तक यातायात प्लान जारी किया है। 16 मार्गो चार पहिया वाहनों की आवाजाही पर सुबह 11 से रात 10 बजे तक प्रतिबंध लगाया है। बावजूद धनतेरस की शाम ढलने से पहले ही शहर में यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ गई थी। सबसे ज्यादा बिगड़े हालात चामुंडा माता चौराहा और आगररोड पर दिखाई दिये। इस मार्ग पर सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर एलिवेटेड ब्रिज का काम चल रहा है। चामुंडा माता चौराहा पुराने और नये शहर को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। निर्माण कार्य के चलते यहां से गुजरना शहरवासियों के लिये मशक्कत भरा हो गया था। यहां बिगड़ने हालत के चलते फ्रीगंज ब्रिज पर वाहन रेंगते दिखाई देने लगे। हनुमान प्रसाद पेट्रोल पंप से चामुंडा चौराहा पार करने में 25 से 30 मिनट का समय लग रहा था। लोगों ने पुराने शहर में प्रवेश के लिये घासमंडी ब्रिज से आने का प्रयास किया तो ढांचा भवन से लेकर बीमा चौराहा, कोयला फाटक मार्ग तक वाहनों की रफ्तार थमती दिखाई दी। इन मार्गो पर बढ़ते जाम के चलते आसपास मार्गो पर भी हालात बिगड़ गये थे।

तैनात पुलिस आरक्षकों की फूली सांसे- बाजारों से लेकर प्रमुख मार्गो पर यातायात व्यवस्था संभालने के लिये नवआरक्षकों की तैनाती की गई है। शाम बजे वाहनों की बढ़ती संख्या और लगते जाम से उनकी सांसे भी फूलने लगी थी। चामुंडा माता पर महिला-पुरूष आरक्षक मशक्कत करते दिखाई दे रहे थे, लेकिन हर वाहन चालक को जाम से निकलने की जल्दी थी। जिसके चलते व्यवस्था बनाये रखने के उनके प्रयास पूरी तरह से विफल हो रहे थे। ऐसे में यातायात पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और सफेदवर्दी धारी दिखाई नहीं दिये। धनतेरस पर यातायात के ऐसे हालत बने तो दीपावली पर व्यवस्था कैसी होगी इसका अंदेशा सहज लगाया जा सकता है।

बाजारों में दो पहिया वाहन बने मुसीबत- बाजारों की ओर चार पहिया वाहनों को जाने से रोकने के लिये पुलिस ने कई मार्गो पर बेरिकेट्स और स्टापर लगाये थे, जिनके बीच से दोपहिया वाहन मुख्य बाजारों तक पहुंच रहे थे। दो पहिया वाहनों के बाजार में पहुंचने और जहां-तहां ख? होने की वजह से पैदल चलना मुश्किल होने लगा था। सुरक्षा-व्यवस्था के लिये बाजारों में पुलिस कर्मियों को तैनात रहने के निर्देश दिये गये थे, लेकिन दो पहिया वाहनों का व्यवस्थित पार्क करने के लिये कोई दिखाई नहीं दिया।

पूरे शहर में उडता दिखा धूल का गुब्बार- दीपवाली की खरीददारी के लिये बाजार में निकले शहरवासियों को जहां जाम का सामान करना पड़ा वहीं निर्माण कार्यो के चलते उड़ते धूल के गुब्बार ने परेशानी खड़ी कर दी थी। आंखों में धूल के कण चुभ रहे थे। सांस लेने में धूल महसूस हो रही थी। चामुंडा माता चौराहा से आगर पर अंधेरे ढलने के बाद तो ऐसा लग रहा था जैसे मार्ग पर धुआ फैला हुआ है।

पुलिस की अपील रही बेअसर

दीपावली पर बाजार में खरीददारी शुरू होने से पहले पुलिस प्रशासन ने चार पहिया वाहन चालकों से अपील करते हुये कहा था कि बाजार आये तो चार पहिया वाहन लेकर नहीं निकले। यात्री परिवहन वाहनों का उपयोग करे। लेकिन पुलिस की अपील चार पहिया वाहन चालकों पर बेअसर रही। वह बाजार मार्गो पर कारे लेकर पहुंचे और जहां जगह मिली वहीं पार्क कर दी। जिसके बाजारों के आसपास मार्गो की व्यवस्था भी बिगड़ने लगी थी।

राजग? के बदमाश ने चुराया था रिटायर्ड हवलदार का मोबाइल



उज्जैन। रेलवे स्टेशन से रिटायर्ड हवलदार का मोबाइल चुराने वाले बदमाश को जीआरपी ने चंद घंटों बाद गिरफ्तार कर लिया। बदमाश राजगढ़ का रहने वाला है। जिसके पास से चोरी किया मोबाइल बरामद किया गया।

छत्तीसगढ़ के रायपुर से रिटायर्ड हवलदार बालाराम वर्मा परिचित विरेन्द्र के साथ महाकाल दर्शन करने उज्जैन आये थे। देव-दर्शन के बाद वह वापस लौटने के लिये रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नम्बर 1 पर पहुंचे थे। ट्रेन आने में देरी होने के चलते पूछताछ कार्यालय के लेट गये थे। नींद का फायदा उठाकर अज्ञात बदमाश ने उनका 18 हजार रूपये कीमत का मोबाइल चोरी कर लिया था। जीआरपी थाना प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि शिकायत मिलने पर चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया और आरपीएफ टीम के माध्यम से प्लेटफार्म पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये। एक संदिग्ध के दिखाई देने पर उसकी तलाश शुरू की गई और चंद घंटे में रेलवे स्टेशन आउटर से उसे हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसका नाम विनोद पिता करणसिंह वर्मा निवासी दौतलपुरा थाना बोडा राजगढ़ सामने आया। उससे मोबाइल चोरी के संबंध में सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने चोरी करना कबूल कर लिया। उसकी निशानदेही पर मोबाइल बरामद किया गया है। थाना प्रभारी के अनुसार विधिवत कार्रवाई के बाद आरोपी को नोटिस तामिल कराकर छोडा गया है। महाकाल लोक बनने के बाद उज्जैन में ट्रेन यात्रियों की संख्या प्रतिदिन लाखों में पहुंच चुकी है। पिछले 10 माह के दौरान ट्रेनों मे यात्रा करने और प्लेटफार्म पर आने वाले यात्रियों के बीच से 360 मोबाइल चोरी होना सामने आ चुके है। जीआरपी और आरपीएफ की टीम लगातार मोबाइल लोकेशन ट्रेस करने के साथ सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से 190 मोबाईल बरामद करने में सफल हो चुकी है। सौ से अधिक बदमाशों का पक?ा गया है। अब तक बरामद मोबाइल 38 लाख कीमत के बताये जा रहे है। 2025 में मोबाइल चोरी का आंकडा 400 के पार पहुंचा था।

हितग्राहियों को मिली आवासीय भूमि की रजिस्ट्री

मुंदी/खंडवा। मांधाता विधानसभा क्षेत्र के ग्राम शिवर एवं मोहनिया कला में आज स्वामित्व योजना अंतर्गत रजिस्ट्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मांधाता विधायक नारायण पटेल एवं मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम के पूर्व उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने हितग्राहियों को उनकी आवासीय भूमि की रजिस्ट्री के दस्तावेज वितरित किए। इस अवसर पर हितग्राहियों के चेहरों पर अपने आवासीय भूखंड का कानूनी अधिकार मिलने की खुशी दिखाई दी। स्वामित्व योजना ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत परिवारों को उनकी आवासीय संपत्ति का कानूनी प्रमाण उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण पहल है। इससे ग्रामीण परिवारों को अपनी संपत्ति पर अधिकार और सुरक्षा मिलती है, साथ ही भविष्य में संपत्ति संबंधी विवादों की आशंका भी कम होती है। कार्यक्रम के दौरान विधायक नारायण पटेल ने स्वामित्व योजना को ग्रामीण परिवारों को अधिकार संपन्न बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। रजिस्ट्री दस्तावेज मिलने से हितग्राहियों को अपनी आवासीय भूमि का वैधानिक प्रमाण प्राप्त हुआ है। इस पहल से ग्राम शिवर एवं मोहनिया कला के हितग्राहियों को अपने आवासीय भूमि पर मालिकाना हक मिलने से परिवारों में उत्साह का माहौल रहा।

दीपावली पर्व के साथ महका फूलों का बाजार

कीमतों बढ़ने से किसानों के खिले चेहरे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

फूलों के बिना हर त्यौहार अधूरा है। दीपावली आते ही फूलों का बाजार भी महकता दिखाई दे रहा है। कीमतों में आई तेजी से खेती करने वालों के चेहरे खिल उठे है। दीपावली पर कीमतों में दो गुना की तेजी आ सकती है।

दीपावली की पूजा हो या घर-आंगन के साथ प्रतिष्ठान की सजावट फूलों के बिना अधूरी रहती है। धनतेरस से दीपावली पर्व की शुरूआत हो चुकी है। 8 नवम्बर को दीपावली का पर्व मनाया जायेगा। आभूषणों से लेकर रंगोली के रंगों की खरीददारी से बाजार गुलजार दिखाई दे रहा है। इस बीच फूलों का बाजार भी महकने लगा है। शुक्रवार को धनतेरस पर गेंदा फूल की कीमत 50 से 60 रूपये किलो पहुंच चुकी थी। नवरात्रि के बाद से कीमत 10 से 20 रूपये किलो के बीच बनी हुई थी। इसी तरह दीपवली की सजावट में सेवंती फूल का भाव 80, गुलाब 150 रूपये किलो पहुंच चुका है। दीपावली पर कमल के फूल का महत्व काफी है, बाजार में कमल फूल भी आ चुका है, जो 15 से 20 रूपये का एक मिल रहा है। दीपावली पर सभी फूलों की कीमतों में दो गुना की तेजी आ सकती है। व्यापारियों की माने तो गेंदा फूल सौ रूपये किलो पहुंच सकता है। कमल का फूल 30 रूपये प्रतिनग मिलेगा। गुलाब की कई वैरायटी आ रही है। जिसकी कीमत 250 रूपये तक हो सकती है। फूल बाजार के महकते ही फूलों की खेती करने वाले किसानों के चेहरे भी खिल उठे है। उन्हे कई महिनों बाद अच्छा भाव मिल रहा है। उज्जैन के फूलों की देशभर में डिमांड है। जिसके चलते व्यापारियों ने अभी से स्टॉक करना भी शुरू कर दिया है।

दीपावली पर 200 जरूरतमंद बच्चों को बांटे गए नए कपड़े

उज्जैन। दीपावली पर्व के अवसर पर श्री सच्चानंद कला मंदिर की ओर से 200 जरूरतमंद बालक-बालिकाओं को फेस्टिवल ड्रेस वितरित की गई। मीरचंदानी परिवार ने उन बच्चों को ब्रांडेड कंपनियों के कपड़े उनके साइज के अनुसार भेंट किए, जो आर्थिक स्थिति के कारण त्योहार पर नए कपड़े नहीं खरीद पाते हैं। वस्त्र वितरण के साथ ही सभी बच्चों को दीपावली की शुभकामनाएं दी गईं।

समाजसेवी राजकुमार परसवानी ने बताया कि मीरचंदानी परिवार की इस सार्थक पहल की सभी ने सराहना की। वस्त्र वितरण के अवसर पर मुख्य रूप से जितेंद्र कृपलानी, गिरधारी लालवानी, नरेंद्र सबनानी, रमेश आहूजा, मंगाराम रोचवानी, अशोक उत्तमानी, नानक उत्तमानी और मुरली रोचवानी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।


अंजुश्री होटल में बी डब्ल्यू जी निरीक्षण, रूपए डेढ लाख का जुर्माना

होटल श्री गंगा पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के उल्लंघन पर 02 लाख का जुर्माना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

चार सफाई कर्मियों की मौत के बाद होटल श्री गंगा एक बार फिर से चर्चा में आ गया है। होटल में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के निरीक्षण में ड्रेनेज एवं एसटीपी प्लांट बंद मिले हैं। यहां गीले और सूखे कचरे को मिलाकर रखा जा रहा था। इसके चलते होटल प्रबंधन को नोटिस जारी करने के साथ ही 2 लाख का जुर्माना लगाया गया है।

नगर पालिक निगम से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं बल्क वेस्ट जनरेटर के दायित्वों का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से देवास रोड स्थित होटल श्री गंगा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नियमों के उल्लंघन एवं गंभीर लापरवाही पाए जाने पर होटल प्रबंधन पर नगर निगम द्वारा 02 लाख का जुर्माना अधिरोपित किया गया। साथ ही आवश्यक सुधार करने एवं सुरक्षित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु नोटिस भी जारी किया गया।




नोडल अधिकारी एवं सहायक आयुक्त रविकांत मगरदे, सहायक आयुक्त घनश्याम मचार एवं पवन कुमार फुलफकीर सहित निगम की टीम द्वारा होटल परिसर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि होटल से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखने के बजाय आपस में मिलाकर रखा जा रहा था। इसके अतिरिक्त होटल का ड्रेनेज सिस्टम एवं एसटीपी प्लांट बंद पाया गया। टैंकों में गाद भरी हुई थी तथा संपूर्ण प्लांट बंद एवं खराब स्थिति में मिला।

इन गंभीर कमियों को देखते हुए नगर निगम की टीम ने होटल प्रबंधन पर रूपए 2 लाख का जुर्माना किया तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के अनुरूप व्यवस्थाओं में सुधार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान फीडबैक फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट की टीम उपस्थित रही।

अंजुश्री होटल में भी वही खामियां मिली-नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा शहर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से बल्क वेस्ट जनरेटर इकाइयों का निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर निगम की टीम ने अंजुश्री होटल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के अंतर्गत निर्धारित मानकों एवं व्यवस्थाओं की विस्तृत जांच की गई। इस दौरान कई अनियमितताएं सामने आने पर निगम अधिकारियों द्वारा मौके पर पंचनामा तैयार कर होटल के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए 1 लाख 50 हजार रुपए का जुर्माना किया गया

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पाया कि होटल परिसर में चार प्रकार के कचरे का स्रोत स्तर पर पृथक्करण नहीं किया जा रहा था। जैविक कचरे के प्रसंस्करण के लिए कम्पोस्टिंग व्यवस्था एवं अन्य संसाधन खराब स्थिति में मिले तथा कम्पोस्टर बिन में मिश्रित कचरा पाया गया। इसके अतिरिक्त दैनिक अपशिष्ट प्रबंधन का रिकॉर्ड एवं लॉगबुक उपलब्ध नहीं थी। सूखे एवं पुनर्चक्रण योग्य कचरे के उचित भंडारण तथा उससे संबंधित रिकॉर्ड का भी अभाव पाया गया। इसी प्रकार बायोमेडिकल कचरे का निर्धारित नियमों के अनुसार प्रबंधन नहीं किया जा रहा था। होटल का एसटीपी प्लांट भी संतोषजनक स्थिति में नहीं मिला। एसटीपी से निकलने वाले पानी के निस्तारण की व्यवस्था उचित नहीं थी तथा वाटर टेस्टिंग रिपोर्ट भी उपलब्ध नहीं कराई गई।

स्वयं का साक्षात्कार



ज्ञान की पूर्ण शुद्ध अवस्था का नाम ही आत्म-ज्ञान है। उचित है कि हम उसे ज्ञान ही कहें, क्योंकि वहां न कोई आत्म है और न अनात्म। महात्मा बुद्ध ने ठीक ही किया कि उसे आत्मा नहीं कहा, क्योंकि उस शब्द में अहंता की ध्वनि है। और जहां तक अहंता है, वहां तक आत्मा कहां? इस ज्ञान को पाने की विधि क्या है? मार्ग क्या है? द्वार क्या है?

मैं एक घर में अतिथि था। उस घर में इतना सामान था कि हिलने-डुलने की भी जगह न थी। घर तो बड़ा था, किंतु सामान की अधिकता से बिल्कुल छोटा हो गया था। वस्तुतः वहां सामान ही सामान था और घर नहीं था, क्योंकि घर तो दीवारों से घिरे रिक्त स्थान का ही नाम है। दीवारें नहीं, वह रिक्त स्थान ही गृह है, क्योंकि दीवारों में नहीं, रहना उस रिक्त स्थान में ही होता है। रात में गृहपति ने मुझसे कहा, घर में जगह बिल्कुल नहीं है, लेकिन जगह लाएं भी कहां से? उनकी बात सुनकर मैं हंसने लगा। मैंने उनसे कहा, आपके घर में रिक्त स्थान पर्याप्त है। वह यहीं है और कहीं गया नहीं, केवल सामान से आपने उसे ढक लिया है। कृपा करके सामान बाहर करें, तो आप पाएंगे कि वह भीतर आ गया है। वह तो भीतर ही है, सामान के डर से दुबक गया है। सामान हटाएं और वह अभी और यहीं है।

आत्म-ज्ञान की विधि भी यही है।

मैं तो निरंतर हूं। सोते-जागते, उठते-बैठते, सुख में, दुख में मैं तो हूं ही। ज्ञान हो, अज्ञान हो, मैं तो हूं ही। मेरा यह होना असंदिग्ध है। सब पर संदेह किया जा सकता है, लेकिन स्वयं पर तो संदेह नहीं किया जा सकता है। जैसा कि देकार्त ने कहा है। संदेह भी करूं, तो भी मैं हूं, क्योंकि संदेह भी बिना उसके कौन करेगा? यह मैं कौन है? यह मैं क्या है? कैसे इसे जानूं? हूं सो तो ठीक, लेकिन क्या हूं? कौन हूं? मैं हूं, यह असंदिग्ध है। क्या यह भी असंदिग्ध नहीं कि मैं जानता हूं? मुझमें ज्ञान है, चेतना है, दर्शन है? यह हो सकता है कि जो जानते हैं, वह सत्य न हो, असत्य हो, स्वप्न हो, लेकिन मेरा जानना, जानने की क्षमता तो सत्य है। इन दो तथ्यों को देखें, विचार करें। मेरा होना, मेरा अस्तित्व, और मेरी जानने की क्षमता, मुझमें ज्ञान का होना, इनके आधार पर ही मार्ग खोजा का सकता है। मैं हूं, लेकिन ज्ञात नहीं कौन हूं? अब क्या करूं? ज्ञान जो कि क्षमता है, ज्ञान जो कि शक्ति है, उसमें झांकूं और खोजूं। इसके अतिरिक्ति और कोई विकल्प ही कहां है? ज्ञान की शक्ति है, लेकिन वह ज्ञेय से, विषयों से ढकी हुई है। याद रखिए, ज्ञान जहां ज्ञेय से मुक्त है, वहीं वह शुद्ध है। चेतना जहां निर्विषय, निर्विचार और निर्विकल्प है, वहीं स्वयं का साक्षात्कार है। इस साक्षात्कार में न तो कोई ज्ञाता है, न ज्ञेय है, यह अनुभूति ही अभूतपूर्व है।

सम्पादकीय

न्याय सुनिश्चित हो

वर्ष 2026 में विवाद की हद तक चर्चित रहे यूजीसी समानता संबंधी नियमों पर केंद्र सरकार ने पुनर्विचार के संकेत दिए हैं, तो आश्चर्य नहीं। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के छात्रों के हित में ये नियम विश्वविद्यालय परिसरों में न्याय सुनिश्चित करने के लिए 13 जनवरी को अधिसूचित किए गए थे, लेकिन इन पर शिकायतों की बौछार हो गई थी। इन शिकायतों के मद्देनजर ही सर्वोच्च न्यायालय ने 29 जनवरी को इन नियमों को लागू करने पर रोक लगा दी थी। उसके बाद से सरकार पर दोतरफा दबाव बना हुआ है और वह अनिर्णय में दिखती रही है। जहां दलित-आदिवासी संगठन इसे लागू कराने के लिए दबाव बढ़ाते रहे हैं, तो समाज के बाकी वर्गों में इन नियमों को लेकर असंतोष और नाराजगी बनी हुई है। इन नियमों के खिलाफ जगह-जगह प्रदर्शन भी हुए हैं। खैर, सरकार ने गुरुवार को सर्वोच्च न्यायालय को बता दिया है कि वह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के 2026 के समानता संबंधी नियमों पर पुनर्विचार के लिए एक समिति गठित करने पर विचार कर रही है। वंचित वर्गों के लिए विशेष सुविधा अच्छी बात है, लेकिन गैर-वंचित वर्गों के साथ अन्याय होना भी सरासर गलत है।

ध्यान रहे, वंचित वर्ग के छात्रों को न्याय देने के लिए जो व्यवस्था नए यूजीसी समानता नियमों के तहत की गई, उसमें गैर-वंचित वर्गों की पूरी सुनवाई होने पर भी संदेह है। वंचित वर्ग के छात्र की शिकायत गैर-वंचित वर्ग के छात्र के करियर और जीवन पर बहुत भारी पड़ सकती है। एक शिकायत यह भी कि नए नियमों के तहत सुनवाई करने वाले तंत्र में गैर-वंचित वर्गों के लिए कोई जगह नहीं है। न्यायालय में भी यही आशंका जताई गई है कि नए नियमों के अस्पष्ट प्रावधानों का दुरुपयोग होगा और समाज पर खतरनाक असर पड़ेगा। अब भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की अध्यक्षता वाली पीठ द्वारा केंद्र सरकार को नियमों की समीक्षा करने की सलाह देने के बाद पुनर्विचार की बात सामने आई है। वैसे भी, केंद्र सरकार के लिए यह मजबूरी है कि वह पुनर्विचार करे और जरूरी संशोधन भी करे, ताकि नए नियमों को न्यायालय की भी हरी झंडी मिल जाए। केंद्र सरकार भी चाहेगी कि यूजीसी के नए नियम समाज में भेदभाव न बढ़ाएं। सवर्णों या पिछड़ों को नाराज करने के अपने राजनीतिक खतरे हैं।

दीपावली पर्व पर विशेष

दीपावली धन सम्पदा के साथ कल्याण का पर्व

मनुष्य जीवन ईश्वर की प्रदान की हुई ऐसी सौगात है जिसका दूसरा कोई उदाहरण नहीं मिलता। प्रकृति में हम और हमारे चारों ओर उपस्थित सचराचर चाहे वह पशु पक्षी हों या पेड़ पौधे सभी में जीवन व्याप्त है और उनकी सहायता हेतु सभी जड़ पदार्थ हैं जिनकी सहायता से हम सुख भोग और निरंतरता प्राप्त करते हैं। सकारात्मक और नकारात्मकता दो ऐसी स्थितियां है जो जीवन को बहुत गहरे तक प्रभावित करती हैं। सकारात्मक सोच व्यक्ति को सुख समृद्धि और वैभव प्रदान करती है तो नकारात्मक सोच व्यक्ति के जीवन में कठिनाइयों का अंबार खड़ा करती है। हमारे पूर्वजों और महाऋषियों ने सकारात्मक जीवन की जो विधियां निर्मित की हैं उनमें त्योहारों का अत्यधिक महत्व है। त्योहार हमारे जीवन को ऊर्जा और संयम प्रदान करते हैं तो पूजा विधियां आत्म चेतना जागृत करने में बड़ी भूमिका निभाती हैं। पूर्वजों ने हर एक त्यौहार को सांसारिकता से जोड़कर सकारात्मकता का पथ प्रशस्त किया है, दीपावली उनमें से एक ऐसा त्यौहार है जो तमसो मा ज्योतिर्गमय के सूत्र वाक्य को जीवंत करता है। अमावस की काली रात्रि में जब घर-घर दीपमाला प्रज्वलित होती है तो वह अंधकार को नष्ट कर प्रकाश को प्रसारित करती है। यह प्रकाश हमारे बाह्य जीवन को ही नहीं बल्कि आंतरिक जीवन को भी उजाले से भरता है। हम त्योहारों को मना कर स्वयं को न केवल गौरान्वित करते हैं बल्कि जीवन की कठिन परिस्थितियों के साथ सामंजस्य स्थापित कर आगे बढ़ते हैं। दीपावली पर मां लक्ष्मी की आराधना केवल धन की आकांक्षा नहीं है बल्कि जीवन के समग्र कल्याण और संतुलन की आराधना है। मां लक्ष्मी की आराधना नारी शक्ति की आराधना है जो सुख संपत्ति, सम्पन्नता और वैभव प्रदान करती हैं तो वहीं हिंदू धर्म में नारी को जो सम्मान प्राप्त है मां लक्ष्मी की आराधना उसके प्रसार में अग्रिम है। हिंदू धर्म में नवरात्रि की परिकल्पना और 9 दिन तक नौ देवियों की आराधना और पूजा अर्चना नारी शक्ति की आराधना ही है। हिंदू धर्म का सूत्र वाक्य यस्य नारयस्तु पूज्यंते, रमंते तत्र देवता इसकी पूर्ति करते



डॉ. हरिकृष्ण बड़ोदिया



हैं। हम देवियों की आराधना कर देवताओं को प्रसन्न करते हैं। स्पष्ट है कि देवताओं को प्रसन्न करने के लिए नारी शक्ति का सम्मान और पूजन अर्चन करना अत्यंत आवश्यक है। सामान्य रूप में दीपावली पर मां लक्ष्मी की आराधना का आशय देवी लक्ष्मी से धन की प्रार्थना से है और यह अनुचित भी नहीं है क्योंकि जीवन में अर्थ अर्थात धन की अनिवार्यता है। हमारे हिंदू जीवन के चारों पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष में अर्थ का बहुत महत्व है और इसका संबंध गृहस्थ आश्रम से है। एक गृहस्थ जीवन ही है जिसके चारों ओर अन्य आश्रम ब्रह्मचर्य,वानप्रस्थ और सन्यास परिभ्रमण करते हैं। धन, धर्म अर्थात कर्तव्यों की पूर्ति, काम अर्थात संतान उत्पत्ति और अंतिम लक्ष्य मोक्ष प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करता है। अर्थ हमारे भौतिक जीवन का आधार है। अर्थात धनार्जन, संसाधन, संपत्ति और आर्थिक समृद्धि के बिना हम ना तो अपने धर्म अर्थात दान यज्ञ और सामाजिक सेवा की पूर्ति कर सकते हैं और ना गृहस्थ जीवन के शारीरिक और मानसिक सुख भोग कर सकते हैं। अर्थ अर्थात धन संपत्ति और काम को साधनों के रूप में और धर्म अर्थात कर्तव्यों को आधार बनाकर ही व्यक्ति जीवन के अंतिम लक्ष्य मोक्ष को प्राप्त कर सकता है। दीपावली पर मां लक्ष्मी की पूजन जहां एक ओर धन संपत्ति की आराधना है वहीं वह स्वास्थ्य, ज्ञान, पारिवारिक प्रेम, सम्मान और संतोष के साथ-साथ सामाजिक कल्याण के लिए साधनों की प्रतिपूर्ति में सहायक है। सामान्यतः यह माना जाता है कि त्रेता युग में रावण का वध कर श्री राम माता जानकी और भ्राता लक्ष्मण के साथ जब 14 वर्ष के वनवास को पूर्ण कर अयोध्या लौटे तो अयोध्या की प्रजा ने उनके स्वागत में घी के दीपक जलाए। यह राम के प्रति अयोध्या वासियों के अगाध प्रेम को प्रकट करता है इसीलिए इसे दीपोत्सव या दीपावली कहा गया। अब प्रश्न इस बात का है कि इस अमावस को राम की पूजा की जगह लक्ष्मी की पूजा क्यों होती है। वस्तुतः राम का अयोध्या आगमन और लक्ष्मी की पूजा दो अलग-अलग प्रसंग हैं। राम का संबंध त्रेता युग में वन से वापसी से है तो माता लक्ष्मी की पूजा का संबंध सतयुग के समुद्र मंथन से है। मां लक्ष्मी इसी कार्तिक अमावस्या के दिन क्षीर सागर से प्रकट हुईं थीं इसलिए कार्तिक अमावस्या का यह दिन शुभ दीपावली के रूप में धन, सुख समृद्धि और वैभव प्राप्त करने के लिए मनाया जाता है। इन दोनों प्रसंग की उपस्थिति ने दोनों अवसरों को दीपोत्सव का रूप दिया। जिसे देश में ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व में जहां कहीं हिंदू निवास करते हैं उत्साह और उमंग से मनाया जाता है। यही नहीं अयोध्या नगरी में मां लक्ष्मी की पूजा के साथ-साथ मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की भी पूजा की जाती है जो अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है। हम लक्ष्मी पूजन में जिस चित्र को लगाते हैं उसमें मां लक्ष्मी के साथ-साथ एक ओर श्री गणेश जी और दूसरी ओर मां सरस्वती को विराजित देखते हैं माना जाता है की मां लक्ष्मी बहुत चंचल और चलाएमान होती हैं अर्थात धन एक जगह नहीं टिकता उसके सही उपयोग और स्थिरता के लिए बुद्धि और विवेक के दाता श्री गणेश जी की पूजा की जाती है तो ज्ञान की अभिलाषा के लिए मां सरस्वती की पूजा की जाती है। एक मान्यता यह भी है कि भगवान राम जब स्वयं वन से वापस आए तो उन्होंने माता सीता और भ्राता लक्ष्मण के साथ स्वयं लक्ष्मी जी की पूजा अर्चना की जिसकी वजह से ही भारतवासी भगवान राम की पूजा के स्थान पर मां लक्ष्मी की पूजा करते हैं। आज स्थिति यह है कि दीपावली का त्योहार अमेरिका के व्हाइट हाउस में भी भारत के लोगों को सम्मान देने के लिए आयोजित किया जाता है। दीपोत्सव की समस्त भारत वासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं

लक्ष्मी-पन्ना

लघु कथा

दीपावली का सामान लेते-लेते प्रसून थक गया था। चौक से मंदिर तक पहुँचना भी मुश्किल हो रहा था। भीड़ इतनी ज्यादा थी कि कदम रखना भी कठिन था।

सामान लगभग पूरा हो चुका था। बस लक्ष्मी-पन्ना लेना बाकी था।

वह उसकी तलाश में चारों ओर नजर दौड़ाने लगा। कई लोग लक्ष्मी-पन्ना बेच रहे थे, लेकिन उसकी नजर कोने में खड़े एक लड़के पर जाकर ठहर गई।

बमुश्किल दस साल का होगा। बिखरे बाल, मैली-कुचैली शर्ट और हाथ में आठ-दस लक्ष्मी-पन्ने। वह चुपचाप खड़ा था।

प्रसून ने उसी से पन्ना खरीदने का मन बनाया और उसकी ओर बढ़ चला।

अभी वह उसके पास पहुँचने ही वाला था कि पीछे से एक आवाज आई–

ह्लअबे! वसीम! यहाँ क्या कर रहा है? चल घर। अम्मी कब से हलकान है, ढूँढ़ रही है तेरे को।ह्व

प्रसून ने पलटकर देखा। एक लड़का उसी बच्चे की ओर चला आ रहा था। चलते-चलते उसके कदम रुक गए। कपड़ों से लोगों का धर्म पहचानने की सलाहियत उसमें नहीं थी। उसने फिर चारों ओर देखा। पास ही एक औरत लक्ष्मी-पन्ना बेच रही थी। प्रसून ने गौर से देखा–उसकी कलाइयों में लाल चूड़ियाँ थीं और माँग में सिंदूर। आश्वस्त होकर वह लक्ष्मी-पन्ना खरीदने के लिए उसकी ओर बढ़ चला। पीछे से वसीम की आवाज आती रही– अरे बाबूजी, देख तो लो! सस्ते बेच रहा हूँ। लेकिन उसने पीछे मुड़कर नहीं देखा। वह लगातार लाल चूड़ियों वाली औरत की ओर तेज कदमों से बढ़ता रहा, मानो कोई प्रेत उसके पीछे पड़ गया हो।

कमलेश कंवल, उज्जैन

पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 07नवंबर 2026 शनिवार
सूर्योदय - 06:34सूर्यास्त 17:44
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - त्रयोदशी 10:31 उपरांत चतुर्दशी
नक्षत्र - चित्रा 06:31 उपरांत स्वाति
योग - प्रीति 04:44 उपरांत आयुष्मान
करण - वणिज
चन्द्रमा - कन्या में है।17:50 पर तुला में प्रवेश करेगा
मुस्लिम मास - जमादुअव्वल 26मास तारिख

मेष- कार्यस्थल पर आपकी मेहनत का फल मिलेगा, सम्मान बढ़ेगा। मां लक्ष्मी को लाल गुलाब अर्पित करें।

वृषभ- व्यापार में अचानक लाभ के अच्छे योग बन रहे हैं। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग और प्रेम मिलेगा।

मिथुन- आर्थिक स्थिति सुदृढ़ रहेगी, नए लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत उत्तम रहेगी, मन में उत्साह बना रहेगा।

कर्क- कार्यस्थल पर ध्यान भटकने न दें, काम पर ध्यान दें। व्यापार में लेन-देन के समय थोड़ी सतर्कता रखें।

सिंह- बच्चों के साथ अच्छा समय बिताएंगे, मन हल्का होगा। फिजूलखर्च पर नियंत्रण रखें, बजट संभालें।

कन्या- मानसिक तनाव से बचें, योग का सहारा लें। श्री सूक्त का पाठ करें या सुनें।

तुला- दफ्तर में आपके सुझावों की तारीफ होगी, पद बढ़ेगा। व्यापार में नए अनुबंधों पर हस्ताक्षर हो सकते हैं।

वृश्चिक- जीवनसाथी के साथ संबंध और अधिक मधुर होंगे। धन आगमन सुचारू रहेगा, वित्तीय सुरक्षा मिलेगी।

धनु- दफ्तर में आपकी कार्यकुशलता की प्रशंसा होगी। व्यापार में बड़ा मुनाफा होने के स्पष्ट योग हैं।

मकर- मित्रों और प्रियजनों के साथ खुशनुमा समय बीतेगा। आर्थिक स्थिति काफी सुदृढ़ होगी, नया लाभ होगा।

कुंभ- सेहत अच्छी रहेगी, मानसिक शांति मिलेगी। महालक्ष्मी मंदिर में कौड़ी अर्पित करें।

मीन- कार्यस्थल पर सावधानी बरतें, सहकर्मियों से विवाद न करें।

समसामयिक

दिल्ली की खराब होती आबोहवा के लिए पटाखे ही जिम्मेदार नहीं

देश की राजधानी दिल्ली की आबोहवा साल-दर-साल खराब होती जा रही है। त्योहारों के मौसम में या फसलों की कटाई के बाद दिल्ली में लोगों के लिए सांस लेना भी दुश्वार होता जा रहा है। दिल्ली में वायु प्रदूषण अमूमन साल भर बना रहता है, लेकिन सर्दियों के मौसम में यहां की आबोहवा इतनी जहरीली होने लगती है कि दिल्ली वासी शुद्ध हवा के लिए तरसते नजर आते हैं। यदि ऐसे ही हालात आने वाले कुछ वर्षों तक बने रहे तो दिल्ली मानव के रहने लायक महानगर नहीं रह जाएगी। देश की राजधानी दिल्ली की आबोहवा कितनी जहरीली हो चुकी है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि देश के सबसे बड़े त्योहार दीपावली पर इस बार दिल्लीवासियों को पटाखे भी सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय दिशा निदेर्शों के अनुसार ही फोड़ने होंगे। बेशक, दिल्ली की खराब होती आबोहवा के लिए पटाखों से निकलने वाले जहरीले रासायनिक धुएं को जिम्मेदार ठहराया जाता है। इसे लेकर अक्सर दिल्ली सरकार या कुछ संगठनों द्वारा जनहित याचिकाओं के माध्यम से पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध लगाने की मांग की जाती रही है। इस वर्ष देश की सर्वोच्च अदालत ने राजधानी दिल्ली में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध को शिथिल करते हुए तय मानकों वाले ग्रीन पटाखे एक निश्चित अवधि में फोड़ने की अनुमति जरूर दी है।



अरविन्द रावल
(दैनिक अवन्तिका)

बेशक, सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय के बाद दिल्ली में दीपावली पर तय मानकों के अनुरूप पटाखे फोड़े जाएंगे और एक बार फिर कुछ लोग दिल्ली की खराब आबोहवा के लिए पटाखों को दोषी ठहराते नजर आएंगे। सवाल यह है कि यदि पटाखे ही केवल वायु प्रदूषण के लिए जिम्मेदार हैं तो फिर देशभर की आबोहवा भी प्रदूषित होनी चाहिए और पटाखों पर पूरे देश में प्रतिबंध लगना चाहिए? दरअसल, देश या राजधानी दिल्ली की खराब और जहरीली होती आबोहवा के लिए वर्षभर होने वाला गैरकानूनी खनन, पराली जलाना और फैक्ट्रियों से निकलने वाला जहरीला धुआं भी पटाखों के धुएं से कहीं अधिक जिम्मेदार है। आज बेशक दिल्ली की आबो हवा बेहद खराब है और मानव जीवन के लिए खतरा बनती जा रही है, लेकिन इसके लिए जिम्मेदार हमारा आधुनिक होता विलासी जीवन भी है।

देश में जिस प्रकार विकास के नाम पर रोजाना जंगलों की अवैध कटाई हो रही है, महानगरों और नगरों में हरे-भरे पेड़ों की बलि चढ़ाई जा रही है, नदियों और पहाड़ों में अंधाधुंध अवैध खनन हो रहा है, कारखानों से निकलने वाला गंदा और जहरीला पानी नदियों में छोड़ा जा रहा है तथा फैक्ट्रियों से निकलने वाला जहरीला धुआं वातावरण को प्रदूषित कर रहा है, उससे भी देश की आबोहवा लगातार खराब हो रही है। फसलों की कटाई के बाद पराली जलाने का बढ़ता चलन भी वायु प्रदूषण की एक बड़ी वजह है। इसके बावजूद सरकारों में बैठे जिम्मेदार लोगों और सामाजिक संगठनों की चुप्पी प्रदूषण फैलाने वालों को कहीं न कहीं बढ़ावा देती है। यह स्थिति किसी भी नगर या महानगर के नागरिकों के जीवन के लिए गंभीर संकट खड़ा कर सकती है। यदि देश या दिल्ली की आबोहवा को शुद्ध, स्वच्छ और मानव जीवन के अनुकूल बनाए रखना है तो केंद्र और राज्य सरकारों के साथ-साथ सामाजिक संगठनों को भी नए सिरे से गंभीर मंथन करना होगा। प्रदूषण फैलाने वाले सभी कारकों पर अंकुश लगाने के लिए कठोर कानून बनाने होंगे और उनका ईमानदारी से पालन भी सुनिश्चित करना होगा। केवल दीपावली पर पटाखों को प्रतिबंधित करके वायु प्रदूषण की समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जा सकता। इसके लिए वर्षभर प्रदूषण फैलाने वाले प्रत्येक स्त्रोत के विरुद्ध समान रूप से सख्त कार्रवाई जरूरी है।

दीपक संस्कृति की विविधता में एकता

ऊं सच्चिदानन्दरूपाय नमोस्तु परमात्मने।
ज्योतिर्मयस्वरूपाय विष्वमांगल्यमूर्तये।।

मनुष्य ने प्रकाशमान स्वरूप वाले विश्व कल्याण मूर्तिमान के रूप में सच्चिदानन्द अर्थात सत, चित्त और आनंदमयी परमात्मा की कल्पना की है। इस परिप्रेक्ष्य में ऋग्वेद की ऋचाओं में विष्वव्यापी ब्रह्मांड को एक महामानव अर्थात विराट पुरुष माना गया है। इस विराट पुरुश का नृत्य सूर्य है, मन चंद्रमा और उसके कान एवं प्राण वायु है। इसका मुख अग्नि, नाभि अंतरिक्ष, मस्तक द्युलोक और इसके पैर पृथ्वी हैं। इसी अलोकित ब्रह्मांडीय पुरुश से मानव समुदायों का निर्माण माना गया है। अब आधुनिक वैज्ञानिक भी मानने लगे हैं कि ब्रह्मांड के स्वरूप में जो भी कुछ है, उसी का लघु रूप मनुश्य के षरीर और मस्तक में है। इसीलिए मनुश्य ने अनवरत प्रकाषित रहने वाली ऐसी मूर्ति की कल्पना की है, जो मानव कल्याण के लिए प्रकाषमान बनी रहे। हजारों साल से भारत में प्रकाष पर्व के रूप में दीपावली मनाई जा रही है। इस लंबे कालखंड में भारत पर अनेक आक्रामण हुए। तलवार के बूते धर्म और संस्कृति बदलने के उपक्रम किए गए, लेकिन दीपावली के पर्व को रोषन करने वाली दीप संस्कृति इन बदलावों से अछूती रहती हुई आज भी भारत के सांस्कृतिक वैभव को प्रकाषित कर रही है। जिन सांस्कृतिक धरोहरों को आक्रांताओं ने खंडित करके उनके वैभव को हर लिया था, उन धरोहरों अयोध्या के राम मंदिर, वाराणसी के काषी विष्वनाथ और उज्जैन के महाकाल का सांस्कृतिक वैभव लाखों दीपकों के प्रकाष से फिर उज्जवल हो उठा है। कालांतर में इस प्रकाष के विस्तार की किरण कृशण जन्मभूमि को भी आलोकित करने वाली है। अतएव इस दीप पर्व पर दीपकों की विपरीत समय में भी अक्षुण्ण बनी रही संस्कृति और उसके महत्व को जानते हैं।



प्रमोद भार्गव
(दैनिक अवन्तिका)

दीपावली प्रकाश पर्व है। यानी अंधकार पर प्रकाश की विजय का पर्व है। आदिकाल से चली आ रही सांस्कृतिक यात्रा का यह त्यौहार सामाजिक जीवन में प्रसन्नता, समरसता और मंगल का प्रतीक है। इस कालखण्ड में मानव ने मिट्टी, पत्थर, काठ, मोम और धातुओं के स्वरूप में हजारों तरह के शिल्प में दीपक गढ़े हैं। शुरूआत में दीवाली की मुख्य भावना दीप दान से जुड़ी थी। प्रकाश के इस दान को पुण्य का सबसे बड़ा कर्म माना जाता था। दीपों के कलात्मक आकार में मनुष्य की कल्पना व संवेदनशील उंगलियों का इतिहास भी अंकित है। इस जगत में जीवन जीने के लिए प्रत्येक प्राणी को उजाले की जरूरत पड़ती है। बिना उजाले के वह कोई कार्य सुरुचिपूर्ण ढंग से संपन्न नहीं कर पाता है। वैसे तो सबसे अधिक महत्वपूर्ण व उपयोगी प्रकाश सूर्य का है। इसके प्रकाश में ही अन्य सभी प्रकार के प्रकाश समाविष्ट रहते हैं। इसीलिए दीवाली को प्रकाश का पर्व कहा जाता है। कहा भी गया है,

शुभं करोति कल्याण आरोग्यं सुख संपदम्।
शत्रु बुद्धि विनाशं च दीपज्योतिः नमोस्तुते।।

शुरूआती दौर में सीपियों का दीपक के रूप में उपयोग किया जाता था। इसमें रोशनी पैदा करने के लिए चर्बी डाली जाती थी और बाती के रूप में घास या कपास की ही बत्ती होती थी। इसके बाद पत्थर और काठ के दीपक अस्तित्व में आए। तत्पश्चात मिट्टी के दिए बनाए जाने लगे। कुम्हार के चाक की खोज के बाद तो मिट्टी के दीए अनूठे व आकर्षक शिल्पों में अवतरित होने लगे और ये घर-घर आलोक-स्तंभ के रूप में स्थापित हो गए। धातुओं की खोज और उन्हें मनुष्य के लिए उपयोगी बनाए जाने के बाद बड़े लोगों के घरों व महलों की शोभा धातु के दिए बनने लगे। जो वैभव का प्रतीक भी थे। स्वर्ण, कांसा, तांबा, पीतल और लोहे के दीयों का प्रचलन शुरू हुआ।

धर्म-आस्था

इस दिवाली आसमान नहीं, अपना नजरिया रोशन कीजिए

दिवाली की रात कहीं खुशियों के धमाके गूँजते हैं, तो कहीं यही गूँज खौफ बन जाती है। आसमान में फूटता एक पटाखा किसी बच्चे को माँ की गोद में दुबकने, हृदय रोगी को बेचैन होने, बुजुर्ग को रातभर जागने और बेजुबान जानवर को पलंग के नीचे छिपने पर मजबूर कर देता है। उत्सव का यह अनदेखा दर्द अब शहरों की सोच बदल रहा है। लोग समझने लगे हैं कि अपनी खुशी के लिए दूसरों का सुकून छीनना जरूरी नहीं। यही वजह है कि कुछ परिवार धमाकों के बजाय दीयों की रोशनी, अपनों का साथ और सुकून भरी रात चुन रहे हैं। ह्यसाइलेंट दिवालीह्ण का बढ़ता चलन इसी नई संवेदना का प्रतीक है। यह केवल पटाखों से दूरी नहीं, बल्कि दूसरों के दर्द को समझने और उनके सुकून का सम्मान करने की सामाजिक पहल है।



प्रो. आर.के. जैन
(दैनिक अवन्तिका)

शहरों में बढ़ता शोर सुकून दुर्लभ बना रहा है। हॉर्न, निर्माण कार्यों की ठक-ठक, बाजारों का कोलाहल और मोबाइल की सूचनाएँ सुबह से ही कानों को चैन नहीं लेने देतीं। दिवाली पर पटाखे ध्वनि-प्रदूषण बढ़ा देते हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, आवासीय क्षेत्रों में रात का ध्वनि स्तर 45 और शांत क्षेत्रों में 40 डेसिबल से अधिक नहीं होना चाहिए। दिल्ली, पुणे और गाजियाबाद में दिवाली की रात यह स्तर अक्सर 70 से 90 डेसिबल तक पहुँच जाता है। दिल्ली के करोल बाग में 2025 की दिवाली पर 93.5 डेसिबल दर्ज हुआ। एक जोरदार पटाखा 140 से 160 डेसिबल तक शोर पैदा कर सकता है, जो नजदीक से जेट विमान के उड़ान भरने के शोर के लगभग बराबर है। यानी, चंद पलों का मनोरंजन गंभीर ध्वनि-आघात बन सकता है। पटाखों का शोर थम जाता है, लेकिन उसका असर शरीर और मन पर देर तक रहता है। ध्वनि प्रदूषण दिखाई नहीं देता, फिर भी भीतर तक नुकसान पहुँचाता है। छोटे बच्चों का श्रवण तंत्र अभी विकसित हो रहा होता है, जबकि बुजुर्गों और हृदय रोगियों के लिए अचानक होने वाले धमाके परेशानी बढ़ा सकते हैं। चिकित्सकीय अध्ययन अत्यधिक शोर को तनाव हार्मोन बढ़ने, नींद टूटने और हृदय संबंधी जोखिमों से जोड़ते हैं। इसका असर पशु-पक्षियों पर भी पड़ता है। पालतू कुत्ते-बिल्लियाँ डरकर छिप जाते हैं और पक्षी घबराकर बसेरों से उड़ जाते हैं। अस्पतालों के मरीज बेचैन रहते हैं और परिवार रातभर परेशान होते हैं। आखिर किसी की खुशी दूसरों के स्वास्थ्य, नींद और मानसिक शांति से बढ़कर कैसे हो सकती है?

बदलाव तब आता है, जब लोग नियमों के डर से नहीं, दूसरों की तकलीफ समझकर व्यवहार बदलते हैं। पुणे के कई मोहल्लों में निवासी समूहों ने हाल के वर्षों में शांत दिवाली मनाने का फैसला किया है। किसी ने पालतू जानवरों का डर देखा, किसी ने अस्पताल के मरीजों की परेशानी महसूस की, तो किसी ने धमाकों के बीच बच्चों को कानों पर हाथ रखे पाया। इन अनुभवों ने उन्हें समझाया कि त्योहार की खुशी दूसरों का सुकून छीनकर नहीं मनानी चाहिए। तमिलनाडु के कुछ गाँवों में पक्षियों की सुरक्षा के लिए दशकों से बिना पटाखों के दिवाली मनाई जाती है। वहाँ प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व अपनाया गया है। अब शहर भी इसी सोच को अपना रहे हैं और मनुष्यों के साथ पशु-पक्षियों के सुकून को महत्त्व दे रहे हैं।

लॉकडाउन ने शहरों को शांति का महत्त्व समझाया। सड़कें सूनी हुईं, यातायात थमा और बरसों से गूँजता शोर अचानक कम हो गया। लोगों ने महसूस किया कि शांति केवल शोर का अभाव नहीं, बल्कि जीवन की जरूरत है। घरों में रहने के अनुभव ने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक किया। सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शों ने इस बदलाव को दिशा दी। पटाखों के इस्तेमाल, समय-सीमा और ग्रीन पटाखों को लेकर नियम बने, लेकिन असली बदलाव परिवारों के फैसलों से आ रहा है। कई घरों में आतिशबाजी के बजाय दीये, रंगोली, फुलझड़ियों और पारिवारिक मेल-मिलाप को प्राथमिकता मिल रही है। कानून पटाखे चलाने का समय तय कर सकता है, मन में संवेदना नहीं जगा सकता। यह काम सामाजिक समझ ही कर सकती है। शांत दिवाली शहरों को वह सुकून लौटा सकती है, जिसे वे विकास की दौड़ में पीछे छोड़ आए हैं। कल्पना कीजिए, जब बुजुर्ग बेखौफ बरामदे में बैठे हों, अस्पताल के पास रहने वाला मरीज चैन से सो रहा हो, बच्चे दादा-दादी की कहानियाँ सुन रहे हों और पालतू जानवर धमाकों से घबराकर न छिप रहे हों। पड़ोस से हँसी सुनाई दे और बातचीत के लिए आवाज ऊँची न करनी पड़े।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2750-3470, चना काबली- 5500-10100, चना बड़ा- 6451-6980, मक्का- 2485, उड़द- 4000-7911, मूंग- 2200, सोयाबीन- 2400-7313, मैथीदाना- 6151, राजमा- 8926, बटला- 1611- 3491, मसूर- 8000, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेर्ण्ड- 1,47,000 रवा- 1,46,500 चांदी-टंच- 1,92,500 पाट- 1,19,500।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com

अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत, एक घायल

शाजापुर। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बुधवार रात करीब 10.30 बजे शाजापुर के लालघाटी थाना क्षेत्र में कतवारियां जोड़ के पास तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार अशोक निवासी डिंडोरी की मौत हो गई। वहीं मोहन बड़ोदिया के कोडाना गांव निवासी जगदीश घायल हो गया। गुरूवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से पजेरो क्षतिग्रस्त

शाजापुर। अज्ञात वाहन ने पजेरो वाहन को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। जानकारी के अनुसार मुंबई से कानपुर की ओर जा रही पजेरो को शाजापुर टुकराना जोड़ पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी को कोई चोंट नही आई। पजेरों में आकाश देवाकर, अभिषेक यादव और रितिक रोशन सवार थे।

सीसीटीवी फुटेज से पकड़ाया बाइक चोर

शाजापुर। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार संजय गुर्जर ने 4 नवंबर 2026 को कोतवाली थाने पर शिकायत दर्ज कराई थी कि वह पवन चक्की स्थित रिन्यू कंपनी के कार्यालय में काम करता है और उसकी बाइक कार्यालय की पार्किंग से कोई बदमाश चोरी कर ले गया है। मामले में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और आरोपी अर्जुन पिता विष्णु प्रसाद प्रजापति 32 वर्ष, निवासी ग्राम टुकराना को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्ज से चोरी गई भी बरामद की गई।

नगरपालिका ने पटेलवाड़ी में काटे 10 नल कनेक्शन

शाजापुर। नगर पालिका की टीम ने शहर के पटेलवाड़ी क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 अवैध नल कनेक्शन काट दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर पालिका प्रशासन को लंबे समय से पटेलवाड़ी क्षेत्र में अवैध कनेक्शनों की शिकायतें मिल रही थीं। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर नगर पालिका के विशेष अमले ने पटेलवाड़ी में पहुंचकर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने कनेक्शन चेक किए। चेकिंग के दौरान मिले अवैध कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गई।

एक साथ पांच जिला बदर बदमाश गिरफ्तार, शाजापुर जिले में पहली बार हुई कार्रवाई

रोजगार मेले में युवाओं के सपनों को मिले पंख, 102 का हुआ प्रारंभिक चयन, 89 को मिला स्वरोजगार लोन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



बेरोजगार युवाओं को रोजगार और आत्मनिर्भरता की नई राह दिखाने के लिए गुरुवार को शहर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। स्थानीय पंडित बालकृष्ण शर्मा नवीन महाविद्यालय में लगे इस मेले में नौकरी की तलाश में पहुंचे युवाओं का खासा उत्साह देखने को मिला। मेले की सबसे खास बात यह रही कि जहां एक ओर 7 प्रमुख कंपनियों ने सीधे साक्षात्कार के जरिए 102 युवाओं को नौकरी के लिए चुना, वहीं दूसरी ओर युवाओं को अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने के लिए हाथों-हाथ ऋण भी बांटे गए।

रोजगार मेले में पहुंचे युवाओं ने कंपनियों के स्टॉल पर अपना पंजीयन कराया और साक्षात्कार सहित चयन की विभिन्न प्रक्रियाओं में हिस्सा लिया। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने शैक्षणिक योग्यता, कौशल और कार्यक्षमता के आधार पर आवेदकों को परखा। इस युवा संगम में मुख्य रूप से वर्धमान फेब्रिक्स बुधनी, एमकेसी आयशर देवास, पुखराज हेल्थ केयर भोपाल, पुष्कल एग्रो भोपाल, भारतीय जीवन बीमा निगम शाजापुर, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस शाजापुर और एचडीएफसी शाजापुर जैसी कंपनियों ने शिरकत की।

मेले में नौकरी के साथ-साथ स्वरोजगार पर भी विशेष जोर दिया गया। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत 22 हितग्राहियों को और ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 67 हितग्राहियों को ऋण प्रदान किया गया। इस दौरान केंद्र के अधिकारियों ने युवाओं को शासन की विभिन्न स्वरोजगार ऋण योजनाओं की विस्तार से जानकारी भी दी।

काउंसलिंग, ट्रेनिंग और हेल्थ चेकअप की सुविधा

इस आयोजन में आरसेटी शाजापुर ने स्वरोजगार प्रशिक्षण देने के लिए 55 आवेदकों का चयन किया। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 52 आवेदकों का हेल्थ चेकअप किया। श्रम विभाग द्वारा युवाओं को श्रम से जुड़ी विभिन्न लाभकारी योजनाओं और सुविधाओं से अवगत कराया गया। मेले में मौजूद मनोवैज्ञानिकों और विषय विशेषज्ञों ने आवेदकों की करियर काउंसलिंग की और उन्हें भविष्य के बेहतर विकल्पों के लिए उचित मार्गदर्शन दिया।



विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मिला अवसर, तीन दिवसीय युवा उत्सव का समापन

शाजापुर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बी.के.एस.एन गवर्नमेंट कॉलेज में तीन दिवसीय युवा उत्सव कार्यक्रम का गुरूवार को उत्साह एवं उमंग के साथ समापन हुआ। समापन कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि के रूप में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. दिनेश निंगवाल, आईक्यूएसी के प्रभारी डॉ. अरूण कुमार बोडाने, डॉ. बी.एल मालवीय, डॉ. श्वेता चौहान, प्रो. अरविंद शर्मा, डॉ. सविता यादव थे। सर्वप्रथम मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया। इस दौरान युवा उत्सव कार्यक्रम संयोजक डॉ. श्वेता चौहान ने तीन दिवसीय युवा उत्सव कार्यक्रम की गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अतिथियों ने कहा कि युवा उत्सव के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है और युवा उत्सव के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और उत्साह में वृद्धि होती है। समापन पर युवा उत्सव के दौरान हुई विभिन्न गतिविधियों प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। समापन पर डॉ. अर्चना वर्मा, डॉ. सुनील आडवानी, डॉ. प्रवीण कुमार सोनी, सोनू मालवीय, प्रो. प्रिया जोशी, प्रो. निर्मला गेहलोत, प्रो. प्रतिका परमार, प्रो. अभिषेक पाटीदार, डॉ. सचिन कवठेकर, डॉ. भगवानलाल कलाल, डॉ. संजय राठौर, डॉ. टी.एल चौहान, डॉ. प्रवीण कुमरावत, डॉ. उत्तम उपाध्याय, डॉ. नेहा तिवारी, डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा, प्रो. खुशबू बेग, पायल परमार, विनोद परमार, मुकेश सोलंकी आदि उपस्थित थे।

जिला स्तरीय युवा उत्सव में एकेडमी ने हासिल किया दूसरा स्थान

लोकनृत्य स्पर्धामें छात्राओं ने बिखेरी प्रतिभा, लोकगीत और चित्रकला में भी लिया हिस्सा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव में नगर की शिक्षण संस्था जॉय किड्स एकेडमी के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाजापुर के बहुउद्देशीय हॉल में आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं ने लोकनृत्य स्पर्धा में पूरे जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त कर उपलब्धि हासिल की।

युवा उत्सव में विद्यार्थियों ने लोकनृत्य, लोकगीत एवं लोक चित्रकला सहित विभिन्न विधाओं में भाग लिया। कार्यक्रम में कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी तथा विकासखंड खेल अधिकारी हुकुम सिंह परमार के मार्गदर्शन में आयोजन संपन्न हुआ।

लोकनृत्य प्रतियोगिता में समृद्धि नागर, अवनी जैन, ऋषिका गेहलोत, रिषा धाकड़, पलक सूर्यवंशी, आरुषी गोस्वामी, श्वेता कटारिया एवं अनुष्का मेवाड़ा ने शानदार प्रस्तुति देकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय संचालिका रिंकू सोलंकी, शिक्षिका उमा अग्रवाल एवं समीक्षा राजपूत ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। 401

कन्नौद-खातेगांव और नेमावर में 3.34 लाख की शराब और महुआ लाहन जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खातेगांव



देवास जिले के कन्नौद, खातेगांव और नेमावर में आबकारी विभाग ने कार्रवाई कर 3 लाख 34 हजार 100 रुपए की शराब और महुआ लाहन जब्त किया। विभाग ने कुल 14 प्रकरण दर्ज किए हैं। कार्रवाई के दौरान एक जगह टीम को देखकर आरोपी मौके से भाग गया।

काला फाटा हतनौरा में एक खेत पर बने मकान की तलाशी में 100 पाव देशी मदिरा प्लेन, 50 पाव विदेशी मदिरा व्हिस्की और 30 लीटर हाथ भट्टी शराब मिली। टीम को देखकर आरोपी मौके से फरार हो गया। उसके खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

कन्नौद, खातेगांव और नेमावर के अलग-अलग स्थानों पर तलाशी के दौरान 60 लीटर हाथ भट्टी मदिरा और 3000 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया।

पूरी कार्रवाई में कुल 90 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 100 पाव देशी शराब, 50 पाव विदेशी व्हिस्की और 3000 किलोग्राम महुआ लाहन मिला। आबकारी विभाग ने मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 14 प्रकरण दर्ज किए हैं। हाथ भट्टी शराब के नमूने एफएसएल जांच के लिए भेजे जाएंगे। जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण में अन्य धाराएं भी जोड़ी जा सकती हैं।

खेलों से मिलता है अनुशासन और संघर्ष का संदेश, विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह



शुजालपुर। कॉन्वेंट स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्साह और खेल भावना के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीएम अंकिता पाटकर रहीं। विद्यालय के मैनेजर फादर कुरियन एवं प्राचार्य सिस्टर जैस की उपस्थिति में प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत भाषण के साथ हुई। स्कूल स्पोर्ट्स सेक्रेटरी आर्य शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। खेल शिक्षक मनीष इचोरिया ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ भेंट किया। इसके बाद विद्यालय के चारों हाउस के मार्चपास्ट दलों ने मुख्य अतिथि को सलामी दी। चैंपियन ने मुख्य अतिथि को मशाल सौंपी, जिसके साथ ही खेल महोत्सव का आगाज हुआ। फादर कुरियन ने कहा कि खेल केवल जीतना ही नहीं सिखाते, बल्कि हार स्वीकार करने, अनुशासन, धैर्य, टीम भावना और संघर्ष करने की प्रेरणा भी देते हैं। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वहीं एसडीएम अंकिता पाटकर ने विद्यार्थियों को खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की सीख दी। उन्होंने मोबाइल से दूरी बनाकर मैदान में अधिक समय बिताने और खेल गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के स्पोर्ट्स लीडर युवराज सिंह ने सभी विद्यार्थियों को खेल भावना, अनुशासन और निष्पक्षता के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत भी किया गया। अंत में स्पोर्ट्स क्लब की ओर से अंशिका जोशी ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। दो दिवसीय खेल महोत्सव में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



सफाईकर्मियों की हड़ताल से सफाई व्यवस्था ठपः बाजारों में लगे कचरे के ढेर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

प्रदेशभर में सफाईकर्मियों की हड़ताल का असर शुक्रवार को शाजापुर में भी दिखा। सुबह से ही कर्मचारी एकजुट होकर हड़ताल पर रहे, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो गई। प्रमुख चौराहों और बाजारों में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे रहे। दीपावली के नजदीक होने के कारण खरीदारी के लिए पहुंच रहे लोगों और व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

गंदगी बढ़ने पर कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकानों के सामने खुद ही सफाई की। दुकानदार संजय भावसार ने बताया कि दीपावली नजदीक है और बाजार में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ गई है। ऐसे में दुकानों के सामने कचरा जमा होने से ग्राहक भी आने से कतरा रहे हैं। मजबूरी में उन्हें खुद सफाई करनी पड़ रही है।

हड़ताल का असर कचरा संग्रहण व्यवस्था पर भी पड़ा। रोजाना सुबह 7 से 7:30 बजे तक गली-मोहल्लों में पहुंचने वाली कचरा गाड़ी शुक्रवार को नहीं आई। इससे लोगों को घरों का कचरा अंदर ही रखना पड़ा। नियमित कचरा संग्रहण नहीं होने से आने वाले दिनों में सफाई व्यवस्था और प्रभावित होने की आशंका है।

त्योहारी बाजारों में पसरी गंदगी

दीपावली के चलते इन दिनों बाजारों में खासी चहल-पहल है। लोग खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं, लेकिन सफाई नहीं होने से बाजारों में गंदगी पसरी रही। दुकानों के सामने कचरा जमा होने से व्यापारियों और ग्राहकों को परेशानी हुई।

दीपावली से पहले अकोदिया मंडी में 1480 क्विंटल आवक

सोयाबीन 6920 और चना 10061 रुपए प्रति क्विंटल तक बिका, 11 नवंबर तक नीलामी बंद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया



अकोदिया में दीपावली पर्व से पहले गुरुवार को कृषि उपज मंडी में किसानों की अच्छी आवक रही। मंडी में कुल 1480 क्विंटल उपज की आवक दर्ज की गई। किसानों ने मंडी में अपनी उपज बेची और बाजार से दीपावली की खरीदारी भी की। मंडी सचिव चंद्र सिंह परमार ने शाम 4 बजे भाव सूची जारी कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दीपावली के चलते 6 से 11 नवंबर तक मंडी में नीलामी कार्य बंद रहेगा। 12 नवंबर को शुभ मुहूर्त में खरीदी दोबारा शुरू होगी।

गुरुवार को अकोदिया मंडी में गेहूं की 300 क्विंटल आवक रही। इसके भाव 2650 से 3050 रुपए और मॉडल भाव 2850 रुपए प्रति क्विंटल रहे। सोयाबीन की 1000 क्विंटल आवक हुई। इसके भाव 6000 से 6920 रुपए और मॉडल भाव 6800 रुपए रहे। चना 25 क्विंटल आया, जो 6500 से 10061 रुपए तक बिका। इसका मॉडल भाव 8000 रुपए रहा। मसूर की 5 क्विंटल आवक रही। इसके भाव 6200 से 6500 रुपए और मॉडल भाव 6400 रुपए रहे। प्याज 100 क्विंटल आया, जो 1000 से 4440 रुपए तक बिका। वहीं लहसुन के 50 क्विंटल की आवक रही, जिसके भाव 3000 से 15500 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

फल-सब्जी उप मंडी पोलायकलां में भी प्याज और लहसुन की अच्छी आवक रही। यहां प्याज के 200 कट्टे आए। एक्स्ट्रा सुपर 3800 से 4000 रुपए, सुपर 3500 से 3800 रुपए, एवरेज 3200 से 3400 रुपए, गोल्टा 2200 से 2500 रुपए, गोल्टी 1500 से 2000 रुपए और खादू 500 से 1000 रुपए प्रति क्विंटल बिका।

लहसुन की 2000 कट्टे आवक रही। एक्स्ट्रा सुपर 14000 से 16000 रुपए, सुपर 12000 से 14000 रुपए, मीडियम 9000 से 10000 रुपए, गोल्ट 7500 से 8000 रुपए, गोल्डी 6000 से 7000 रुपए और छटान वाला लहसुन 2000 से 5000 रुपए प्रति क्विंटल बिका।

12 नवंबर से फिर शुरू होगी खरीदी

मंडी सचिव चंद्र सिंह परमार ने बताया कि दीपावली पर्व के चलते 11 नवंबर तक नीलामी बंद रहेगी। 12 नवंबर को शुभ मुहूर्त में खरीदी शुरू होगी। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित तारीख से अपनी उपज लेकर मंडी पहुंचें।

अवैध शराब के साथ 2 महिलाएं गिरफ्तार, 160 ली. हाथभट्टी की कच्ची शराब जब्त

ब्यावरा। राजगढ़ जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ब्यावरा प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी मलावर उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में थाना मलावर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो महिलाओं को 160 लीटर अवैध हाथभट्टी की कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। सहायक उपनिरीक्षक जैलसिंह भंवर को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम लखनवास बड़ली में दो महिलाएं हाथभट्टी की अवैध कच्ची शराब बिक्री करने के लिए बैठी हैं। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए पुलिस टीम आवश्यक अभिलेखीय कार्रवाई एवं स्वतंत्र साक्षियों के साथ मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंची।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार बैंक बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा वेद नगर उज्जैन (म.प्र.) के द्वारा डायवर्टेड कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 380 रकबा 0.150 हेक्टर, ग्राम निनोरा, पटवारी हल्का नंबर 29 तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं, जिसकी चतुर्सीमा पूर्व में खुली भूमि रोड निनोरा, पश्चिम में कचरू की भूमि, उत्तर में जग्गू की कृषि भूमि, एवं दक्षिण में जग्गू की कृषि भूमि स्थित है। उपरोक्त संपत्ति पर मेरे पक्षकार बैंक के द्वारा मेसर्स ब्लू बेवरेजेस कंपनी, कार्यालय बी 20/9, महानंदानगर, देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.) द्वारा प्रोपराइटर रवीना सिंह पिता श्री अशोक सिंह भदोरिया, निवासी रू-ए-18/7, बसंत विहार कॉलोनी उज्जैन (म.प्र.) को टर्म लोन प्रदान कर रखा है एवं ऐसी स्थिति में उपरोक्त संपत्ति मेरे पक्षकार बैंक के पास बंधक है। मेरे पक्षकार बैंक को यह जानकारी प्राप्त हुई है कि उपरोक्त संपत्ति को श्री प्रेशित निनावे पिता श्री विठ्ठल निनावे प्रोपराइटर (एक्वान इंडस्ट्रीज, ग्राम निनावे) निवासी :- ए -25/10, बसंत विहार कॉलोनी उज्जैन (म.प्र.) के द्वारा अन्यत्र किसी भी रूप में अंतरित करने का प्रयास किया जा रहा है, उक्त कारण से मेरे पक्षकार बैंक के द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार बैंक के अनुमति सहमति के बिना एवं मेरे पक्षकार बैंक के उक्त संपत्ति पर प्रचलित टर्म लोन के भुगतान के बिना उक्त संपत्ति के संबंध में कोई व्यक्ति, निगम, निकाय, समिति, संस्था, व्यक्तियों का समूह, बैंक इत्यादि किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार (ट्रांजैक्षन) ना करें यदि वर्तमान जाहिर सूचना के उपरांत भी किसी भी प्रकार का संव्यवहार (ट्रांजेक्शन) किसी भी व्यक्ति के द्वारा किया जाता है तो ऐसी स्थिति में वर्तमान जाहिर सूचना के प्रकाषित होने के उपरांत ऐसा संव्यवहार (ट्रांजेक्शन) मेरे पक्षकार बैंक के उपरोक्त संपत्ति पर प्रचलित टर्म लोन एवं हित व अधिकार पर प्रभावित नहीं होगा। सो सूचित हो। इति दिनांक- 06.11.2026 स्थान : उज्जैन (म.प्र.)

विशाल चौबे हाईकोर्ट एडवोकेट
कार्यालय 303, तृतीय मंजिल, स्मार्ट ट्रेड सेन्टर, आर.बी. जोन के पास फ्रीगंज, उज्जैन (म.प्र.)
मो.न. 98937-45889

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरे पक्षकार ने सीमाबाई पति राजेश जाति कलोता निवासी गुणावद तह. बडनगर जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे नं. 588/1 रकबा 0.12 हे0, भूमि कुल किता 01 कुल रकबा 0.12 है० स्थित ग्राम गुणावद तह. बडनगर उक्त भूमि कि चतुर्सीमा पूर्व दिशा सर्वे नं. इसीनंबर कि शेष भूमि जो भावना बाई को बिकी कि है, पश्चिम दिशा में भारतसिंह की भूमि उत्तर दिशा में -अमजद पटेल की भूमि तथा दक्षिण दिशा में आम रास्ता को विक्रय करने का सौदा दिनांक 04.11.2026 को कर बयाना राशी अदा कर दि है तथा उक्त भूमि का विक्रय अनुबंध पत्र एवं अनुबंध पत्र भी मेरे पक्षकार के पक्ष में सम्पादित होना है और उक्त भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित व पंजीकृत होना है। यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी संस्था, बैंक निकाय का ऋण भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भूमि से सम्बधित मुख्तयारनामा आम या मुख्तयार नामा खास हो अथवा इस सम्पत्ति में उपरोक्त भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित, स्वत्व व अधिकार हो या अन्य कोई आपत्ति हो तो जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में लिखित रुप से मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ति दर्ज करावें अवधि व्यतित होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी तथा मेरा पक्षकार अनुबंधित भूमि का विक्रय पत्र अपने पक्ष में सम्पादित करा लेवेगा । सुचित हो दिनांक 06.11.2026

अंसार पटेल एडव्होकेट
न्यायालय परिसर तह. बडनगर जिला उज्जैन मो. 9770281664

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को इस जाहिर सुचना द्वारा सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने एक किता मकान जो कि पक्का आर. सी. सी का बना होकर नगर पालिका सीमा नागदा का मकान कमांक पुराना 38 व नवीन 58 जो, वार्ड नंबर 05 अंर्तगत मोहल्ला अम्बेमाता मन्दीर के पास चम्बल मार्ग ईदगाह के सामने स्थित है, जिसकी लम्बाई पूर्व से पश्चिम 61 फीट गाने 18.60 मीटर व चौड़ाई उत्तर से दक्षिण 10 फीट 3 इंच याने 3.12 मीटर होकर जिसका कुल क्षेत्रफल 58.03 वर्गमीटर होकर जिसकी चतुर्सीमा इस प्रकार है कि पूर्व में आम रास्ता, पश्चिम में गली, उत्तर मे नानुराम का मकान, व दक्षिण में सूरजभान का मकान स्थित है। जो मेरे पक्षकार नें भरतदास बैरागी पिता सिद्धदास बैरागी से क्रय कर अनुबंध का निष्पादन करवाया है यदि किसी भी व्यक्ति कों उक्त मकान के बाबत स्वत्व सम्बन्धी, कब्जा सम्बन्धी या बंधक संबंधी अन्य कोई भी विवाद हो या अन्य किसी का उक्त संपत्ति पर कोई ऋण बकाया हो या किसी भी शासकिय या अर्द्धशासकीय संस्था द्वारा बंधक किया हो या मार्डगेज किया हो, या कोई लेनदारी हो या किसी भी न्यायालय में वाद विचाराधीन हो या उक्त मकान के विक्रय से किसी को कोई आपत्ति हो तो इस प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे निम्नांकित कार्यालय में शाम 7:30 से 9:00 बजे तक पेश करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकें। अन्यथा नियत अवधि पश्चात शेष विक्रय राशि अदा कर मेरा पक्षकार विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेवेगा व नियत अवधि पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही कि जावेगी। सुचित हो। इति दिनांक :- 06/11/2026

अशोक पोरवाल एडव्होकेट
150, जवाहर मार्ग, शेषशायी कालेज के पास नागदा जं० जिला उज्जैन म.प्र.
मो. नं. 9827265873

कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

विशाला भवन, भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र, देवास रोड उज्जैन, 456010
सम्पर्क - 0734 2511048, फेक्स 0734 2511047

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की त्रिवेणी विहार योजना मे स्थित भूखण्ड क्रमांक ए-8/5 श्रेणी एम.-1 श्री ज्ञानेश्वर तिवारी पिता श्री बी.पी. तिवारी एवं कु. कुहुक तिवारी (वर्तमान में वयस्क), ए-66, मन्दाकिनी बस्ती, भोपाल (म.प्र.) के नाम पर दिनांक 26.12.2014 को लीज आधार पर आवासीय उद्देश्य हेतु आवंटित किया गया हैं। उक्त सम्पत्ति की लीजड़ीड़ दिनांक 13.01.2025 को सम्पादित की गई हैं।

वर्तमान आवंटी श्री ज्ञानेश्वर तिवारी पिता श्री बी.पी. तिवारी एवं कु. कुहुक तिवारी (वर्तमान में वयस्क), ए-66, मन्दाकिनी बस्ती, भोपाल (म.प्र.) के द्वारा उक्त सम्पत्ति के विक्रय/अंतरण हेतु वांछित दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति का अंतरण श्री बुधराम यादव पिता श्री रामनारायण यादव, निवासी-22, काछी मोहल्ला, इन्दौर (म.प्र.) के नाम पर किये जाने हेतु निवेदन किया गया हैं।

अतः आवंटी द्वारा यदि अन्य किसी भी व्यक्ति/बैंक/वित्तीय संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति का सौदा किया गया हो या रहन/गिरवी/ मार्टगेज रखी गई हो अथवा उक्त संपत्ति विक्रय/अंतरण में किसी अन्य को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन तिथि के 07 दिवस में मय ठोस प्रमाण (प्रमाणित दस्तोवज) के लिखित रूप में सम्पदा शाखा में नियत अवधि के पूर्व प्रस्तुत कर आवेदन पत्र की पावती प्राप्त करें अन्यथा निर्धारित समयावधि पश्चात प्राधिकरण द्वारा विक्रय / अंतरण अनुमति दिये जाने की कार्यवाही की जावेगी।

सहायक सम्पदा अधिकारी
उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को इस जाहिर सुचना द्वारा सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने एक किता मकान जो कि गाडर फर्सी का बना होकर नगर पालिका सीमा नागदा मे स्थित मकान कमांक पुराना 20 जो वार्ड नंबर पुराना 6 नया 9 अंर्तगत मोहल्ला महात्मा गांधी मार्ग नागदा जिला उज्जैन मे स्थित है, जिसकी लम्बाई पूर्व से पश्चिम 45 फीट याने 13.72 मीटर व चौड़ाई उत्तर से दक्षिण 8 फीट 6 इंच याने 2.59 मीटर होकर जिसका कुल क्षेत्रफल 35.53 वर्गमीटर होकर जिसकी चतुर्सीमा इस प्रकार है कि पूर्व में आम रास्ता महात्मागांधी मार्ग, पश्चिम में सिनेमा कि बाउडीवाल, उत्तर मे श्री मोहनलाल जी भटेवरा का मकान, व दक्षिण में रमेशचन्द्र मेहता का मकान स्थित है। जो मेरे पक्षकार नें नरेश कुमार जैन पिता अनोखीलाल जैन व नितिन कुमार व रेख पति नरेश कुमार व दीपिका पति अमित कटारीया से क्रय कर अनुबंध का निष्पादन करा लिया है यदि किसी भी व्यक्ति कों उक्त मकान के बाबत स्वत्व सम्बन्धी, कब्जा सम्बन्धी या बंधक संबंधी अन्य कोई भी विवाद हो या अन्य किसी का उक्त संपत्ति पर कोई ऋण बकाया हो या किसी भी शासकिय या अर्द्धशासकीय संस्था द्वारा बंधक किया हो या मार्डगेज किया हो, या कोई लेनदारी हो या किसी भी न्यायालय में वाद विचाराधिन हो या उक्त मकान के विक्रय से किसी को कोई आपत्ति हो तो इस प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे निम्नांकित कार्यालय में शाम 7:30 से 9:00 बजे तक पेश करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकें। अन्यथा नियत अवधि पश्चात शेष विक्रय राशि अदा कर मेरा पक्षकार विक्रय पत्र का निष्पादन करा लेवेगा व नियत अवधि पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही कि जावेगी।

सुचित हो। इति दिनांक :- 05/11/2026

अशोक पोरवाल एडव्होकेट
150, जवाहर मार्ग, शेषशायी कालेज के पास नागदा जं० जिला उज्जैन म.प्र. मो. नं. 9827265873

पंजाब में यात्रियों से भरी चलती ट्रेन में आग लगी



लुधियाना। पंजाब में शुक्रवार दोपहर चलती कर्मभूमि एक्सप्रेस में अचानक आग लग गई। आग इंजन के साथ लगे जनरल डिब्बे में भड़की और देखते ही देखते ट्रेन के 4 जनरल कोच इसकी चपेट में आ गए। आग की चपेट में आए डिब्बों में यात्री सवार थे। इससे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। ट्रेन रुकते ही यात्री जान बचाने के लिए नीचे उतरकर खेतों की ओर भागने लगे। इस दौरान कई यात्रियों ने ट्रेन से छलांग भी लगा दी। घटना फतेहगढ़ साहिब के साधुगढ़ और पटियाला के सराय बंजारा रेलवे स्टेशन के बीच हुई। सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन, दमकल विभाग और राहत टीमों को अलर्ट किया गया। रेलवे के अनुसार, ट्रेन नंबर 12508 कर्मभूमि एक्सप्रेस अमृतसर से पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी जा रही थी। हादसा दोपहर करीब सवा 1 बजे हुआ। सरकारी रेलवे पुलिस ने बताया कि कोच के पंखे में शॉर्ट सर्किट होने के कारण यह घटना हुई। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

सीबीएसई 10 वीं-12 वीं की परीक्षाएं 16 फरवरी से

नई दिल्ली। CBSE ने शुक्रवार को कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की डेटशीट जारी कर दी है। दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं 16 फरवरी 2027, से शुरू होंगी। सभी पेपर सुबह 10:30 बजे से होंगे। कक्षा 10 की परीक्षाएं 9 मार्च को समाप्त होंगी, जबकि कक्षा 12 की परीक्षाएं 9 अप्रैल को खत्म होंगी।CBSE के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने बताया, कक्षा 10 के स्टूडेंट्स 83 विषयों में और कक्षा 12 के स्टूडेंट्स 121 विषयों में परीक्षा देंगे। परीक्षाओं की शुरुआत से 101 दिन पहले डेट शीट जारी की गई है।

माता-पिता की कमाई से नहीं तय होगा आरक्षण

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने यूपीएसी परीक्षाओं में ओबीसी क्रीमी लेयर आरक्षण पर केंद्र सरकार की संशोधन याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि ओबीसी आरक्षण के तहत 'क्रीमी लेयर' तय करने का आधार केवल माता-पिता की सैलरी या आय को नहीं बनाया जा सकता। अदालत ने कहा कि किसी उम्मीदवार को आरक्षण के दायरे से बाहर करने के लिए केवल वेतन को पैमाना मानना सही नहीं है। इसके लिए माता-पिता के सोशल स्टेटस और उनके पद की प्रकृति को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। केंद्र ने (सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों) और प्राइवेट सेक्टर की नौकरियों के पदों की सरकारी पदों से समानता तय करने और नई व्यवस्था बनाने के लिए दो साल का समय मांगा था। सुप्रीम कोर्ट ने यह मांग स्वीकार नहीं की। कोर्ट ने फैसले का पालन करने के लिए आठ हफ्ते का अतिरिक्त समय दे दिया है।

नाबालिग की आंखों पर पट्टी बांधकर पेट्रोल डाला

कोलकाता। दक्षिण कोलकाता में एक किशोर को आंखों पर पट्टी बांधकर पेट्रोल डाला गया। इसके बाद उसे आग लगा दी गई। पुलिस ने इस मामले में दो नाबालिगों समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, यह घटना 27 अक्टूबर की है। आरोपियों ने हमले का वीडियो बनाया था। शक है कि वे इसे सोशल मीडिया रील के लिए रिकॉर्ड कर रहे थे। आरोपियों को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। किशोर की हालत स्थिर है। उसके सीने और पेट पर जलने की चोटें आई हैं। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। लड़के के परिवार ने हमले की वजह आर्थिक विवाद बताई है। परिवार का कहना है कि लड़के ने करीब 6 महीने पहले आरोपी से लिए 500 रुपए लौटा दिए थे। पुलिस के मुताबिक जब लड़का 27 अक्टूबर को घर लौट रहा था। तभी आरोपियों ने उसे रास्ते में रोका और लेनिन नगर में एक तालाब के पास ले गए।इन लोगों ने उसकी आंखों पर पट्टी बांधी और सिर पर हेलमेट पहना दिया। जब लड़के ने इसका विरोध किया और हेलमेट हटाने की कोशिश की तो आरोपियों ने उसे पेट्रोल पिलाने की कोशिश की।

सुप्रीम कोर्ट ने एनसीआर वायु प्रदूषण पर गंभीर चिंता जताई

दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में बार-बार पैदा हो रहे वायु प्रदूषण के संकट पर गंभीर चिंता जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को वाहनों से होने वाले उत्सर्जन को वायु गुणवत्ता बिगड़ने का बड़ा कारण बताया। अदालत ने अधिकारियों से पूछा कि कई नियामक उपायों के बावजूद वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) चिंताजनक स्तर पर क्यों बना हुआ है। वायु प्रदूषण से जुड़े नियामक ढांचे की पड़ताल संबंधी स्वत: संज्ञान मामले की सुनवाई के दौरान प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने एनसीआर में 'बंपर-टू-बंपर' ट्रैफिक पर भी चिंता जताई और वाहनों से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के मौजूदा उपायों की प्रभावशीलता पर सवाल उठाया।

चावल की बढ़ती कीमतों पर सरकार का बड़ा कदम

नई दिल्ली। चावल की बढ़ती कीमतों ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है। कमजोर मानसून, धान का रकबा घटना और वैश्विक बाजार में भारतीय चावल की बढ़ती मांग ने एक वर्ष में देश में चावल की औसत खुदरा कीमत लगभग 13 प्रतिशत बढ़ी है। नियंत्रण के लिए सरकार ने दोतरफा रणनीति अपनाई है। बफर स्टाक से खुले बाजार में चावल की बिक्री दोगुना कर 50 लाख टन कर दिया गया है। साथ ही कारोबारियों स्टाक पर निगरानी सख्त करते हुए प्रत्येक शुक्रवार स्टाक का ब्योरा देना अनिवार्य कर दिया गया है।

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल को लेकर कलेक्टर का दो टूक, सफाई करो अन्यथा 500 नए कर्मचारी रख लेंगे

सीएमओ ने यूनियन पदाधिकारियों को कलेक्टर से चर्चा के नाम पर बुलाया, मांगों पर अड़े रहे जिलाध्यक्ष महेश पारोछिया

दैनिक अवन्तिका ›› गुना





अखिल भारतीय सफाई मजदूर कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर प्रदेशभर में जारी सफाई कर्मचारियों की हड़ताल का असर अब शहरों की स्वच्छता व्यवस्था पर भी साफ दिखाई देने लगा है। गुना शहर में काम बंद हड़ताल के तीसरे दिन कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर रैली निकाली और विरोध जताया। लगातार तीसरे दिन सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाने से लोगों को बदबू का सामना करना पड़ा।

दरअसल शहर के विभिन्न इलाकों में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे रहे और गंदगी के बीच ही लोगों को धनतेरस का त्योहार मनाना पड़ा। इस बीच सफाई व्यवस्था को लेकर प्रशासन और कर्मचारी यूनियन के बीच टकराव की स्थिति भी सामने आई है। जानकारी के अनुसार, हड़ताल के तीसरे दिन कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने मामले में हस्तक्षेप किया। इसके बाद मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) ने यूनियन के जिलाध्यक्ष महेश पारोछिया को कलेक्टर से चर्चा कराने के नाम पर बुलाया। जिलाध्यक्ष के साथ यूनियन की पूरी कार्यकारिणी भी चर्चा के लिए पहुंची थी। हालांकि, यूनियन पदाधिकारियों के अनुसार, बैठक में बातचीत का माहौल जल्द ही तनावपूर्ण हो गया।

मप्र कर्मचारी यूनियन के जिलाध्यक्ष महेश पारोछिया ने मीडिया को बताया कि चर्चा के दौरान कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने उनसे सवाल किया कि डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण करने वाले वाहनों को किसने रोका है। इस पर उन्होंने कहा कि यदि यूनियन ने वाहन रोके हैं तो प्रशासन इसका प्रमाण प्रस्तुत करे और नियमानुसार कार्रवाई करे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जब तक प्रदेश नेतृत्व की ओर से उनकी मांगों को लेकर संतोषजनक जवाब नहीं मिलता, तब तक कर्मचारी काम पर वापस नहीं लौटेंगे।

जवाब सुनकर कलेक्टर हुए नाराज -जिलाध्यक्ष के मुताबिक, उनका जवाब सुनकर कलेक्टर नाराज हो गए और उन्हें बैठक से बाहर जाने के लिए कह दिया। इसी दौरान कलेक्टर ने कथित तौर पर सख्त लहजे में कहा कि सफाई शुरू करिए, अन्यथा सभी कर्मचारियों को हटाकर 10 हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से 500 नए कर्मचारी रख लिए जाएंगे। प्रशासन की इस कथित चेतावनी के बाद यूनियन अध्यक्ष अपने पदाधिकारियों के साथ वापस लौट आए।

मांगों पर अडिग यूनियन, शहर की सफाई व्यवस्था पर संकट- यूनियन जिलाध्यक्ष महेश पारोछिया ने पूरे घटनाक्रम को मीडिया के सामने रखते हुए कहा कि कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी आंदोलन कर रहे हैं और प्रदेश नेतृत्व के निर्णय के अनुसार ही आगे की रणनीति तय की जाएगी। दूसरी ओर लगातार जारी हड़ताल के चलते शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। ऐसे में अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि प्रशासन और कर्मचारी यूनियन के बीच चल रहे गतिरोध का समाधान कब निकलेगा और शहरवासियों को गंदगी से कब राहत मिलेगी।

जंग जारी- गंदगी में सफाई करने सहित सुरक्षा व्यवस्था और आवश्यक उपकरणों के लिए कर्मचारियों की 16 सूत्रीय मांगें मनवाने यूनियन सरकार के सामने अड़ी हुई है। कर्मचारी यूनियन की प्रमुख मांगों में सफाई कर्मचारियों को स्थायी किया जाना, न्यूनतम वेतन बढ़ाकर 25 हजार रुपये प्रतिमाह करना और बीमारी अथवा मृत्यु की स्थिति में परिवार के पात्र सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति का लाभ सुनिश्चित करना शामिल है। कर्मचारियों का कहना है कि वर्तमान में मिलने वाला लगभग 10 हजार रुपये का वेतन महंगाई के दौर में परिवार चलाने के लिए पर्याप्त नहीं है। बच्चों की पढ़ाई, घरेलू खर्च और त्योहारों की जरूरतें पूरी करना भी मुश्किल हो रहा है। दीपावली जैसे त्योहार पर बच्चों के लिए नए कपड़े और जरूरी सामान खरीदना तक उनके लिए चुनौती बन गया है।

शिमला स्वीट्स के कारखाने का औचक निरीक्षण गंदगी पाए जाने पर 10 हजार रुपये का जुर्माना

दैनिक अवन्तिका ›› गुना



जिले में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य त्योहारों के दौरान आमजन को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना तथा मिलावटखोरी पर प्रभावी अंकुश लगाना है। मिलावटखोरों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने एवं आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों पर अंकुश लगाने के लिए राजस्व एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम द्वारा लगातार खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण एवं खाद्य पदार्थों की सैंपलिंग की जा रही है।

इसी क्रम में राजस्व अधिकारी डिप्टी कलेक्टर देवांशु शिवहरे, तहसीलदार मयंक तिवारी एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सोनी कॉलोनी स्थित शिमला स्वीट्स के कारखाने का औचक निरीक्षण किया। कारखाना परिसर में खाद्य सामग्री रख-रखाव उचित रूप में नहीं पाए जाने पर जांच अधिकारियों ने कारखाना संचालक को चेतावनी देते हुए गंदगी पर दस हजार रूपये का जुर्माना लगाया और सुधार-सूचना नोटिस दिया। साथ ही कारखाना परिसर में हाइड्रो नामक रसायन पाया गया जिसे मिठाई में मिलाकर मिठाई तैयार की जा रही थी। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने इसे जब्त कर सैम्पल जांच के लिए भेजा है। साथ ही कारखाने से मावा एवं दूध मलाई बर्फी के सैम्पल जांच हेतु जब्त किये। जिन्हें परीक्षण हेतु राज?य खाद्य प्रयोगशाला को भेजा जा रहा है।

पूर्व में लिए गये सैम्पल जांच में अमानक पाये जाने पर चार फर्मों के प्रकरण न्यायालय में दर्ज कराये गये। इनमें कुम्भराज स्थित फर्म दीपक रेस्टोरेंट का अवमानक बर्फी का प्रकरण, मधुसूदनगढ़ स्थित फर्म अशोक कुमार नितिन कुमार का मिथ्याछाप नमकीन का प्रकरण, बोहरा मस्जिद गुना स्थित फर्म न्यू राज डेयरी का अवमानक मावा का प्रकरण एवं जिला चिकित्सालय गुना स्थित फर्म रूपा इन्टरप्राइजेज का एक्सपायर्ड मखाना का प्रकरण एडीएम कोर्ट में दायर किए गये हैं। अवमानक खाद्य पदार्थ बैचने पर पर पाँच लाख रूपये तक, मिथ्याछाप खाद्य पदार्थ बैचने पर तीन लाख रूपये एवं एक्सपायर्ड खाद्य सामग्री बैचने पर दो लाख रूपये तक का अर्थदण्ड न्यायालय द्वारा लगाया जा सकता है। कलेक्टर के निर्देशानुसार मिलावट के विरूद्ध अभियान अंतर्गत खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच एवं सैम्पलिंग कार्यवाही निरंतर जारी है।

जहरीली शराब के विरुद्ध आबकारी और पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं उपायुक्त संभाग ग्वालियर संदीप शर्मा के निर्देशन में जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण एवं परिवहन तथा जहरीली शराब के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन आज चांचौड़ा वृत्त प्रभारी एल.आर. करोसिया एवं थाना प्रभारी दिलीप राजोरिया के नेतृत्व में ग्राम भानपुरा स्थित कंजर डेरों में तड़के दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान मौके पर जलती हुई भट्टियां मिलीं। तलाशी के दौरान पठार एवं झाड़ियों के बीच रखे प्लास्टिक के ड्रमों में गुड़-महुआ लाहन भरा पाया गया। मौके पर सैंपल लेने के बाद लाहन को नष्ट किया गया। उक्त कार्रवाई में आबकारी विभाग द्वारा लगभग 20 हजार किलोग्राम गुड़-महुआ लाहन जब्त किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 20 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस बल द्वारा भी मदिरा सामग्री जब्त की गई। म. प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) ए, एफ के तहत कुल 04 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। आरोपियों की पहचान एवं प्रकरणों में विवेचना जारी है। उक्त कार्रवाई में आबकारी मुख्य आरक्षक रामहेत सिंह कुशवाह, आबकारी आरक्षक गोविंद सिंह मीना, दिनेश कुमार राठौर एवं होमगार्ड सैनिक सतीश शर्मा सहित पुलिस बल की सराहनीय भूमिका रही। जिले में अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

समाज के प्रति दायित्व का निर्वाह करें किसान मोर्चा - कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप

रतलाम । भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह बागडी ने अपनी नियुक्ति पर कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप को हल का प्रतीक भेंटकर धन्यवाद ज्ञापित किया। मंत्री श्री काश्यप ने अंगवस्त्र से स्वागत अभिनंदन किया । किसान मोर्चा के स्वागत एवं धन्यवाद सम्मान समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, आरडीए अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, जिला महामंत्री जयवंत कोठारी एवं मोर्चा अध्यक्ष श्री बागडी मंचासीन रहे। कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने इस मौके पर कहा कि किसान मोर्चा समाज के प्रति दायित्व का निर्वाह करें। भाजपा में पार्टी पदाधिकारी जो भी बनते हैं वे जनता के प्रति जवाबदार होते हैं, जनता भी उन्हें गंभीर नजरों से देखती है। भाजपा में जब भी कार्यकर्ता को कोई दायित्व दिया जाता है तो व्यापक चिंतन होता है। समाज के सभी वर्गों का समावेश किया जाता है। उन्होंने कहा कि धर्मेन्द्र सिंह बागडी पूर्व में किसान मोर्चा में जिला महामंत्री के रुप में कार्य कर चुके हैं। अब अध्यक्ष के रुप में इनके पास समस्त किसानों की चिंता का दायित्व रहेगा। वर्तमान में किसानों से जुडे कई मुद्दे गंभीर हैं।

आरोग्य के देवता भगवान धन्वंतरि का पूजन दीप प्रज्जवलित कर किया

जगोटी। शुक्रवार को कांग्रेस जगोटी मंडलम द्वारा भगवान श्री धन्वंतरी की पूजा अर्चना करते हुए सभी के अच्छे स्वास्थ्य की मंगल कामनाएं की। चौक बाजार जगोटी में आयोजित कार्यक्रम में भगवान श्री धन्वंतरी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर मंत्रोच्चार पूजा अर्चना की गई। अतिथि शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष डा चैनसिंह चौधरी ने कहा कि भगवान श्री धन्वंतरी अच्छे स्वास्थ्य, आरोग्य, संतुलित जीवन शैली व प्रकृति से सीधे जुड़ाव की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर कांग्रेस जगोटी मंडलम अध्यक्ष अनंत शर्मा, महिदपुर ब्लाक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष महेश पांचाल, राहुल चौधरी, विशाल डाबी, विशाल बैरागी, जगदीश डाबिया, आजाद शाह, रणछोड़ मालवीय, कमल सूर्यवंशी, जीवन सिंह खुरचनिया, नंदु चौहान, मोहनलाल परमार आदि मौजूद थे।

पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल

केटरिंग यूनिटों के आवंटन के लिये ई-नीलामी

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक - रतलाम मंडल पश्चिम रेलवे ने मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर केटरिंग यूनिटों के आवंटन के लिये ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को **IREPS** वेबसाईट (ई-ऑक्शन) पर प्रकाशित किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है। **केटलॉग संख्या** : CTG-RTM-OCT-26. **अनुबंध का प्रकार** – केटरिंग यूनिट **लॉट नं.** : Catg-RTM-THDR-GMU-9-23-1, Catg-RTM-PPD-GMU-12-23-1, Catg-RTM-RAU-GMU-8-23-1, Catg-RTM-BMI-GMU-250-25-1, Catg-RTM-MNR-SMU-31-24-1, Catg-RTM-RJQ-GMU-7-23-1, Catg-RTM-FTD-GMU-25-23-1, Catg-RTM-MGN-SMU-246-25-1 and Catg-RTM-THDR-SMU-253-26-1 **अनुबंध की अवधि** – 5 वर्ष ई-नीलामी की तिथि और समय सभी लॉट के लिये ई-नीलामी **दिनांक 13/11/2026 को 10:00 बजे प्रारंभ** होगी। प्रारंभिक कूलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रनिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। **IREPS** के ई-ऑक्शन मॉडयूल पर लॉटसाईज समापन समय देखा जा सकता है।

SNP-326

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल

"ई-निविदा सूचना"

ई-टेंडर संख्या : WRRTM-0088-616974-1126. दिनांक : 03/11/2026, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे, डीआरएम कार्यालय, प्रथम मंजिल, दो बत्ती, रतलाम (मध्य प्रदेश) : 457001, ई -निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज आधिकारिक वेबसाईट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगें। **कार्य का नाम** : Selection of a Management Consultant for strategic advisory services for enhancement of Freight Traffic (Goods and Parcel) for Pithampur and Indore area over Ratlam Division, Western Railway. **आरक्षित मूल्य** : निविदा दस्तावेज के अनुसार, **अनुबंध की अवधि** : प्रभावी तिथि से 180 दिन (प्रस्ताव में परिभाषित अनुसार), **ई-टेंडर दस्तावेज की लागत (गैर-वापसी योग्य और गैर-हस्तांतरणीय)** : शून्य। **बयाना राशि** : ₹58,000/-, **ई-टेंडर जमा करने और बंद करने की तिथि एवं समय** : 04/12/2026 को सुबह 11:00 बजे तक केवल **ऑनलाईन वेबसाईट** : **https://www.ireps.gov.in** के माध्यम से ही आवेदन किया जा सकता है। **ई-टेंडर खोलने की तिथि और समय** : 04/12/2026 को 11:30 बजे केवल ऑनलाईन वेबसाईट : **https://www.ireps.gov.in** पर ही। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि पर अवकाश घोषित होता है, तो ई-निविदा अगले कार्य दिवस पर उसी समय सारणी के अनुसार खोली जाएगी। निविदाकर्त्ता को किसी भी अन्य जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट : **https://www.ireps.gov.in** पर जाएं या कार्य दिवसों के दौरान मंडल रेलवे प्रबंधक (वाणिज्यिक) रतलाम के कार्यालय में हमसे संपर्क करें।

SNP-325

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

जाहिर सूचना

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती ललिता पाटीदार पति गिरीश पाटीदार निवासी ए-1/18 एल.आई.जी. ऋषिनगर उज्जैन के भूमि स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे क्र. 187/2/2/2 रकबा 0.0563 हैक्टर स्थित ग्राम कराडिया उर्फ नवाखेडा तह. व जिला उज्जैन में है जिसकी चर्तुसीमा निम्नानुसार है- पूर्व में अन्य की भूमि, पश्चिम में आम रास्ता, उत्तर में- सुरेशचन्द्र पाटीदार की भूमि, दक्षिण में- आम रास्ता है, उक्त भूमि को ललिता पाटीदार ने श्रीमती कविता यादव पति गणेश यादव निवासी 196 ए अलखधाम नगर उज्जैन से क्रय की है उक्त भूमि को क्रय करने का अनुबंध किया है तथा टोकन बयाना राशि अदा कर दी है शेष राशि अदा कर अनुबंध व विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराई जाना है। यदि उपरोक्त वर्णित भूमि पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार हो या उपरोक्त भूमि कहीं पर भी रहनग्रस्त, भारग्रस्त, दानग्रस्त व प्रतिभूतिग्रस्त अनुबंधग्रस्त, विक्रयग्रस्त, बंधकग्रस्त किया हुआ हो या उक्त भूमि किसी सोसायटी आदि में बंधक की हो या भूमि किसी अन्य के हित में अनुबंधित हो या उपरोक्त भूमि के संबंध में कोई वाद विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधिन हो या उक्त विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस में मय लेखी प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें, बाद समयावधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा अनुबंध पत्र बाद विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करवा ली जावेगी उसके पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नहीं रहेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 6-11-2026 स्थान उज्जैन

राजेन्द्रकुमार जैन (पालरेचा)
एडवोकेट एवं नोटरी
51, दादाभाई नोरोजी मार्ग, खाराकुंआ उज्जैन
मो. 94250-91124, 8959999299

जाहिर-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी सुरेश शर्मा पिता श्री रामचन्द्र शर्मा, जाति-ब्राह्मण, निवासी-ग्राम टुकराल तह. माकड़ोन जिला उज्जैन (म.प्र.) के मालिकी, स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि राजी सर्वे नं.-536/1 रकबा 0.2500 हैक्टर, सर्वे नं.-537/1 रकबा 0.3400 हेक्टर, सर्वे नं.-534/1 रकबा 0.0150 हैक्टर, सर्वे नं.-534/3 रकबा 0.0150 हैक्टर, सर्वे नं.-535/1 रकबा 0.1300 हैक्टर, कुल किता 5, कुल रकबा 0.7500 हैक्टर भूमि ग्राम चाक्या तह. माकड़ोन जिला उज्जैन रोड़ पर स्थित है। मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी से उक्त वर्णित कृषि भूमि को कय करने का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दी है शेष राशि भुगतान कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना बाकी रहा है। उक्त कृषि भूमि पर भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, अनुबंध आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा उक्त अवधि पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित मे उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी, न ही मेरे पक्षकार पर बंधनकारक होगी। सूचित हो। इति दिनांक 06.11.2026

सौरभ झांग्यानी एडवोकेट
कार्यालय-डीएफ-10 प्रथम तल भरतपुरी शॉपिंग काम्पलेक्स हाउसिंग बोर्ड के सामने, उज्जैन म.प्र.
मो. 9893475352

जाहिर सूचना का प्रतिवाद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, श्री राजेन्द्र कुमार जैन (पालरेचा) एडवोकेट ने उनके पक्षकार की ओर से जो जाहिर सूचना दैनिक अवन्तिका दिनांक 13/09/2026 को प्रकाशित कराई है, उसका प्रतिवाद मेरे पक्षकार मोहम्मद जावेद भाई पिता मोहम्मद युसुफ भाई निवासी छोटा बांगड़दा, इंदौर की ओर से इस प्रकार है कि मेरे पक्षकार ने योगेश अग्रवाल पिता श्री पृथ्वीराज अग्रवाल निवासी 114/1, विजय नगर इन्दौर म.प्र. को मेरे पक्षकार ने उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे नंबर 812/1 रकबा 1.7200 हैक्टर स्थित ग्राम इंगोरिया तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. को विक्रय करने की एक लिखित सौदा चिट्ठी दिनांक 11/09/2026 को किया होकर बयाना राशि प्राप्त की थी। किंतु उक्त योगेश अग्रवाल द्वारा नियत समयावधि में मेरे पक्षकार को शेष राशि में से सौदे की 25 प्रतिशत राशि दिनांक 25/09/2026 को देना तय पाया था, किन्तु बार-बार मांग करने पर भी योगेश अग्रवाल द्वारा राशि अदा नहीं की है, इस कारण मेरे पक्षकार अब उक्त भूमि विक्रय करना नहीं चाहते हैं। तथा बयाना राशि वापस करने को तत्पर हैं। इस प्रकार मेरे पक्षकार उक्त सौदा निरस्त करते हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त भूमि का उपयोग व उपभोग करने हेतु स्वतंत्र है। इस कारण कोई व्यक्ति, संस्था, अथवा निकाय इस जाहिर सूचना के प्रतिवाद के पश्चात उक्त योगेश अग्रवाल से उक्त भूमि के संबंध में किसी प्रकार का लेने देन आदि नहीं करें। तथा कोई लेख आदि संपादित नहीं करावे। अन्यथा ऐसे समस्त लेख मेरे पक्षकार के मुकाबले प्रभावहीन एवं शुन्य माने जावेगे। इति दिनांक-06/11/2026 उज्जैन

कैलाशचन्द्र बंसल एडवोकेट
कार्यालय-146, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग,मालीपुरा, उज्जैन
मो. 98260-50947

न्यूज-कॉलम

दीपावली पर निगम भवन पर होगा महालक्ष्मी पूजन

रतलाम । प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी निगम भवन पर दीपावली के अवसर पर महालक्ष्मी पूजन 8 नवम्बर रविवार को प्रातः 10.30 बजे आयोजित होगा। इस अवसर पर महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, निगम आयुक्त अनिल भाना, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, महापौर परिषद सदस्य पप्पू पुरोहित, श्रीमती अनिता कटारा, दिलीप गांधी, धर्मेन्द्र व्यास, विशाल शर्मा, अक्षय संघवी, मनोहरलाल राजू सोनी, रामूभाई डाबी, श्रीमती सपना त्रिपाठी, पार्षदगण एवं निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेगें। इसी तरह निगम कार्यालय पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सरस्वती पूजन 11 नवम्बर को प्रातः 10.30 बजे आयोजित होगा।

सांसद, विधायकों एवं जि. पं अध्यक्ष ने दी दीपावली की शुभकामनाएं

नीमच। क्षेत्रीय सांसद श्री सुधीर गुप्ता, जावद विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा, नीमच विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार, मनासा विधायक श्री अनिरुद्ध मारू एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जनसिंह चौहान ने जिलेवासियों को धन्वंतरि जयंती, धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। जनप्रतिनिधियों ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि दीपावली का पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली लेकर आए। उन्होंने जिलेवासियों के सुखी, स्वस्थ एवं समृद्ध जीवन की कामना करते हुए सभी को दीपावली की बधाई दी है।

प्रभारी मंत्री ने दी धनतेरस एवं दीपोत्सव की शुभकामनाएं

नीमच। प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा नीमच जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भुरिया ने धन्वंतरि जयंती, धनतेरस एवं दीपोत्सव के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों के साथ ही जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कामना की है कि दीपोत्सव का यह पर्व सभी के जीवन को ज्ञान, ऊर्जा, आरोग्य एवं समृद्धि के प्रकाश से आलोकित करे तथा सभी के जीवन में सुख, शांति और खुशहाली लेकर आए।

दिपावली व दयानन्द सरस्वती निर्वाण दिवस मनाया जायेगा

नीमच। आर्य समाज नीमच (घण्टाघर के पास) 8 नवम्बर को शारदीय नवसंस्येष्टि दिपावली पर्व एवं युगदृष्टा, समाज सुधारक आर्य समाज के संस्थापक ऋषि दयानंद जी का 143वां निर्वाण (बलिदान) दिवस मनाया जायेगा। इस अवसर पर प्रातः 9 बजे से मंगलाचरण, ईश प्रार्थना, स्वस्तीवाचन पाठ कर विशेष वेद मंत्रों के साथ यज्ञ किया जायेगा व दिपावली पर्व के महत्व को बताया जायेगा एवं ऋषि दयानंदजी का स्मरण कर उनके बताये कार्यों को करने का संकल्प के साथ श्रद्धासुमन अर्पित किए जायेंगे। उक्त जानकारी आर्य समाज के संयोजक आचार्य मनोज स्वर्णकार द्वारा दी गई।

बीमारियां ठीक करने का झांसा देने वाले पति-पत्नी पर केस दर्ज

रतलाम, । जिले के रावटी थाना क्षेत्र में धर्मांतरण के एक बड़े षड्यंत्र का मामला सामने आया है। पुलिस ने अंधविश्वास और प्रलोभन के जरिए धर्म परिवर्तन कराने के प्रयास के आरोप में पति-पत्नी के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपी दंपत्ति लोगों को बीमारियों से मुक्ति दिलाने का झांसा देकर ईसाई धर्म अपनाने के लिए मनोवैज्ञानिक दबाव बना रहे थे। फरियादी, मोबाइल दुकान संचालक शिवा रायकवार (21 वर्ष, पिता चंद्रशेखर रायकवार) ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उन्हें ग्रामवासियों से जानकारी मिली थी कि रावटी स्टेशन रोड स्थित मोहन के मकान में एक प्रार्थना सभा होती है, जहां बीमारियों का इलाज किया जाता है।

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा

रतलाम। दिल्ली-मुंबई 8-लेन एक्सप्रेस-वे पर गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सादाखेड़ी ओवरपास पर तेज रफ्तार से जा रही एक अनियंत्रित कार फ्लाई ओवर से सीधे नीचे जा गिरी। हादसे में कार सवार एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

धनतेरस पर मन्दसौर के कुबेरधाम में उमड़ी भक्तों की भीड़

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर





धनतेरस पर्व पर मंदसौर के खिलचीपुरा स्थित प्राचीन श्री धौलागढ़ महादेव मंदिर (कुबेरधाम) में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। उत्तराखंड के केदारनाथ धाम के बाद मंदसौर देश का ऐसा इकलौता स्थान है, जहां भगवान शिव की पंचायत में धन के देवता भगवान कुबेर भी विराजमान हैं। ब्रह्म मुहूर्त से ही शुरू हुए दर्शन और अनुष्ठानों का यह दौर देर रात तक जारी रहा, जिसमें परिवार की सुख-समृद्धि और आर्थिक उन्नति की कामना को लेकर बड़ी संख्या में आम नागरिकों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी पहुंचे।

करीब 1200 साल पुराने इस ऐतिहासिक मंदिर के गर्भगृह में भगवान शिव, माता पार्वती, भगवान गणेश और भगवान कुबेर एक साथ विराजित हैं।

धनतेरस पर सुबह करीब चार बजे से ही मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं। ब्रह्म मुहूर्त में भगवान शिव और कुबेर का महाभिषेक, विशेष पूजन और मनमोहक श्रृंगार किया गया, जिसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन और महाआरती संपन्न हुई।

कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने स्वयं मंदिर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और पूजा-अर्चना की।

वहीं नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने भी मंदिर पहुंचकर दर्शन किए। धनतेरस के इस पावन पर्व पर मंदसौर के अन्य प्रमुख मंदिरों जैसे अमेश्वर महादेव मंदिर, तोपवाले बालाजी मंदिर और नृसिंह मंदिर में भी विशेष साज-सज्जा की गई, जहां भारतीय नोटों से किए गए मनमोहक श्रृंगार के दर्शन करने के लिए भी भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं को दर्शन में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर पुख्ता इंतजाम किए गए।

धनतेरस पर मंदसौर के बाजारों में जमकर हुई खरीदारी, जनप्रतिनिधियों ने दिया लोकल फॉर वोकल का संदेश





दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

रोशनी और उमंग का महापर्व दीपावली धनतेरस की खरीदारी के साथ उत्साहपूर्वक शुरू हो गया है। धनतेरस के पावन अवसर पर मंदसौर के मुख्य बाजारों में सुबह से ही ग्राहकों की भारी चहल-पहल देखी गई। एक ओर जहां शहर के ऑटोमोबाइल शो-रूम्स से बड़ी संख्या में दो-पहिया वाहनों की बिक्री हुई, वहीं सराफा बाजार और बर्तन दुकानों पर भी खरीदारी के लिए लोगों की जबरदस्त भीड़ उमड़ी।

दीपावली के त्योहार को ध्यान में रखते हुए शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट नजर आया। भीड़भाड़ वाले और व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्रों में चार-पहिया एवं तीन-पहिया वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। यातायात पुलिस के जवान प्रमुख चौराहों पर मुस्तैद रहकर व्यवस्था संभालते दिखे। इसके बावजूद धनमंडी, शुक्ला चौक, कालाखेत, पुराना बस स्टैंड और सदर बाजार जैसे प्रमुख व्यापारिक इलाकों में दिनभर अत्यधिक भीड़ का माहौल रहा। विधायक व नपाध्यक्ष ने खरीदा छोटे व्यापारियों से सामान- स्थानीय व्यापार और छोटे व्यवसायियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विधायक विपिन जैन धनतेरस को कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ सड़क पर उतरे। गांधी चौराहा से पैदल भ्रमण की शुरूआत करते हुए उन्होंने बस स्टैंड, कालिदास मार्ग, घंटाघर, कालाखेत और दयामंदिर रोड क्षेत्र का दौरा किया। भ्रमण के दौरान विधायक श्री जैन ने फुटपाथ, छोटी दुकानों और हाथ-ठेला लगाने वाले व्यापारियों से धार्मिक पोस्टर, रंगोली के रंग, पूजन सामग्री, सजावटी सामान और मिट्टी के दीये खरीदे। उन्होंने व्यापारियों से आत्मीय चर्चा कर उन्हें दीपावली की बधाई दी।

इसी क्रम में, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने भी धनतेरस पर लोकल फॉर वोकल का संदेश देते हुए नगर के स्थानीय व्यापारियों से खरीदारी की। नपाध्यक्ष ने मिट्टी के दीपक और घर की सजावट की सामग्रियां खरीदीं।



मंडी गेट के डिवाइडर पर हादसों के विरोध में कांग्रेस का अनूठा प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलीया मंडी

नगर के मुख्य मार्ग और कृषि उपज मंडी कार्यालय के सामने बने डिवाइडर पर अंधेरे के चलते आए दिन हो रही दुर्घटनाओं के खिलाफ बुधवार को नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रातः 9.30 बजे डिवाइडर पर एमपी आरडीसी, नगर परिषद के खिलाफ ठीकरा फोड़ा ठीकरा(मिट्टी का कलसा) पर मिठाई, नींबू, मिर्ची, पुष्प एवं पुष्पमाला रखकर अनूठा प्रदर्शन कर डिवाइडर पर लाइट लगाने की मांग की।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा ने कहा कि हम लंबे समय से डिवाडर को छोटा करने एवं लाइट की व्यवस्था की मांग कर रहे है लेकिन लाइट की व्यवस्था नही हुई।डिवाडर के कट पर संकेतक व लाइट के अभाव में कई वाहन रात्रि में डिवाइडर पर चढ़जाते है और वाहन चालक घायल व गम्भीर घायल होते है हादसे में अभी तक कई मोते भी होचुकी है।शर्मा ने डिवाडर पर संकेतक एवं लाइट व्यवस्था की मांग की है लाइट नही लगने पर बड़े आंदोलन की भी चेतावनी दी है।

नगर कांग्रेस अध्यक्ष किशोर उणियारा ने कहा कि नगर परिषद की उदासीनता से चौपाटी से लगाकर कृषिउपज मंडी तक आये दिन सड़क हादसे होरहे है कई बार ध्यान आकर्षित करने के बाद भी एमपी आरडीसी व नगर परिषद के कानों पर जु तक नही रेंगी है। उणियारा ने कहा कि मुख्य मार्ग पर पर्याप्त रोशनी करना नगर परिषद की जिम्मेदारी है, वहीं मंडी गेट पर लाइट व्यवस्था कृषि उपज मंडी समिति का दायित्व है।

त्योहारों पर शुद्ध खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई

नीमच। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निदेर्शानुसार त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम राजस्व अधिकारियों एवं नगर पालिका के सहयोग से खाद्य सुरक्षा टीम ने मनासा, कुकड़ेश्वर और रामपुरा में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण कर मिठाई, नमकीन, दूध एवं अन्य खाद्य पदार्थों के कुल 25 नमूने जांच के लिए लिए। खाद्य सुरक्षा एवं नगर पालिका की संयुक्त टीम ने मनासा में कार्रवाई करते हुए श्रीनाथ दूध डेयरी से मिश्रित दूध, मावा एवं पनीर के नमूने लिए। वहीं, फर्म श्याम भोग से घी, दूध बर्फी, दूध पेड़ा एवं मलाई बर्फी के कुल 4 नमूने जांच हेतु लिए गए। कुकड़ेश्वर में 13 खाद्य नमूनों की जांच हेतु कार्रवाई नायब तहसीलदार कुकड़ेश्वर के साथ खाद्य सुरक्षा टीम ने विभिन्न मिठाई एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण किया।



नई तकनीक से लेस राज ऑप्टिकल हाउस के प्रति बड़ा रुझान

रतलाम । शहर में करीब 67 वर्ष पुरानी चश्मे का एक ऐसा प्रतिष्ठान है ,जहां अब चश्मे में ही कैमरा ,म्यूजिक सिस्टम, मोबाइल पर बात करने की सुविधा वाले चश्मे उपलब्ध है। 1959 से प्रारंभ हुआ राज ऑप्टिकल हाउस आज रतलाम ही नहीं आसपास के क्षेत्र के लोगों में काफी लोकप्रिय है। बताते हैं कि शुरूआती दौर में जहां 50 में चश्मा बन जाता था आज यहां एक लाख रुपए तक के चश्मे मिल जाते हैं। रे बेन, सरेरा, आईडी, पो लिस आदि ब्रांडेड कंपनियों के सनग्लासेस कई रंगों में ग्राहकों के चेहरे की शोभा बढ़ा रहे हैं। नई तकनीक से आंखों की जांच के साथ ही हाई पावर के लेंस को पतला बनाने में राज ऑप्टिकल को महारत हासिल है ।ब्रांडेड कंपनियों के ऐसे लेंस भी यहां उपलब्ध है जिससे मोबाइल, टीवी ,तेज रोशनी से आंखों को होने वाले नुकसान से बचाव होता है। नंबर के लेंसों में कलर , शेडेड , को टिंग ,प्रोग्रेसिव आदि का नया अंदाज मिलने से सभी वर्गों में राज ऑप्टिकल के प्रति अच्छा रुझान देखा गया है ।राजेश भार्गव ,अमित भार्गव , अमय भार्गव के निर्देशन में राज ऑप्टिकल आज पहली पसंद बना हुआ है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, धार जिला धार (म.प्र.)

Email-cmodhar@mpurban.gov.in

क्रमांक / 6919 / सामान्य / 26 **धार,दिनांक :- 04.11.2026**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिका परिषद धार जिला धार द्वारा निम्नलिखित कार्य की निविदा विज्ञप्ति सूचना ई-टेण्डरिंग पद्धति से ई-प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल (www.mptenders.gov.in) पर आमंत्रित है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	ऑनलाईन टेंडर नं.	सामग्री का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD राशि	निविदा की अंतिम तिथि
1	2026_UAD_547635_1	Facility Management Services for Online portal	12 माह 4.50 लाख	2000/- 4,000/-	14.11.2026

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद धार

आदित्य बिडला पब्लिक स्कूल, खोर में वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच




जिले के कर स्थिति जिला पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव हर्षोल्लाह उसके साथ मनाया गया कार्यक्रम में मुख्यातिथि श्री आवासा मिश्रा (यूनिट हैड विक्रम सीमेंट वर्कल, खोर, चेयरमैन ए.बी.पी. स्कूल) ने रंगमंच के समक्ष दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का उदघाटन किया। सम्माननीया अतिथि श्रीमती मगता मिश्रा (अध्यक्षा-राजश्री महिला मंडल) रहीं। इस अवसर पर श्री अनन्त शर्मा (एफ.एच.एच.आर एवं मैनेजर ए.बी.पी. एरा.), श्री डी. के. सिंह (प्रोजेक्ट हैड), श्री अक्षय जैन (एफ.एच. टैक्निकल), श्री आशीष हिंगर (एफ.एच.एफ. एण्ड सी), श्रीमती रिंकू बनर्जी (प्राचार्या आदित्य बिड़ला हायर सेकेण्डरी स्कूल, खोर), श्री एवम् श्रीमती प्रियदर्शिनी चौहान (प्राचार्या आदित्य बिठला पब्लिक स्कूल, खोर) ने अपनी उपस्थिति द्वारा कार्यक्रम की शोना को बढ़ाया।

अतिथिगणों के सम्मान हेतु छात्रों ने स्वागत गीत एवम् नृत्य की प्रस्तुति दी। विद्यालयगान प्रस्तुत किया गया। प्राचार्या श्रीमती प्रियदर्शिनी चौहान ने सत्र २०२५-२६ में विद्यालय द्वारा प्राप्त विशेष जमलकियों से सनी को अवगत करवाया।

विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि प्राप्त छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए गए। कक्षा 12वीं की छात्रा अदिति पूनिया सी बी एस ई (2025-26) में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर 'चेयर मैन अवार्ड' 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार एवम् प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस पुरस्कार हेतु आदित्य बिडला ग्रुप में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले १३५ चयनित छात्रों में अदिति पूनिया का चयन किया गया है। पुरस्कार प्राप्त करके छात्रा ने विद्यालय एवं अभिभावकों को गौरवान्वित किया है। छात्रों ने मनोरंजक एवम् शिक्षाप्रद कार्यक्रम का मंचन किया। अंग्रेजी नाटक की प्रस्तुति के द्वारा आधुनिक डिजिटल सुविधाओं के अनावश्यक प्रयोग पर रोक तथा उसके सदुपयोग के प्रति जागरुकता का संदेश दिया गया। हिंदी कार्यक्रम का कथानक रहा 'वसुदेव सुतम' जिसमें श्रीकृष्ण के अवतार उनके जीवन की विविध लीलाओं एवम् क्रियायों का प्रदर्शन डाँस ड्रामा के रूप में प्रस्तुत करते हुए छात्रों ने समाज सुधार के लिए प्रेरित किया। मुख्यातिथि ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए सभी को परिश्रम करते रहने तथा एक अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

न्यूज कालम



संतरा खेती बनी समृद्धि का आधार, किसानों के चेहरे खिले

मन्दसौर। जिले के गरोठ एवं सीतामऊ विकासखंडों में एचडी एफसी बैंक परिवर्तन पहल के अंतर्गत बाएफ लाइवलीहुड्स द्वारा संचालित एफडीपी वाडी परियोजना से संतरे की अच्छी पैदावार हुई है, जिससे 50 गांवों के 1200 परिवारों की आजीविका मजबूत हुई है। किसानों को संगठित करने के लिए मंदसौर गोल्ड किसान उत्पादक सहकारी समिति का गठन किया गया है तथा जिले को संतरा उत्पादन के केंद्र के रूप में उभारने के लिए संतरा फेस्टिवल आयोजित करने की तैयारी है। नाबार्ड और जिला प्रशासन के सहयोग से कृषि विज्ञान केंद्र में उत्पाद से उद्यम कार्यशाला आयोजित कर किसानों को बाजार से जोड़ने और बेहतर मूल्य दिलाने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। मंदसौर में जिला कलेक्टर दिव्यांक सिंह और जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन की पहल पर कृषि विज्ञान केंद्र में खरीदार-विक्रेता मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य किसानों को उत्पादक से उद्यमी बनाना है। इस पहल के तहत व्यापारियों और किसानों के बीच सीधे व्यापार, गुणवत्तापूर्ण उत्पादन और उचित विपणन पर चर्चा हुई।

जिला चिकित्सालय में मनाया गया विश्व रेडियोग्राफी सप्ताह



मंदसौर । विश्व रेडियोग्राफी सप्ताह के अंतर्गत जिला चिकित्सालय के क्वालिटी सेल में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एक्स-रे के आविष्कारक विलियम कोनार्ड रोजन के वैज्ञानिक योगदान को याद करते हुए उनके चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्षता कर रहे सीएमएचओ डॉ. आर.के. द्विवेदी ने बताया कि मंदसौर जिले के रेडियोलॉजी स्टाफ ने टीबी स्क्रीनिंग अभियान के तहत 1.5 लाख एक्स-रे करके पूरे मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जिसके लिए रेडियोग्राफरों के कार्यों की विशेष सराहना की गई। सिविल सर्जन डॉ. बी.एल. रावत ने स्टाफ को एईआरबी की गाइडलाइन का पालन करने, टीएलडी बैज लगाने और लेड एप्रन पहनकर मरीजों व स्वयं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा चिकित्सालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में आरएमओ डॉ. सौरभ मंडवारिया, क्वालिटी नोडल अधिकारी डॉ. अरविंद वर्मा, रेडियोलॉजी विभाग प्रभारी डॉ. बी.एस. कटारे और रेडियोलॉजी इंचार्ज मोहनलाल धनगर सहित चिकित्सक, नर्सिंग अधिकारी और पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे।

स्वामित्व योजना से अगोरिया के ग्रामीण बने मकान मालिक



मन्दसौर। मध्यप्रदेश शासन की स्वामित्व योजना के तहत मंदसौर तहसील के ग्राम अगोरिया में ग्रामीणों को उनके मकानों की रजिस्ट्री करवाकर वास्तविक मकान मालिक बनाया गया है। धनतेरस के इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद सुधीर गुप्ता और राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान सूची के अंतिम व्यक्ति समरथ पिता भेरुलाल के 1700 वर्ग फीट क्षेत्र में बने मकान की भी रजिस्ट्री की गई। इस गांव में शत-प्रतिशत यानी सभी ८० रजिस्ट्रियों का लक्ष्य पूरा हो चुका है। इसके साथ ही साकलखेड़ा और रीन्दलवा गांवों में भी यह कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो गया है। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों का फूल मालाओं से स्वागत किया और इस योजना को ग्रामीणों के लिए बड़ी सौगात बताया। इस अवसर पर एसडीएम शुभम पाटीदार, सरपंच घनश्याम और तहसीलदार नीलेश पटेल भी उपस्थित रहे।

5 नवम्बर को पेंशनर नागरिक महासंघ की मासिक बैठक सम्पन्न



पिपलिया मंडी। 5 नवंबर को पेंशनर नागरिक महासंघ की मासिक बैठक गांधी चौराहा स्थित कार्यालय पर आयोजित की गई।बैठक का शुभारंभ माता सरस्वती तथा भारत माता के चित्र पर पुष्प माला चढ़ा कर स्तुति के साथ किया गया।बैठक के सभापति के रूप में सवार्नुमति से श्री नंदलाल जारोलिया के मुख्य आतिथ्य में तथा पिपलिया मंडी इकाई के अध्यक्ष पंकज शर्मा तरुण की अध्यक्षता में आहूत की गई।बैठक में सर्व प्रथम अध्यक्ष श्री पंकज शर्मा तरुण द्वारा संगठन गीत कोरस रूप में गाया गया । सभी वरिष्ठों ने अपनी -अपनी रचनाएं तथा अपने प्रेरक उद्गार तथा संस्मरण,भजन प्रस्तुत किये गए। नवीन सदस्यों का स्वागत किया।श्री लाला परमार संघ के मीडिया प्रभारी का जन्म दिवस पुष्पहार से स्वागत कर सभी सदस्यों द्वारा हार्दिक बधाई दी गई। आज की बैठक में निम्न सम्मानीय पेंशनर्स उपस्थित रहे - श्री अमृत लाल जैन,श्री कन्हैयालाल जी कारपेंटर,श्री अंबालाल जी कारपेंटर,श्री बंशीलाल जी कारपेंटर ,श्री भंवर सैनी फौजी,श्री राधेश्याम सैनी, श्री रामचंद्र जी आर्य ,श्री राजेंद्र कैथवास,श्री राधेश्याम सैनी, श्री के सी टेलर श्री श्याम सुंदर बैरागी,तथा श्री दिनेश चंद्र वर्मा उपस्थित रहे।

रेडक्रॉस जूनियर्स ने दिया रंगोली से नशा मुक्ति का संदेश

सुसनेर। नशामुक्त भारत के संकल्प एवं युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों से सुरक्षित रखने एवं मिशन लाइफ के भाग स्वस्थ जीवन शैली के उद्देश्य से भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, मध्यप्रदेश रेडक्रॉस जिला संघ आगर मालवा के बैनर तले नशामुक्ति जागरूकता गतिविधि आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। जिसके परिपालन में जिला कलेक्टर शेर सिंह मीना, जिला पंचायत सीईओ बी लएस सोलंकी, जिला शिक्षा अधिकारी निलेश पाण्डे एवं जिला संगठन आयुक्त रजनीश स्वर्णकार के निर्देशन में गुरुवार को जनपद पंचायत सुसनेर के समीपस्थ शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय खेरिया सुसनेर में काउंसलर भेरूलाल ओसारा के मार्गदर्शन में जूनियर्स रेशमी यादव द्वारा रंगोली के माध्यम से नशामुक्त भारत के लिए जागरूकता संदेश दिया इस अवसर पर संस्था परिवार से गतिविधि संचालन शिक्षिका चंचल जैन द्वारा की गई एवं रंगोली का मूल्यांकन एवं आंकलन कनिष्ठ वर्ग का शिक्षक भूपेन्द्रसिंह झाला, कैलाशचंद्र दांगी,रमेश दांगी तथा वरिष्ठ वर्ग का आंकलन एवं मूल्यांकन शिक्षक तिलोकचंद पाटीदार एवं राकेश पाटीदार द्वारा किया गया।

जाख में बच्चों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

सुसनेर। ग्राम पंचायत जाख में 5 नवंबर को संस्कार केंद्र के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई तथा दीपावली के अवसर पर स्थानीय व्यापारियों से मिट्टी के दीपक खरीदने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि स्थानीय व्यापारियों और कारीगरों को प्रोत्साहन मिल सके। कार्यक्रम जिला समन्वयक देवेंद्र शर्मा एवं ब्लॉक समन्वयक सत्यनारायण सोनी के दिशा-निर्देश में आयोजित हुआ। इस दौरान टरह एवं इरह के छात्र-छात्राओं ने गांव में साफ-सफाई अभियान चलाकर आसपास के क्षेत्रों की सफाई की। साथ ही ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए अपने घरों और सार्वजनिक स्थानों को साफ रखने के लिए प्रेरित किया।

विश्वकर्मा बने प्रदेश कांग्रेस सेवादल सचिव

सुसनेर। ऑल इंडिया कांग्रेस सेवादल राष्ट्रीय अध्यक्ष की अनुशंसा पर प्रदेश प्रभारी प्रताप नारायण मिश्रा ने रमेश विश्वकर्मा को प्रदेश सचिव मनोनीत किया। मनोनयन पर विधायक सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

नप अध्यक्ष ने स्कूलों में जाकर किया शिक्षकों का सम्मान

सुसनेर। संदीपनी विद्यालय में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में अनुपस्थित रहे शिक्षकों का नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने उनके विद्यालयों में जाकर सम्मान किया। उन्होंने आस्था स्कूल, संतोष कैथोलिक स्कूल और सरस्वती शिशु मंदिर पहुंचकर शिक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंट किए।

जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भीलवाड़िया विद्यालय की टीम विजेता

राजगढ़। सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ में आयोजित जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भीलवाड़िया की बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राजगढ़ ब्लॉक की टीम को पराजित कर जीत हासिल की। प्रतियोगिता में भीलवाड़िया विद्यालय की टीम की कप्तान शिवानी वर्मा के नेतृत्व में अर्चना वर्मा, पूजा वर्मा, पूर्ति वर्मा, चंचल वर्मा एवं डाली वर्मा ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। टीम की इस सफलता से विद्यालय एवं क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। इस जीत के साथ भीलवाड़िया विद्यालय की टीम ने आगामी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह बनाई है, जिसका आयोजन 18 नवंबर को राजगढ़ में होगा। विद्यालय के खेल शिक्षक सचिन शर्मा एवं प्राचार्य लाखन सिंह यादव एंव समस्त स्टाफ ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए हर्ष व्यक्त किया तथा संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की कामनाएं की।

सांसारिक मोह-माया त्यागने जा रहीं पांच बहनों का बड़नगर में भव्य स्वागत

दीक्षार्थियों की उच्च शिक्षा और वैराग्य की भावना ने किया सभी को भाव विभोर

■ लाखों के पैकेज और प्रतिष्ठित करियर को छोड़ चुना संयम का मार्ग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



संसार की चकाचौंध, सुख-सुविधाओं और सांसारिक मोह-माया को त्यागकर आत्मकल्याण एवं संयम के पथ पर अग्रसर होने वाली पांच दीक्षार्थी बहनों का बड़नगर नगर में भव्य एवं भावपूर्ण स्वागत किया गया। पांचों बहनें आगामी 22 नवंबर को सोनागिरि सिद्धक्षेत्र में श्रमणी गणिनी आर्यिका 105 विशाश्री माताजी के सानिध्य में आर्यिका जैनेश्वरी दीक्षा ग्रहण करेंगी।

इन पांचों बहनों का जीवन परिचय और वैराग्य की भावना समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गई है। खास बात यह है, कि इनमें कोई गोल्ड मेडलिस्ट है, कोई चार्टर्ड अकाउंटेंट, तो किसी ने उच्च शिक्षा प्राप्त कर प्रतिष्ठित करियर की राह चुनी थी।लेकिन सांसारिक उपलब्धियों और लाखों के पैकेज को पीछे छोड़कर सभी ने आत्म कल्याण के मार्ग को अपना जीवन समर्पित करने का संकल्प लिया।

उच्च शिक्षा और प्रतिष्ठित करियर छोड़ चुना वैराग्य का मार्ग दीक्षा की ओर अग्रसर पांचों बहनों की पृष्ठभूमि बेहद प्रेरणादायी है।

सहारनपुर निवासी प्रखरश्री दीदी ने भोपाल में स्कूली शिक्षा प्राप्त करने के बाद अहमदाबाद से एलएलबी की पढ़ाई गोल्ड मेडल के साथ पूरी की। इसके पश्चात उन्होंने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से एलएलएम की उपाधि हासिल की और लंदन में सिविल जज के पद के लिए चयनित हुईं। इतनी बड़ी उपलब्धि के बावजूद उन्होंने सांसारिक जीवन का त्याग कर संयम का मार्ग चुना। महाराष्ट्र के सारंगपुर निवासी रंगोली दीदी चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। उन्होंने लगभग 10 वर्षों तक पेशेवर जीवन में अपनी सेवाएं दीं, लेकिन अंतर्मन में जागे वैराग्य भाव ने उन्हें आध्यात्मिक जीवन की ओर प्रेरित किया। ग्वालियर निवासी सोनम दीदी ने फाइन आर्ट्स में एमए की शिक्षा प्राप्त की है। वहीं भिंड निवासी गिरजा दीदी ने वर्ष 2020 से ही ब्रह्मचर्य व्रत का नियम लेकर संयममय जीवन की दिशा में कदम बढ़ा दिए थे। भिंड निवासी चेतना दीदी ने 12 वीं तक शिक्षा प्राप्त की है,लेकिन आत्मज्ञान एवं आध्यात्मिक चेतना के प्रति उनकी गहरी रुचि और समर्पण अद्वितीय है।

जगह-जगह हुआ स्वागत और बहुमान

चार नवंबर को पांचों दीक्षार्थी बहनों का बड़नगर आगमन हुआ। इस अवसर पर जैन समाज में उत्साह और श्रद्धा का विशेष वातावरण देखने को मिला। शाम को श्री शांतिनाथ मंदिर से भव्य बिनौली यात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई स्वाध्याय भवन पहुंची। श्री शांतिनाथ मंदिर, श्री चंद्रप्रभु मंदिर एवं श्री पार्श्वनाथ मंदिर, सभी जैन महिला मंडल सहित नगर के समस्त जैन परिवारों की ओर से दीक्षार्थी बहनों की गोद भराई की गई।



विद्यालय की 02 बहिनों का युवा उत्सव जिला आगर संभाग स्तर पर चयन

बडौद। श्री महावीर जैन विद्या मंदिर बड़ौद की बहिनों ने खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला आगर मालवा द्वारा आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता स्वरचित कविता पाठ में बहिन परिधि नाहर ने प्रथम स्थान व स्तुति जैन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। नशा मुक्ति पर नुक्कड़ नाटक मंचन में विद्यालय की बहिनों की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । बहिनों की इस उपलब्धि पर विधायक माधव सिंह गेहलोत(मधु भैया), जिलाध्यक्ष भाजपा श्री ओम मालवीय व मंचासीन अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र व शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया गया । जिले से स्थान प्राप्त कर बहिनें संभाग स्तर पर चयनित होने पर बहिनों व उन्हें प्रशिक्षित करने वाले बी.एल.गवली सर और राखी राजपूत दीदी को संस्था अध्यक्ष डॉ. गिरीश भाई शाह, संस्था उपाध्यक्ष अजीत कुमार जैन,संस्था सचिव प्रकाशचंद नाहर, विद्यालय प्रबंधक संतोष जैन व प्राचार्य एस.एस. राजपूत, समिति एवं विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

लोकायुक्त ने महिला एवं बाल विकास अधिकारी एवं सुपरवाइजर को रिश्वत लेते हुए पकड़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़ौद



लोकायुक्त के महानिदेशक योगेश देशमुख के निर्देशन व उप पुलिस महानिरीक्षक लोकायुक्त मनोज कुमार सिंह एवं विपुस्था लोकायुक्त उज्जैन के पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार दीक्षित के मार्गदर्शन में दिनांक 05.11.2026 को लोकायुक्त उज्जैन ने बड़ौद, आगर मालवा में महिला एवं बाल विकास के परियोजना अधिकारी भगतसिंह चौहान एवं सुपरवाइजर जयश्री खींची को 30,000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा।

शिकायतकर्ता बहादुर लोहार ने दिनांक 04.11.2026 को पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त उज्जैन विनोद कुमार दीक्षित को शिकायत की थी की मेरी पत्नी रामू की, महिला एवं बाल विकास परियोजना में सहायिका पद की नियुक्ति हेतु परियोजना अधिकारी भगतसिंह चौहान एवं सुपरवाइजर जयश्री खींची द्वारा 80,000 कि मांग की जा रही थी, आवेदक के निवेदन करने पर परियोजना अधिकारी भगतसिंह चौहान 60,000 रिश्वत राशि लेने पर सहमत हुआ। पहली किश्त 30,000 रुपए लेते आज दिनांक को परियोजना अधिकारी भगतसिंह चौहान एवं सुपरवाइजर जयश्री खींची को रंगे हाथों पकड़ा।

हर्षोल्लास के साथ मनाया दीपोत्सव

अवन्तिका ▸▸ महिदपुर



सेंट जोसेफ कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल महिदपुर में दिपोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ । विद्यालय के संस्था प्रबंधक फादर पोल पारेकाटिल, प्राचार्य सोबी थॉमस सर एवं उपप्राचार्य अनीश थॉमस सर द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । इस अवसर पर छात्रो के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये । कक्षा 11वीं की छात्रा प्रियल पोरवाल ने स्वागत भाषण दिया । विद्यालय के संस्था प्रबंधक फादर पोल पारेकाटिल ने सभी को दीपोत्सव की शुभकामनाएँ दी और अपने उद्बोधन सन्देश में कहा कि हमें एक रहना चाहिए यदि हम एक रहेंगे तो निरंतर प्रगति करेंगे। दीपोत्सव के प्रकाश से स्वयं भी प्रकाशित रहे ओर दूसरों को भी अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाएँ। प्रकाश रुपी ज्योति हृदय में सदैव प्रज्वलित रहे। प्रभु के द्वारा बताए गए सत्य ओर प्रेम के मार्ग पर चलते रहें। प्रबंधक फादर ने सभी को पुनः दीपोत्सव की शुभकामनाएँ प्रेषित की । अंत में मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

जप्त 105 ली.डीजल के विक्रय हेतु समिति गठित

पचोर में जप्त 12 हजार 600 ली. डीजल की होगी नीलामी

अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़।

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा पुलिस थाना पचोर के अपराध क्रमांक 440/24 में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत जप्त किए गए 12 हजार 600 लीटर डीजल के विक्रय के लिए समिति का गठन किया गया।

गठित समिति द्वारा 12 नवम्बर को थाना पचोर परिसर में रखे जप्त डीजल की नीलामी प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। जारी आदेश के अनुसार जब्त डीजल का विक्रय थोक उपभोक्ताओं को किया जाएगा। इसमें लोक परिवहन संचालनकर्ता, औद्योगिक उपयोगकर्ता एवं निर्माण कार्यों में डीजल का उपयोग करने वाले ऐसे उपभोक्ता शामिल हो सकेंगे, जिनके पास डीजल भंडारण की अनुमति एवं सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम उपलब्ध हों। विक्रय से पूर्व डीजल की नापतौल की जाएगी।

कलेक्टर ने पुलिस थाना देहात ब्यावरा के अपराध क्रमांक 232/2025 में भारतीय न्याय संहिता की धारा 287 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत जब्त किए गए 105 लीटर डीजल के विक्रय के लिए समिति का गठन किया। गठित समिति में तहसीलदार ब्यावरा को अध्यक्ष तथा थाना प्रभारी निरीक्षक पुलिस थाना ब्यावरा, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ब्यावरा एवं सहकारिता विस्तार अधिकारी ब्यावरा को सदस्य बनाया गया।

बुकिंग घर पहुंचाने की, 10 दिन बाद सिलेंडर लेने गोदाम पहुंच रहे उपभोक्ता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

त्योहारी सीजन में रसोई गैस की मांग बढने के बीच भारत गैस एजेंसी की कार्यप्रणाली ने उपभोक्ताओं की परेशानी बढा दी है। सिलेंडर बुक कराने के 10 से 12 दिन बाद भी घर तक डिलीवरी नहीं हो रही। मजबूर उपभोक्ताओं को सुबह 7 बजे से ही एजेंसी के बाहर कतार में लगना पड; रहा है। यहां रसीद कटवाने के बाद भी राहत नहीं मिलती, बल्कि सिलेंडर लेने के लिए करीब ४ किलोमीटर दूर स्थित गोदाम तक खुद जाना पडता है। होम डिलीवरी की सुविधा के लिए २० रुपए अतिरिक्त लेने के आरोपों के बीच उपभोक्ताओं को यह भी शिकायत है कि रेगुलेटर, गैस नली और चूल्हे जैसी सामग्री निर्धारित कीमत से अधिक दाम पर बेची जा रही है। बुकिंग के बाद समय पर सिलेंडर नहीं पहुंचना, होम डिलीवरी के नाम पर अतिरिक्त राशि और फिर गोदाम तक की दौड ने एजेंसी की व्यवस्था पर सवाल खडे कर दिए हैं।

सुदर्शन नगर निवासी उपभोक्ता दीपक धनगर ने बताया कि उन्होंने 12 दिन पहले गैस सिलेंडर बुक कराया था, लेकिन अब तक घर पर डिलीवरी नहीं हुई। रसोई गैस की जरूरत पूरी करने के लिए उन्हें मजबूरी में दूसरी जगह से अधिक कीमत पर सिलेंडर खरीदना पडा। उपभोक्ताओं का कहना है कि जब होम डिलीवरी के लिए अतिरिक्त शुल्क लिया जाता है तो फिर घर तक सिलेंडर पहुंचाने की जिम्मेदारी भी एजेंसी को निभानी चाहिए।उपभोक्ताओं का कहना है कि त्योहारी सीजन में रसोई गैस की जरूरत के बीच उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर उपलब्ध कराने के बजाय कतारों और गोदाम के चक्कर लगाने पड रहे हैं।

जांच कराएंगे- अधिकारी

नायब तहसीलदार एवं प्रभारी सहायक आपूर्ति अधिकारी सारंगपुर कपिल शर्मा ने बताया कि भारत गैस एजेंसी द्वारा डायरी अपडेट के नाम पर उपभोक्ताओं से 236 रुपए मांगने की जानकारी मिली है। मामले की जांच कराई जाएगी। वहीं एजेंसी के तुषार राठी ने बताया कि 236 रुपए कंपनी की ओर से हर पांच साल में उपभोक्ता से लिए जाते हैं।

शासकीय महाविद्यालय युवा उत्सव के तहत प्रतियोगिता का आयोजन



बडौद। शासकीय महाविद्यालय बड़ौद उच्च शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार सत्र 2026-27 के युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है ' आज भाषण,रंगोली तथा वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ' प्रभारी डॉक्टर रीना पाटीदार के द्वारा बनाई गयी रुपरेखा के अनुसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया ' कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर मीनल मेहना द्वारा किया गया ' डॉक्टर तुषार गरगे,डॉक्टर रोहित ग्वाला, प्रदीप सैनी, श्री नंदराम सोलंकी, दुर्गा प्रसाद. गोपाल सोलंकी, सुश्री अंजलि अम्बिया एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा '

सरस्वती विद्या मंदिर बड़ौद में दीपसज्जा कार्यशाला सम्पन्न



बडौद। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि. बड़ौद मे छात्राओं में हस्तकलॉ को दृष्टिगत रखते हुए दीपावली उत्सव के पूर्व दीपसज्जा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंम्भ मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला में विद्यालय की कक्षा प्रथमा से द्वादश तक की छात्राओं ने उत्साह से साथ भाग लिया एवं सुंदर-सुंदर दीपको का निर्माण किया गया । इसके पश्चात विद्यालय छात्राओं द्वारा निर्मीत दीपकों की प्रदर्शनी लगाई गई। जिसे विद्यालय के समस्त छात्र/छात्राओं , अभिभावक , आचार्य/दीदी ने देखा। कार्यशाला संस्था प्राचार्य नारायणसिह मल्डावदीया के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई । कार्यशाला में वरिष्ठ आचार्य मुकेशराव धुले , ईश्वरशर्मा एवं संगीता अटल ने सहयोग प्रदान किया।

बड़नगर में अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग की कोटवालों के साथ संयुक्त बैठक



बड़नगर। आबकारी विभाग उज्जैन द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध अभियान को प्रभावी बनाने एवं सूचना तंत्र को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बड़नगर में कोटवारों के साथ संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में संवाद से समाधान, सहभागिता से सुशासन के मंत्र पर जोर दिया गया। बैठक में एसडीएम धीरेंद्र पाराशर, आबकारी विभाग से निधि जैन, तहसीलदार रुपाली जैन सहित आबकारी विभाग के अधिकारियों द्वारा अवैध मदिरा से संबंधित सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान, स्थानीय स्तर पर सतर्कता एवं जनसहभागिता पर चर्चा की गई। सशक्त सूचना तंत्र, सक्रिय जनसहभागिता और समन्वित प्रयास से अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी पहल की जाएगी। ग्राम स्तर पर प्रशासन की पहुंच को और प्रभावी बनाने की दिशा में यह बैठक महत्वपूर्ण रही।

अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई, 8 प्रकरण दर्ज

ब्यावरा-राजगढ़ । राजगढ़ जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, धारण, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा विभिन्न संदिग्ध स्थलों, होटल एवं ढाबों पर दबिश देकर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत 6 आपराधिक प्रकरण दर्ज किए गए। ये प्रकरण ग्राम गाडिया, अंबेडकर नगर, पीपल्यपाल एवं छापीहेड़ा में कायम किए गए। इसी प्रकार खुजनेर रोड स्थित मां काली ढाबा पर धारा 36 के तहत 2 प्रकरण दर्ज किए गए। कार्रवाई के दौरान लगभग 18.36 बल्क लीटर मदिरा जब्त कर आबकारी विभाग के कब्जे में ली गई तथा प्रकरणों में विवेचना की जा रही है। आबकारी विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। इसके तहत संदिग्ध स्थलों की सघन तलाशी, रात्रिकालीन गश्त, रोड चेकिंग एवं आबकारी केंद्रों पर सतत निगरानी रखी जाएगी।

दीपोत्सव पर्व का शुभारंभः पांच दिन मनेगा दीपावली का महापर्व

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



दीपावली या दिवाली जिसे रोशनी का त्योहार भी कहा जाता है, हिंदुओं का एक प्रमुख त्योहार है। यह पूरे भारत में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। यह त्योहार खुशी, समृद्धि और सुख-शांति का प्रतीक है। इस दिन लोग अपने घरों को दीपक, लाइट से सजाते एवं नए कपड़े पहनते हैं। एक-दूसरे को उपहार देकर स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेते हैं। दिवाली की शुरूआत धनतेरस से हो जाती है और समापन भाई दूज पर होता है। दीपावली का मुख्य पर्व यानी महालक्ष्मी पूजा हिन्दू पंचांग के अनुसार कार्तिक मास की अमावस्या तिथि को होती है। इस बार दीपावली का महापर्व 5 दिनों का ही है। पर्व को लेकर बाजार दुल्हन की तरह सज चुका है।

7 नवंबर, शनिवार नरक चतुर्दशी / छोटी दिवाली
8 नवंबर, रविवार दीपावली महापर्व, श्री महालक्ष्मी-गणेश पूजन
10 नवंबर, मंगलवार गोवर्धन पूजा / अन्नकूट
11 नवंबर, बुधवार भाई दूज / भैया दूज का पर्व मनाया जाएगा।

दीपावली मिलन तथा गोवर्धन पूजा 9 नवंबर को

महिदपुर रोड। इस बार दीपावली मिलन समारोह पडवी गोवर्धन पूजा के संशय को दूर करते हुए नगर के व्यापारियों सामाजिक संस्थाओं धार्मिक स्थान के प्रमुखों ने सर्वसम्मति से निर्णय लेकर दीपावली के अगले दिन दीपावली मिलन समारोह पडवी तथा गोवर्धन पूजा का आयोजन किये जाने का निर्णय लिया है। पोरवाल समाज के अध्यक्ष बालकृष्ण पोरवाल, संतोष बालकृष्ण विश्वकर्मा ब्राह्मण पत्रकार गोपाल उपाध्याय, सखी ग्रुप के संयोजिका सपना कामरिया 24 अवतार ग्रुप की प्रमिला रणछोड़ त्रिवेदी ब्रा ह्मण समाज महिला मंडल की हे मलता उपाध्याय राम मंदिर के पुजारी पंडित पुरुषोत्तम भट्ट गणेश मंदिर के पुजारी पंडित बद्री लालशर्मा ज्योतिष आचार्य पंडित ओम प्रकाश शर्मा के अनुसार नगर वासियो व्यापारियों कर्मचारी आम लोगों के हितों को दृष्टिगत रखते हुए गोवर्धन पूजा तथा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन 9 नवंबर सोमवार को आयोजित किया जाएगा।

पांच पीढ़ियों से पुश्तैनी हुनर को सहेज रहे अकोदिया के कुम्हार परिवार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया

दीपावली का पावन पर्व नजदीक आते ही बाजारों में हलचल बढ़ गई है और घर-आंगन को रोशन करने वाले मिट्टी के दीयों की मांग भी तेज होने लगी है। जब इन पारंपरिक दीयों की लौ हमारे घरों में जगमगाती है, तो उसके साथ सदियों पुरानी भारतीय संस्कृति और परंपराएं भी जीवंत हो उठती हैं। लेकिन इन छोटे-छोटे दीयों के पीछे छिपा होता है कुम्हार समाज के परिवारों का पीढ़ियों का संघर्ष, कड़ी मेहनत और अद्भुत हुनर। अकोदिया नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रजापति (कुम्हार) समाज के ऐसे कई परिवार हैं, जो पिछले पांच पीढ़ियों से मिट्टी को सुंदर आकार देकर लोगों के त्योहारों में उज्ज्वाला बिखेर रहे हैं।

समय के बदलाव के साथ बाजार बदला और दीये बनाने के तौर-तरीके भी आधुनिक हुए, लेकिन इन परिवारों ने अपनी पुश्तैनी कला का साथ नहीं छोड़ा। आज भी राधाकिशन प्रजापति, रूपसिंह प्रजापति, नारायण, पृथ्वी सिंह, जगदीश और रामप्रसाद जैसे



कई समर्पित कारीगर इस परंपरा को पूरी निष्ठा के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। इनके हाथों से तैयार मिट्टी के कलात्मक दीये, मटके, मूर्तियां, हवन कुंड, गुल्लक और धूपदानी बाजारों तक पहुंच रहे हैं। चाक पर मिट्टी का ढेला रखते ही कारीगरों की उंगलियों का जादू साफ दिखाई देने लगता है।

इस पुश्तैनी कारोबार में अब चुनौतियाँ और लागत दोनों बढ़ गई हैं। कारीगर बताते हैं कि पहले वे गधों के जरिए पास से ही मिट्टी ढोकर ले आते थे, जिससे लागत नाममात्र होती थी।

दीपावली केवल रोशनी का त्योहार नहीं, बल्कि अपनी संस्कृति और स्थानीय हुनर को सहेजने का भी पर्व है। इस त्योहार पर यदि प्रत्येक नागरिक स्थानीय कारीगरों से मिट्टी के दीये खरीदता है, तो इन मेहनतकश परिवारों की आजीविका को मजबूत सहारा मिलेगा। हमारे घर की देहरी पर जलने वाला मिट्टी का एक छोटा सा दीया किसी कुम्हार के घर में भी उम्मीद और खुशियों की रोशनी ला सकता है।

बच्चों को फोन से रखें दूर क्रिएटिव आईडिया खत्म करेंगे आपकी टेंशन



बच्चों को स्मार्टफोन से दूर रखने के लिए अपनाएं कुछ खास क्रिएटिव एक्टिविटीज। यह लेख किचन गार्डनिंग, पुरानी टी-शर्ट से बैग बनाने और विंड चाइम्स जैसे आसान आइडियाज प्रस्तुत करता है, जो बच्चों में रचनात्मकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं।

माओं की वो पुरानी सिरदर्दी कि आखिर बच्चों को दिन भर कैसे संभालें? इस परेशानी से बचने के लिए अक्सर महिलाएं बच्चों के हाथ में फोन थमा देती हैं, जो कि सबसे आसान लेकिन सबसे गलत रास्ता है। हमें यह समझने की जरूरत है कि ये छुट्टियां स्क्रीन पर स्क्रॉल करने के लिए नहीं, बल्कि कुछ नया सीखने के लिए हैं। लेकिन सवाल वही है कि आखिर फोन नहीं तो फिर क्या? आज के इस आर्टिकल में हम आपके लिए कुछ ऐसी दिलचस्प एक्टिविटीज लेकर आए हैं, जो न सिर्फ आपके बच्चों को फोन की लत से दूर रखेंगी, बल्कि उनकी क्रिएटिविटी को भी एक नई उड़ान देंगी।

बच्चों से माफी मांगने से नहीं घटता अधिकार

आज के समय सबसे जरुरी हो गया बेहतर पेरेंटिंग अनुभव देना। गौरतलब है कि हर माता-पिता की यह चाहत होती है कि उनका बच्चों के साथ मजबूत,दोस्तना और भरोसमंद रिश्ता जरुर कायम रहे, लेकिन एक समय ऐसा भी होता है पेरेंट्स आपा खोकर अपने बच्चे को चिल्लाने या डांटने लगते हैं। अक्सर काम से थके हुए व तनाव के चलते माता-पिता गुस्से में अपने बच्चों को पीट देते हैं, जो कि बिल्कुल सही नहीं है। जिससे बच्चे जिद्दी हो जाते है। कई बार माता-पिता के मन में यह डर बना रहता है कि यदि अगर वे बच्चे से माफी मांगेंगे, तो उनका दबदबा कम हो जाएगा या बच्चा उन्हें कमजोर समझेगा।

घर पर बनाएं खूबसूरत विंड चाइम्स



विंड चाइम्स बनाना न केवल मजेदार है, बल्कि यह बच्चों की कल्पना शक्ति को भी बढ़ाता है। इसे बनाने के लिए आपको बस घर में पड़ी कुछ पुरानी चीजों की जरूरत है।

सामग्रीः एक पुरानी लकड़ी की छड़ी या स्टील का घेरा, रंगीन धागे, पुरानी चाबियां, कंचे, या कोल्ड ड्रिंक के ढक्कन और कुछ मोती।

कैसे बनाएंः सबसे पहले लकड़ी की छड़ी को रंगों से सजाएं। अब अलग-अलग लंबाई के धागे लें और उनमें चाबियां या ढक्कन बांध दें। इन धागों के बीच-बीच में रंगीन मोती पिरोएं ताकि ये दिखने में आकर्षक लगें। आखिर में इन धागों को मुख्य छड़ी से बांध दें। जब हवा चलेगी और इन चीजों के टकराने से मीठी आवाज आएगी, तो बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

किचन गार्डनिंग



बच्चों को प्रकृति से जोड़ने के लिए किचन गार्डनिंग एक शानदार तरीका है। इससे वे धैर्य और जिम्मेदारी सीखते हैं।

कैसे शुरू करें: बच्चों को छोटे गमले या घर के पुराने डिब्बे दें। उनमें मिट्टी भरकर धनिया, पुदीना या मेथी के बीज बोने को कहें। रोज सुबह पौधों को पानी देने की जिम्मेदारी उनकी होगी। जब वे अपनी मेहनत से छोटा सा पौधा उगता देखेंगे, तो उनका उत्साह फोन की गेम से कहीं ज्यादा होगा।

पुरानी टी-शर्ट से बनाएं ट्रेंडी टोट बैग

अगर आपके घर में बच्चों की कुछ पुरानी टी-शर्ट्स पड़ी हैं, जिन्हें वे अब नहीं पहनते, तो उन्हें फेंकने के बजाय उनका नया इस्तेमाल करना सिखाएं।

कैसे बनाएं: टी-शर्ट की आस्तीन और गले वाले हिस्से को काटकर अलग कर दें। अब नीचे के खुले हिस्से में छोटे-छोटे कट लगाकर पट्टियां बना लें और उन्हें आपस में मजबूती से बांध दें। बस, बिना सिलाई के आपका स्टाइलिश झोला तैयार है। इसे बच्चे अपनी छोटी-मोटी चीजें रखने या सामान लाने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं।

कौन कितना करीब है? इस खेल से समझें अपने बच्चे के दिल का हाल



अगर आप चुपचाप जानना चाहते हैं कि आपका बच्चा परिवार के हर सदस्य के बारे में वास्तव में क्या महसूस करता है, तो सीधे सवाल पूछने के बजाय उसके साथ एक आसान खेल खेल सकते हैं। बच्चों से सीधे पूछने पर अक्सर उनकी असली भावनाएं सामने नहीं आतीं। जैसे अगर आप 6 साल के बच्चे से पूछें, ₹क्या तुम पापा से प्यार करते हो?₹ तो वह आमतौर पर ₹हां₹ कहेगा। इसके बाद दादी या आंटी के बारे में पूछने पर भी उसका जवाब ₹हां₹ ही हो सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि बच्चा छोटी उम्र से समझ जाता है कि सही जवाब है कि वह सभी से प्यार करता है, वरना मां नाराज हो सकती हैं।

बच्चे के साथ खेलें 'सपनों का घर'

बच्चे की भावनाओं को समझने के लिए एक अलग तरीका अपनाया जा सकता है। बच्चे से कहें, ₹चलो एक जादुई घर बनाते हैं, जिसमें तुम बड़े होने के बाद रहोगे। यह बहुत बड़ा घर होगा और इसमें 10 कमरे होंगे। तुम तय करोगे कि किस कमरे में कौन रहेगा। लेकिन इसमें सिर्फ सबसे जरूरी लोगों के लिए जगह होगी।₹ इसके बाद बच्चे को एक खाली कागज और पेंसिल दें। कागज पर एक बड़ा आयत बनाकर उसे 10 कमरों में बांट दें। इसके बाद बच्चे को कोई और संकेत न दें और चुपचाप देखें कि वह किसे घर में जगह देता है और किसे कहां रखता है।

घर के कमरों से क्या पता चल सकता है?

इस खेल के अनुसार घर में कौन आया, किसे कहां जगह मिली और कौन किसके साथ रहता है, इन तीन बातों पर ध्यान दिया जा सकता है। अगर बच्चा किसी रिश्तेदार, जैसे दादी, दादा या आंटी को घर में जगह ही नहीं देता, तो यह उनके बीच भावनात्मक दूरी का संकेत माना जा सकता है। वहीं, बच्चा खुद को जिन लोगों के पास रखता है, उनके साथ वह ज्यादा जुड़ाव महसूस कर सकता है।

Sport

बैडमिंटन में ऐसा करने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी

तन्वी पत्री ने यूथ ओलंपिक्स में सिल्वर जीता

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत की बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी पत्री ने यूथ ओलंपिक गेम्स में महिला सिंगल्स में सिल्वर मेडल जीता है। 15 साल की तन्वी इस इवेंट में सिल्वर जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनी हैं। सेनेगल के डकार में गुरुवार को खेले गए फाइनल में तन्वी को चीन की मौजूदा वर्ल्ड जूनियर चैंपियन झांग यी शिन ने 21-15, 13-21, 24-26 से हराया। 1 घंटे 22 मिनट चले मुकाबले में तन्वी ने 5 मैच प्वाइंट बचाए और 3 बार गोल्ड जीतने के करीब पहुंचीं।

पहला गेम (21-15): शुरूआत में तन्वी ने लय हासिल करने में थोड़ा समय लिया। वे एक समय 3-5 से पिछड़ रही थीं। इसके बाद उन्होंने लगातार 7 पॉइंट जीतकर 10-5 की बढ़त बना ली। पंच टॉस और नेट पर शानदार खेल के दम पर तन्वी ने 25 मिनट में पहला गेम 21-15 से जीत लिया। दूसरा गेम (13-21): तन्वी ने दूसरे गेम की शुरूआत भी अच्छी की और 4-0 की बढ़त बना ली। हालांकि, कोर्ट पर हवा के बहाव (ड्रिफ्ट) के कारण उनके शॉट्स पर कंट्रोल



प्रभावित हुआ। मिड-गेम इंटरवल के बाद झांग ने खेल पर पकड़ बनाई और 21-13 से गेम जीतकर मुकाबला 1-1 से बराबर कर दिया।

तीसरा गेम (24-26): निर्णायक गेम में झांग ने क्रॉस-कोर्ट ड्रॉप शॉट्स से तन्वी को परेशानी में डाला और 19-10 की बढ़त बना ली।

जयपाल मालवीय ने शूटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में जीता सिल्वर

मध्यप्रदेश के जयपाल मालवीय ने शूटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में सिल्वर जीत लिया है। उन्होंने गुरुवार को कतर की राजधानी दोहा में चल रही क्रररऋवर्ल्ड चैंपियनशिप के पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में यह उपलब्धि हासिल की। जयपाल ने फाइनल में 242.2 पॉइंट हासिल कर दूसरा स्थान पाया। चीन के हू काई ने 243.9 पॉइंट के साथ गोल्ड जीता। दोनों के बीच सिर्फ 1.7 पॉइंट का अंतर रहा। चेक रिपब्लिक के जिंदरिच डुबोवी 220.9 पॉइंट के साथ तीसरे स्थान पर रहे। जयपाल के इस प्रदर्शन के साथ भारत को लॉस एंजिलिस ओलिंपिक 2028 के लिए शूटिंग का पहला कोटा भी मिल गया। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि ओलिंपिक में जयपाल ही भारत को रिप्रेजेंट करेंगे। कोटा देश के नाम होता है, खिलाड़ी के नाम नहीं। यानी भारत को इस इवेंट में ओलिंपिक के लिए एक जगह मिल गई है। इस जगह पर कौन खिलाड़ी उतरेगा, इसका फैसला भारतीय शूटिंग महासंघ की चयन प्रक्रिया और तय ट्रायल के आधार पर होगा। इस मेडल की अहमियत सिर्फ मेडल टैली तक सीमित नहीं है। जयपाल ने भारत को लॉस एंजिलिस ओलिंपिक 2028 के लिए 10 मीटर एयर पिस्टल में एक कोटा दिलाया है। नियमों के मुताबिक, दोहा वर्ल्ड चैंपियनशिप के 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष फाइनल में टॉप-3 देशों को एक-एक कोटा मिला। हू काई ने चीन, जयपाल ने भारत और डुबोवी ने चेक रिपब्लिक के लिए यह स्थान हासिल किया।

रोनाल्डो का इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। 41 साल के रोनाल्डो ने गुरुवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नवंबर के इंटरनेशनल ब्रेक के बाद वह पुर्तगाल की नंबर-7 जर्सी टीम को लौटा देंगे।

रोनाल्डो का सफर 20 अगस्त 2003 को कजाकिस्तान के खिलाफ शुरू हुआ था। तब वह सिर्फ 18 साल के थे। अगले 23 साल में उन्होंने पुर्तगाल के लिए 234 मैच खेले और सबसे ज्यादा 146 गोल किए। उनके नाम 46 असिस्ट भी दर्ज हैं। असिस्ट का मतलब है गोल करने वाले खिलाड़ी को आखिरी पास देना। रोनाल्डो ने वीडियो में कहा कि राष्ट्रीय टीम के साथ मैदान पर मेरा सफर खत्म हो रहा है। मैं गर्व के साथ विदा ले रहा हूं। मैंने पुर्तगाल के लिए अपना सब कुछ दिया। उन्होंने यह भी कहा कि पीछे मुड़कर देखने पर उन्हें सिर्फ मैच, गोल, रिकॉर्ड और ट्रॉफियां याद नहीं आतीं, बल्कि वे लोग याद आते हैं जिन्होंने इस सफर को खास बनाया।

रोनाल्डो ने 2006 में जर्मनी में अपना पहला वर्ल्ड कप खेला था। इसके बाद वह 2010, 2014, 2018, 2022 और 2026 के टूर्नामेंट में भी पुर्तगाल की टीम का हिस्सा रहे। इस तरह उन्होंने लगातार 6 वर्ल्ड कप खेले। वह छह अलग-अलग वर्ल्ड कप में गोल करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी भी बने।

आवश्यकता है
मुंबई में केटरिंग काम के लिए अनुभवी, बिना अनुभवी, लड़के और लड़कियां चाहिए। आयु सीमा 18 से 35 तक रहना फ्री।
संपर्क
9004092475
8452956707

आवश्यकता है
होटल में सफाई व रूम सर्विस दिन और रात के लिए।
हिमालया गेस्ट हाउस
बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन
9669890245



आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762



आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

नैनो न्यूज

- **क्रिस्टियानो रोनाल्डो का संन्यास:** पुर्तगाल के महान फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने 41 साल की उम्र में इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास की घोषणा कर दी है।
- **भारत ने जीती एशियन चैंपियंस ट्रॉफी:** भारत ने फाइनल मुकाबले में जापान को पेनल्टी शूटआउट में 4-1 से हराकर पुरुष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया है।
- **सैफ चैंपियनशिप में भारत की जीत:** भारतीय फुटबॉल टीम (बी टीम) ने सैफ चैंपियनशिप के रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान को 3-2 से मात दी है, जिसमें सुहैल भट ने शानदार प्रदर्शन किया।
- **शूटिंग में भारत को ओलंपिक कोटा:** निशानेबाज जयपाल मालवीय ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप की पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीतकर 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए भारत का पहला कोटा पक्का किया है।
- **तन्वी पात्री का इतिहास:** 15 साल की तन्वी पात्री ने यूथ ओलंपिक के महिला बैडमिंटन के फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया है और वे गोल्ड मेडल जीतने वाली पहली भारतीय बन सकती हैं।

कॉनवे भारत के खिलाफ बाकी वनडे सीरीज से बाहर

ट्रेनिंग के दौरान सिर में लगी चोट; निक केली को टीम में जगह

एजेंसी ▸▸ वेलिंगटन

भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के बीच न्यूजीलैंड को झटका लगा है। टीम के ओपनर डेवोन कॉनवे सिर की चोट (कन्कशन) के कारण बाकी बचे चारों मुकाबलों से बाहर हो गए हैं। मंगलवार को पहले वनडे से ठीक पहले ट्रेनिंग सेशन के दौरान उनके सिर में चोट लगी थी। इसके बाद उन्हें ऑकलैंड के मेडिकल सेंटर के इमरजेंसी विभाग में ले जाया गया था।

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने गुरुवार को कॉनवे के सीरीज से बाहर होने की पुष्टि की। बाएं हाथ के बल्लेबाज निक केली को उनकी जगह टीम में शामिल किया गया है। केली शुक्रवार को वेलिंगटन में टीम से जुड़ेंगे और शनिवार को होने वाले दूसरे वनडे के लिए चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कॉनवे के रिप्लेसमेंट के तौर पर निक केली को टीम



में शामिल किया है। केली को पहले ही सीरीज के चौथे और पांचवें वनडे के लिए टीम में चुना गया था। अब वे बाकी मैचों के लिए भी टीम का हिस्सा होंगे।

मैट हेनरी को मेडिकल क्लीयरेंस, दूसरे वनडे में खेल सकते हैं

ट्रेनिंग के दौरान कॉनवे और तेज गेंदबाज मैट हेनरी आपस में टकरा गए थे। इसके बाद हेनरी की भी कन्कशन जांच की गई। न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुताबिक, उनकी जांच रिपोर्ट सामान्य रही है और मेडिकल टीम ने उन्हें खेलने की मंजूरी दे दी है। निक केली के मुख्य वनडे टीम में शामिल होने के बाद ऑकलैंड एसेज के बल्लेबाज डेल फिलिप्स को न्यूजीलैंड अ टीम में जगह दी गई है। फिलिप्स भारत अ के खिलाफ शनिवार से शुरू होने वाले आखिरी चार दिवसीय अनऑफिशियल टेस्ट मैच में खेलेंगे।

न्यूज कॉलम

सड़क किनारे बने चबूतरे पर मोर की मौत

धार। शहर के पास ग्राम जेतपुरा में शुक्रवार को राष्ट्रीय पक्षी मोर मृत अवस्था में मिला। मोर तेजाजी मंदिर के सामने सड़क किनारे बने चबूतरे पर पड़ा था। उसे मृत हालत में देखकर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने शुरूआत में उसे पानी पिलाकर बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद वन विभाग को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची टीम मोर को अपने साथ ले गई। जानकारी के अनुसार, ग्राम जेतपुरा में तेजाजी मंदिर के सामने सड़क किनारे बने चबूतरे पर ग्रामीणों ने मोर को पड़ा देखा था।

कपास की आड़ में गांजे की खेती 1.03 करोड़ की फसल जब्त

टांडा। कपास की फसल के बीच गांजे के पौधे उगा रखे थे। टांडा पुलिस ने ग्राम जाली में दबिश देकर खेत से गांजे के 1,134 हरे पौधे जब्त किए। इनका कुल वजन 518.335 किलोग्राम है। जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 1 करोड़ 3 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने खेत में गांजे की खेती कर रहे ग्राम जाली निवासी भंगड़ा कटारा को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी अपने कपास के खेत में गांजे की खेती कर रहा है। इस पर थाना प्रभारी निरीक्षक बलदेवसिंह मुजाल्दा की टीम ने खेत में दबिश दी।

राज्य स्तरीय ताइक्वांडो में धार के खिलाड़ियों ने जीते चार पदक

धार। ग्वालियर में 1 से 4 नवंबर तक आयोजित 70वीं राज्य स्तरीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर चार पदक जीते। अंडर-19 बालक-बालिका वर्ग की प्रतियोगिता में इंदौर संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए धार के चार खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक हासिल किए। बालिका वर्ग के अंडर-52 किलोग्राम भार वर्ग में सौम्या भदौरिया ने 15-12, 11-5 और 10-7 के अंतर से मुकाबले जीतकर स्वर्ण पदक हासिल किया।

अथर्व ने हासिल किया एरिना इंटरनेशनल मास्टर खिताब



फिडे से मिले तीन अंतरराष्ट्रीय टाइटल 100 से ज्यादा टूर्नामेंट में ले चुके हिस्सा

धार। युवा शतरंज खिलाड़ी अथर्व दशोरा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। अथर्व ने विश्व शतरंज संघ (फिडे) की ओर से दिया जाने वाला एरिना इंटरनेशनल मास्टर (एआईएम) का खिताब हासिल किया है। यह उनकी शतरंज यात्रा की अब तक की बड़ी उपलब्धि है। अथर्व अब तक 100 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा ले चुके हैं। इनमें 11 अंतरराष्ट्रीय, 30 से अधिक राष्ट्रीय और 40 से अधिक राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं शामिल हैं। वर्ष 2026 में ही अथर्व ने 10 से 15 टूर्नामेंट में भाग लिया है। गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और राजस्थान में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उन्होंने अपनी प्रतिभा दिखाई। इसके अलावा एसजीएफआई टूर्नामेंट में इंदौर अंचल का प्रतिनिधित्व भी किया है। अथर्व को फिडे की ओर से अब तक तीन अंतरराष्ट्रीय एरिना टाइटल मिल चुके हैं। इनमें सबसे पहले एरिना कैंडिडेट मास्टर (एसीएम), इसके बाद एरिना फिडे मास्टर (एएफएम) और अब एरिना इंटरनेशनल मास्टर (एआईएम) का खिताब शामिल है। इन तीनों में एआईएम उनका सबसे ऊंचा खिताब है।

नैनो न्यूज

- **इंदौर में 3.17 हेक्टेयर जमीन को आईडीए अधिग्रहण से मिली मुक्ति,** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने निरंजनपुर गांव की 3.176 हेक्टेयर जमीन को इंदौर विकास प्राधिकरण की योजना क्रमांक 114 पार्ट-2 के अधिग्रहण से मुक्त घोषित किया है।
- **पीथमपुर में 452 करोड़ से विकसित हो रहा इंडस्ट्रियल सेक्टर-7-** औद्योगिक क्षेत्र सेक्टर-7 के विकास के लिए एमपीआईडीसी ने लगभग 452 करोड़ रुपये की योजना बनाई है। लैंड पूलिंग मॉडल के तहत जमीन मालिकों को विकसित कमर्शियल और रेसिडेंशियल प्लॉट दिए जा रहे हैं।
- **इंदौर में 25 एकड़ जमीन पर बनेगा नया कंटेनर डिपो-** पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र के नजदीक लगभग 25 एकड़ जमीन पर नया इनलैंड कंटेनर डिपो विकसित करने की योजना है।
- **इंदौर में औद्योगिक जमीन पर कंपनी का 18 करोड़ का निवेश-** डी एंड एच इंडिया ने मोहना इंडस्ट्रियल पार्क में 70,094 वर्गमीटर लीजहोल्ड औद्योगिक जमीन खरीदने के लिए 18 करोड़ रुपये का समझौता किया है।

आरएसएस की बैठक के बाद डेली कॉलेज में नया विवाद, पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह ने बोर्ड को ई-मेल भेजा

प्रतिमा और राजनीतिक आयोजनों पर उठाए सवाल, महापौर ने दिया जवाब

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के प्रतिष्ठित डेली कॉलेज में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी मंडल की बैठक के बाद नया विवाद खड़ा हो गया है।

कॉलेज के बोर्ड मेंबर और कांग्रेस सरकार में पूर्व ऊर्जा मंत्री रहे प्रियव्रत सिंह खिंची ने कॉलेज परिसर में राजनीतिक और वैचारिक संगठनों के आयोजनों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने बोर्ड को लंबा ई-मेल भेजकर आरएसएस की बैठक, स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा लगाने की तैयारी और संस्थान की नीतियों पर आपत्ति जताई है। मामले में इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कांग्रेस और प्रियव्रत सिंह पर निशाना साधा है। इसके बाद कॉलेज का मामला राजनीतिक बहस का विषय बन गया है।



सितंबर में भी उठाया था मुद्दा, बैठक के मिनट्स पर आपत्ति- प्रियव्रत सिंह ने सितंबर में भी बोर्ड को पत्र लिखकर इन मुद्दों पर आपत्ति जताई थी। बोर्ड की बैठक में भी उन्होंने अपनी बात रखी थी। हालांकि, बाद में जारी बैठक के मिनट्स में उनकी आपत्तियों को पूरी तरह शामिल नहीं किया गया। इस पर उन्होंने ई-मेल के जरिए नाराजगी जाहिर की है।

आरोप- आरएसएस के आयोजन के लिए बदला एकेडमिक कैलेंडर- प्रियव्रत सिंह ने आरोप लगाया कि आरएसएस के आयोजन के लिए कॉलेज का पूरा एकेडमिक कैलेंडर बदल दिया गया और हॉस्टल भी खाली कराया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लंबे समय तक सत्ता में रही, लेकिन डेली कॉलेज में कभी राजनीतिक आयोजन नहीं कराया गया। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के कार्यकाल का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन भी पचमढ़ी में आयोजित किया गया था। उनका तर्क है कि शैक्षणिक संस्थानों को राजनीतिक और वैचारिक गतिविधियों से दूर रखा जाना चाहिए। अब इस पूरे विवाद में कॉलेज प्रबंधन का आधिकारिक जवाब और बोर्ड का रुख महत्वपूर्ण होगा।

प्रियव्रत बोले- कॉलेज की अपनी अलग पहचान, फैसलों से न हो समझौता

प्रियव्रत सिंह ने ई-मेल में लिखा है कि डेली कॉलेज का करीब 150 साल पुराना गौरवशाली इतिहास है। संस्थान की अपनी शैक्षणिक और सार्वजनिक पहचान रही है। उनके मुताबिक, परिसर में पहले कभी किसी तरह की मूर्ति नहीं लगाई गई थी। देवी अहिल्या की प्रतिमा को मंजूरी मिलने से पहले यहां केवल सर हेनरी डेली की प्रतिमा थी। उन्होंने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा लगाने की तैयारी पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि इस तरह के फैसलों से संस्थान की निष्पक्षता और मूल पहचान प्रभावित हो सकती है।

राजनीतिक आयोजनों के लिए लिखित नीति बनाने की मांग

पूर्व मंत्री ने कॉलेज परिसर में राजनीतिक कार्यक्रमों, आरएसएस सहित बाहरी संगठनों के आयोजनों और प्रतिमा स्थापना को लेकर स्पष्ट नीति बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इन सभी विषयों पर नियम लिखित रूप में तैयार किए जाएं और बोर्ड से आधिकारिक मंजूरी ली जाए। इसके साथ ही कॉलेज अध्यक्ष और प्रिंसिपल से पूरे मामले में लिखित जवाब भी मांगा है।

दो अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इंदौर की बंटी सिंह ने जीते खिताब

मिसेज एशिया पैसिफिक वर्ल्ड के बाद कॉस्मो 2026 में भी बनीं एलीट विनर, दो बच्चों की हैं मां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर शहर की बंटी सिंह ने सौंदर्य और प्रतिभा से जुड़े दो प्रतिष्ठित मंचों पर सफलता हासिल कर इंदौर का नाम रोशन किया है। उन्होंने मिसेज एशिया पैसिफिक वर्ल्ड 2026 में एलीट श्रेणी का खिताब जीतने के बाद दिल्ली में आयोजित वीआरपी प्रोडक्शंस के मिस, मिसेज एंड मिस्टर इंडिया इंटरनेशनल कॉस्मो 2026 में भी एलीट विनर का खिताब अपने नाम किया।

बंटी सिंह की इस उपलब्धि को उनकी मेहनत, आत्मविश्वास और दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम माना जा रहा है। परिवार और कामकाज की जिम्मेदारियां निभाने के साथ उन्होंने अपने सपनों को भी प्राथमिकता दी।

उनका सफर उन महिलाओं के लिए प्रेरणा है, जो पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच अपनी प्रतिभा और पहचान को आगे बढ़ाना चाहती हैं। बंटी सिंह के दो बच्चे भी हैं।

कार्यक्रम के दौरान एशिया पैसिफिक वर्ल्ड की डायरेक्टर निरुपमा सिन्हा वर्मा और प्रिया सिंह शुक्ला तथा वीआरपी प्रोडक्शंस की डायरेक्टर एम. ऋतु राव भी मौजूद रहीं। आयोजकों ने कहा कि इन मंचों का उद्देश्य प्रतिभाशाली महिलाओं को अपनी क्षमता दिखाने और पहचान बनाने का अवसर देना है। बंटी सिंह ने अपनी सफलता पर कहा कि उनके लिए ये दोनों खिताब सिर्फ जीत नहीं, बल्कि खुद पर विश्वास बनाए रखने का परिणाम हैं। हर महिला में प्रतिभा होती है, जरूरत उसे पहचानने और सही मंच मिलने की है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे परिस्थितियों के कारण अपने सपनों को अधूरा न छोड़ें और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें।

बुर्ज खलीफा जैसी डिजिटल लाइटिंग से जगमगाया इंदौर का घर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

दीपावली रोशनी का पर्व है। इस मौके पर लोग अपने घरों और प्रतिष्ठानों को आकर्षक लाइटिंग से सजाते हैं। दुबई के बुर्ज खलीफा पर होने वाली भव्य रोशनी से प्रेरित होकर इंदौर में भी एक घर को डिजिटल लाइटिंग से सजाया गया है। घर पर भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता की छवियों के साथ डिजिटल आतिशबाजी और दीपावली के शुभकामना संदेश प्रदर्शित किए जा रहे हैं। यह सजावट कॉलोनी में लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

ड्यूटी खत्म कर घर पहुंचे हेड कॉन्स्टेबल की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मल्हारगंज थाना क्षेत्र में रहने वाले एक पुलिसकर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, मृतक संजय (38), पिता नाथूसिंह अजनार, निवासी चौथी पल्टन, पलासिया थाने में हेड कॉन्स्टेबल के पद पर पदस्थ थे। बताया जाता है कि शुक्रवार सुबह नाइट शिफ्ट खत्म होने के बाद संजय पलासिया थाने से घर पहुंचे थे। तभी अचानक उन्हें घबराहट के साथ सीने में तेज दर्द हुआ। घर पर पत्नी और दो बच्चे मौजूद थे। उन्होंने तुरंत रिश्तेदारों को इसकी जानकारी दी और संजय को अस्पताल लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर उन्हें एमवाय अस्पताल रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

कारोबारी का बेटा कोकीन के साथ पकड़ाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जूनी इंदौर पुलिस ने एक युवक को 30 हजार रुपए की कोकीन के साथ पकड़ा है। उसके पास से मर्सिडीज कार भी जब्त की गई है। वहीं, क्राइम ब्रांच ने एक होटल रिसेप्शनिस्ट को 11 ग्राम एमडी (मेफेड्रोन) के साथ गिरफ्तार किया है। जूनी इंदौर पुलिस ने गुरुवार को कल्प काकरिया को गिरफ्तार किया। बिचौली मर्दाना निवासी कल्प काकरिया कर्बला मैदान के पास घूमता हुआ पुलिस को दिखाई दिया था। बीट के जवानों को उस पर संदेह हुआ।

दिलजीत दोसांझ के इंदौर कॉन्सर्ट को महापौर की हरी झंडी

पुष्यमित्र भार्गव ने कहा-किसी को बेवजह परेशान न करें, ई-मेल मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



पंजाबी सिंगर और अभिनेता दिलजीत दोसांझ के इंदौर में प्रस्तावित कॉन्सर्ट को लेकर मिल रही धमकियों के बीच महापौर पुष्यमित्र भार्गव का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि इंदौर में दिलजीत का शो अच्छे से आयोजित हो, इसके लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए हैं। साथ ही स्पष्ट किया कि किसी को भी अकारण और बेवजह परेशान नहीं किया जाना चाहिए।

दरअसल, दिलजीत दोसांझ का 15 नवंबर को इंदौर के उ-21 ग्राउंड पर कॉन्सर्ट प्रस्तावित है। इससे पहले महापौर कार्यालय और शहर के तीन निजी स्कूलों को धमकी भरे ई-मेल मिले थे। इन ई-मेल में कॉन्सर्ट के दौरान बम धमाके करने की चेतावनी दी गई थी। स्कूलों को छात्रों को कार्यक्रम में नहीं भेजने की धमकी भी दी गई थी।

महापौर कार्यालय और 3 स्कूलों को मिले धमकी भरे ई-मेल- धमकी भरे ई-मेल मिलने के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई थीं। तीनों स्कूलों में बम निरोधक दस्ते ने जांच की, हालांकि वहां कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। पुलिस की शुरूआती जांच में ई-मेल फर्जी होने की आशंका जताई गई है। क्राइम ब्रांच ई-मेल भेजने वालों की पहचान करने के लिए तकनीकी जांच कर रही है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भी धमकी भरे ई-मेल पुलिस कमिश्नर को भेजे थे। अब उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कार्यक्रम के आयोजन में अनावश्यक बाधाएं न आएं और सभी व्यवस्थाएं नियमानुसार की जाएं।

डबल टैक्सेशन पर भी महापौर ने स्थिति स्पष्ट की

दिलजीत के शो को लेकर डबल टैक्सेशन का मुद्दा भी सामने आया था। इस पर महापौर ने कहा कि इस विषय को स्पष्ट कर दिया गया है। जो एजेंसी वर्तमान में काम कर रही है, उसे नए नियमों और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ही काम करना होगा। यदि पुरानी एजेंसी ने पैसे जमा नहीं किए हैं तो उसके खिलाफ अलग से कार्रवाई की जाएगी।





किराये से देना है - होम स्टे
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पास, 5 डबल बेड, गद्दे, चादर सहित, पंखा, एसी, पार्किंग, WiFi कैमरे।
बेचना है - कार ब्रीजा मॉडल-2022, पेट्रोल/सीएनजी, फर्स्ट ऑनर
आवश्यकता - कम्प्यूटर ऑपरेटर महिला (पार्ट टाईम/फुल टाईम)
संपर्क करें
महाकाल इंजीनयरिंग सर्विसेस
20, सिद्धीविनायक कॉम्प्लेक्स (बेसमेंट), शहीद पार्क, फ्रीगंज, उज्जैन
सुबह 11.30 से 3 बजे तक
7000813134, 8109731365, 9425091176

आवश्यकता है
(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम9
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संकर्प करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्प्लेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749



जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटनें मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)



मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com